e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 11, अंक 170
रविवार
23.06.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
हो सकता है कि आप में योग्यता दूसरों से कम हो, लेकिन हार न मानने की योग्यता आपको उनसे अलग बनाती है।

ताजा खबरों के लिए देखें






## क्विक न्यूज

### अवैध रेत खनन के मामले में सीबीआई ने राजस्थान के दस प्रमुख शहरों में की छापेमारी, नकदी और हथियार बरामद

**नई दिल्ली** : अवैध रेत खनन के मामले में सीबीआई ने जयपुर, जोधपुर और बीकानेर समेत राजस्थान के 10 प्रमुख शहरों में छापेमारी की। तलाशी के दौरान केंद्रीय जांच ब्यूरो ने 20 लाख रुपये नकद और एक देशी पिस्तौल बरामद की है।सीबीआई के अधिकृत सूत्रों के मुताबिक आज शनिवार की सुबह इन शहरों में तलाशी अभियान शुरू किया था, वह अभी भी जारी है। सीबीआई द्वारा अवैध रेत खनन का मामला हाथ में लेने के बाद यह उसकी दूसरी छापेमारी है। इसके पहले सीबीआई ने बजरी माफियाओं पर कार्रवाई के तहत बूंदी में छापेमारी की थी।उल्लेखनीय है कि उच्च न्यायालय ने चंबल और बनास नदियों के आस-पास क्षेत्र में अवैध रेत खनन मामले में छापेमारी के लिए सीबीआई को दिशा निर्देश दिया है। यह कार्रवाई उसी का हिस्सा है।

### रेलवे 1250 मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों में लगाएगा अतिरिक्त कोच, यात्रियों को मिलेगी राहत

**मुरादाबाद** : रेल यात्रियों को सुविधा युक्त यात्रा के लिए 1250 मेल और एक्सप्रेस रेलगाड़ियों में अतिरिक्त कोच लगाएगा। केंद्र सरकार मेल और एक्सप्रेस ट्रेन में सामान्य श्रेणी कोच (जनरल कोच) की संख्या बढ़ाने जा रही है। मुरादाबाद रेल मंडल के एक अधिकारी ने बताया कि इसके तहत 2500 सामान्य कोच का अतिरिक्त उत्पादन करने का फैसला किया गया है। इससे सामान्य बोगियों में सालाना अतिरिक्त 18 करोड़ से अधिक यात्री सफर कर सकेंगे। बीते महीनों में सोशल मीडिया पर स्लीपर व सामान्य श्रेणी कोच में भारी भीड़ के वीडियो वायरल होने के मामले का रेल मंत्रालय ने संज्ञान लिया है। तीन दिन पूर्व रेलवे बोर्ड ने मंगलवार की बैठक में 2500 सामान्य श्रेणी के अतिरिक्त कोच उत्पादन का फैसला किया है।

### बीएसएफ ने सीमा पर पकड़ा 2.48 करोड रुपये का सोने का बिस्कुट

**कोलकाता** : नदिया जिले में भारत बांग्लादेश सीमा पर तैनात सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की टीम ने 2.48 करोड़ रुपये के सोने के बिस्कुट के साथ तीन तस्करों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। बीएसएफ के दक्षिण बंगाल सीमांत के जनसंपर्क अधिकारी डीआईजी ए के आर्य ने शनिवार शाम इस बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नदिया जिले के बोर्नबेरिया सीमा चौकी के पास बीएसएफ के जवानों ने पुख्ता सूचना के आधार पर तीन तस्करों को हिरासत में लेकर तलाशी ली। उनके पास से सोने के 30 बिस्किट बरामद हुए जिसका वजन 3.4 किलो और बाजार मूल्य दो करोड़ 48 लाख 49 हजार 920 रुपये है। ये दो बाइक और एक देशी ठेला के अंदर इस सोने को छिपकर तस्करी के प्रयास में थे। इनकी पहचान रोहन दास, अर्नव कर्मकार और छोटन के रूप में हुई है। तीनों नदिया जिले के ही रहने वाले हैं। इनसे पूछताछ कर इनके अन्य साथियों के बारे में पता लगाने की कोशिश की जा रही है।

### महिलाओं को सहकारी समितियों में 33 प्रतिशत आरक्षण का निर्णय ऐतिहासिक मुख्यमंत्री धामी

**देहरादून** : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सहकारी समितियों में राज्य की महिलाओं को 33 प्रतिशत पद आरक्षित के मंत्रिमंडल के निर्णय को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में राज्य सरकार की ये बड़ी पहल है।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि मातृशक्ति का सम्मान हमारी परम्परा रही है। हमारी सरकार महिला सशक्तिकरण पर पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है।

### रांची का तापमान

अधिकतम 38°
न्युनतम 27°

---

नीट पेपर लीक मामला : बिहार पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी, केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय भी गंभीर

# देवघर से छह आरोपी अरेस्ट

**19 लोगों को पुलिस इस मामले में अब तक गिरफ्तार कर चुकी है.**

**13 आरोपियों को बिहार और 6 को झारखंड के देवघर से गिरफ्तार किया गया है.**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : नीट पेपर लीक मामला इओयू को बड़ी कामयाबी मिली है.

बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध ईकाई ने पेपर लीक करने के बाद उसका प्रिंट निकलवाकर अभ्यर्थियों तक पहुंचने वाले आरोपी पिंटू को झारखंड के देवघर से गिरफ्तार कर लिया है. जानकारी के मुताबिक पकड़ा गया आरोपी पिंटू बिहार के नालंदा का रहने वाला है. उसने चिंटू के कहने पर प्रिंट आउट निकाला था. पेपर लीक सरगना संजीव मुखिया के नेटवर्क में पिंटू और चिंटू शामिल हैं.

चिंटू को भी देवघर से गिरफ्तार किया गया है. पुलिस के मुताबिक दोनों को खेमनीचक वाले सेफ हाउस के बारे में जानकारी थी. संजीव मुखिया को किसी प्रोफेसर ने सबसे पहले प्रश्न पत्र भेजा, जिसे चिंटू और पिंटू ने मिलकर अभ्यर्थियों तक पहुंचाया.

ये पेपर सॉल्वर के जरिए सवालों के जवाब हल कर 5 मई की सुबह अभ्यर्थियों को दिया गया. चिंटू की भी गिरफ्तारी देवघर से हुई है. इसके अलावा काजू, अजीत और राजीव की भी गिरफ्तारी देवघर से की गई है. चिंटू और पिंटू की गिरफ्तारी से इओयू नए राज खोल पाएगी. पुलिस इस मामले में अब तक कुल 19 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है.

13 आरोपियों को बिहार और 6 को झारखंड के देवघर से गिरफ्तार किया गया है.

### संजीव मुखिया है गैंग सरगना

अब तक की जांच में यह बात सामने आई है कि सबसे पहले प्रश्न पत्र संजीव मुखिया को किसी प्रोफेसर ने मोबाइल पर नीट का पेपर भेजा था. लर्न प्ले स्कूल एंड ब्वॉयज हॉस्टल में पटना और रांची के एमबीबीएस स्टूडेंट भी मौजूद थे, जिन्होंने बतौर सॉल्वर नीट पेपर में पूछे गए प्रश्नों का उत्तर लिखा. यह आंसर उन अभ्यर्थियों को दिया गया, जिनसे पैसे लिए गए थे.इओयू ने पेपर लीक करने वाले संजीव मुखिया की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी तेज कर दी है. पटना, नालंदा, गया, नवादा जिले की पुलिस को अलर्ट किया गया है. नगरनौसा के शाहपुर स्थित संजीव मुखिया के पैतृक गांव में भी पुलिस की दबिश है. संजीव मुखिया के खिलाफ इश्तहार और कुर्की जब्ती की प्रक्रिया पर भी पुलिस आगे बढ़ेगी.



### नीट पेपर लीक मामले में हजारीबाग से भी जुड़े हैं तार

नीट पेपर लीक मामले में एक और बड़ा खुलासा हुआ है, जिसके बारे में कहा जा रहा है कि हजारीबाग के एक सेंटर से सबसे पहले पेपर लीक हुआ था।जानकारी के मुताबिक पटना में जो जली हुई प्रश्न पत्र की बुकलेट बरामद की गई है, उसके आधार पर पता चला है कि हजारीबाग के सेंटर से पेपर लीक हुआ था। नीट पेपर लीक के आरोपी सिकंदर यादवेंद्र ने कबूल किया है कि उसने 30 से 32 लाख रुपए में अमित आनंद और नीतीश कुमार से उसने पेपर खरीदा था। फिर उसने समस्तीपुर के अनुराग यादव, दानापुर पटना के आयुष कुमार, गया टूट के शिवनंदन कुमार और रांची के अभिषेक कुमार को वह पेपर 40-40 लाख रुपए में बेचा था। पटना के रामकृष्णा नगर में नीट परीक्षा से एक रात पहले 4 मई को पेपर इन चारों अभियर्थियों को रात भर रटवाया गया था।

### पेपर लीक पर लगाम लगाने के लिए हुआ हाई लेवल कमेटी का गठन



**नई दिल्ली:** शिक्षा मंत्रालय की ओर से पेपर लीक से बचन के लिए लगतार कदम उठाए जा रहे हैं। इस बीच शनिवार को एक उच्च स्तरीय कमेटी का गठन किया गया है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के पूर्व प्रमुख के. राधाकृष्णन के नेतृत्व में इस कमेटी का गठन किया गया है। के. राधाकृष्णन को इस कमेटी का अध्यक्ष बनाया गया है, जबकि इस कमेटी में छह अन्य लोग भी शामिल होंगे। बता दें कि आए दिन पेपर लीक के मामले सामने आ रहे थे, जिसके बाद सरकार ने नए कानून की अधिसूचना भी जारी की है।

वहीं अब पेपर लीक की घटनाओं को रोकने के लिए कमेटी का भी गठन कर लिया गया है। मंत्रालय के उच्च शिक्षा विभाग ने कहा कि सात लोगों की ये समिति परीक्षा की प्रक्रियाओं में सुधार, डेटा सुरक्षा प्रोटोकॉल में सुधार और एनटीए के स्ट्रक्चर पर काम करेगी। इसके साथ ही समिति 2 महीने के अंदर शिक्षा मंत्रालय को अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। इस हाई लेवल समिति के चेयरमैन के रूप में इसरो के पूर्व चेयरमैन डॉ. के. राधाकृष्णनन कार्यभार संभालेंगे। शिक्षा मंत्रालय की ओर से गठित की गई उच्च स्तरीय समिति के अध्यक्ष एवं सदस्य इस प्रकार हैं- डॉ. के. राधाकृष्णन (अध्यक्ष) पूर्व अध्यक्ष, इसरो और अध्यक्ष बीओजी, आईआईटी कानपुर। डॉ. रणदीप गुलेरिया (सदस्य), पूर्व निदेशक, एम्स दिल्ली, प्रो. बीजे राव (सदस्य) कुलपति, सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ हैदराबाद, प्रो. राममूर्ति के. (सदस्य) प्रोफेसर एमेरिटस, सिविल इंजीनियरिंग विभाग, आईआईटी मद्रास, श्री पंकज बंसल (सदस्य) सह-संस्थापक, पीपल स्ट्रॉन्ग और बोर्ड सदस्य-कर्मयोगी भारत, प्रो. आदित्य मित्तल (सदस्य) डीन स्टूडेंट अफेयर्स, आईआईटी दिल्ली और गोविंद जायसवाल (सदस्य) संयुक्त सचिव, शिक्षा मंत्रालय (भारत सरकार)।

## सीएम चंपाई सोरेन 23 को घाटशिला में करेंगे परिसंपत्तियों का वितरण



**मुख्यमंत्री के प्रस्तावित आगमन को लेकर जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल एवं वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल द्वारा प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों की ब्रीफिंग कर सुरक्षा एवं विधि व्यवस्था संधारण को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए साथ ही कार्यक्रम स्थलों का निरीक्षण किया गया।**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर** : राज्य के मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन द्वारा 23 जून को घाटशिला के मउभण्डार स्थित ताम्र प्रतिभा मंच मैदान में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभुकों के बीच परिसंपत्ति वितरण व योजनाओं का शिलान्यास तथा पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बुरुडीह डैम का अवलोकन किया जाएगा। साथ ही पावड़ा में आयोजित माझी परगना महाल के सम्मेलन में शिरकत करेंगे। मुख्यमंत्री के प्रस्तावित आगमन को लेकर जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल एवं वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल द्वारा प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों की ब्रीफिंग कर सुरक्षा एवं विधि व्यवस्था संधारण को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए साथ ही कार्यक्रम स्थलों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से विधायक घाटशिला रामदास सोरेन मौजूद रहे।।इस दौरान जिले के वरीय पदाधिकारियों ने घाटशिला के मऊभंडार स्थित कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण के साथ-साथ पावड़ा में माझी परगना महाल सम्मेलन स्थल एवं बुरुडीह डैम का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लेते हुए मुख्यमंत्री के दौरे के दौरान सुरक्षा और विधि व्यवस्था को लेकर महत्वपूर्ण निर्देश दिए।कार्यक्रम स्थलों का निरीक्षण के क्रम में साफ-सफाई, गणमान्य व्यक्तियों एवं लाभुकों के बैठने की व्यवस्था, पेयजल, शौचालय की सुविधा, चिकित्सा सहायता, एंबुलेंस सेवा और आवश्यकतानुसार बैरिकेडिंग की समीक्षा कर दिशा निर्देश दिए।

## भारत-बांग्लादेश के बीच हुए 10 अहम समझौते


**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** भारत और बांग्लादेश ने शनिवार को समुद्री क्षेत्र और समुद्री अर्थव्यवस्था में संबंधों को बढ़ावा देने सहित कई समझौतों पर हस्ताक्षर किए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बांग्लादेशी पीएम शेख हसीना के बीच व्यापक बातचीत के बाद समझौतों को अंतिम रूप दिया गया। दोनों पक्षों द्वारा हस्ताक्षर किए गए इन समझौतों में डिजिटल डोमेन में संबंध मजबूत करने और हरित साझेदारी को लेकर एक समझौता भी शामिल है। दोनों देशों के बीच रेलवे संपर्क बढ़ाने के समझौते पर भी हस्ताक्षर किए गए। समझौतों के बाद मीडिया से बात करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने बयान में कहा कि,आज हमने नए क्षेत्रों में सहयोग के लिए भविष्य का विजन तैयार किया है। हरित भागीदारी, डिजिटल भागीदारी, समुद्र आधारित अर्थव्यवस्था और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों में सहयोग पर बनी सहमति से दोनों देशों के युवाओं को फायदा होगा। भारत ने बांग्लादेश के नागरिकों को मेडिकल ई-वीजा की सुविधा देने का एलान किया है।

## मैनहर्ट घोटाला मामले में हाई कोर्ट ने सुरक्षित रखा फैसला

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : झारखंड हाई कोर्ट में मैनहर्ट घोटाला मामले में एंटी करप्शन ब्यूरो में दर्ज पीई की रिपोर्ट अब तक नहीं आने एवं मामले में एफआईआर दर्ज नहीं होने को लेकर दायर विधायक सरयू राय की याचिका की सुनवाई शनिवार को हुई। मामले में कोर्ट ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया है।कोर्ट ने याचिकाकर्ता की अधिवक्ता से पूछा कि जब आपको यह पता था कि मैनहर्ट को रांची में सीवरेज ड्रेनेज के डीपीआर काम दिए जाने में वित्तीय गड़बड़ी हुई है, तो फिर आपने थाने में प्राथमिकी क्यों नहीं दर्ज कराया? आप सिविल कोर्ट में शिकायतवाद भी दर्ज करा सकते थे लेकिन आपने विजिलेंस ब्यूरो में शिकायत कर मामले को छोड़ दिया। पूर्व की सुनवाई में कोर्ट के आदेश के आलोक में एसीबी के एसपी सशरीर उपस्थित हुए थे। उनकी ओर से पीई की रिपोर्ट कोर्ट में प्रस्तुत की गई थी। याचिकाकर्ता ने कोर्ट को बताया था कि दिसंबर 2020 में इस मामले को लेकर एसीबी ने पीई दर्ज की थी लेकिन मामले में प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई।सरयू राय ने मैनहर्ट को रांची में सीवरेज ड्रेनेज के डीपीआर का कार्य दिए जाने में 21 करोड़ रुपये के घोटाले का आरोप लगाया था।




## कांटाटोली फ्लाईओवर का काम हर हाल में 31 जुलाई तक समाप्त करें : अरवा राजकमल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव अरवा राजकमल ने जुडको के अधिकारियों को निर्देश दिया है कि शहरी पेयजलापूर्ति की योजनाओं के तहत जिनका काम 70 से 80 प्रतिशत तक पूरा हो गया है, उनसे जलापूर्ति शुरू करा दी जाये बशर्ते जलशोधन संयंत्र और इंटेक वेल बन गया हो। वे शनिवार को जुडको के सभागार में योजनाओं की समीक्षा कर रहे थे।।राजकमल ने निर्देश दिया कि कांटाटोली फ्लाईओवर का काम हर हाल में 31 जुलाई तक समाप्त कर अगस्त के प्रथम सप्ताह में उद्घाटन कराया जाये। उन्होंने रांची के रविंद्र भवन का भी काम अगस्त माह के अंत तक पूरा करने का निर्देश दिया। योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं के समधान के लिए स्थानीय उपायुक्तों एवं अन्य विभागों के साथ समन्वय बनाकर काम में तेजी लाने का भी निर्देश दिया। सचिव ने कहा कि शहरी प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुकों को आवास लेने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से निकायों में आवास मेला लगाया जाये।राजकमल ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग से समन्वय स्थापित कर आदित्यपुर की भांति रांची, मानगो, धनबाद एवं गिरिडीह की पेयजलापूर्ति संचालन के लिए जुडको को हैंडओवर लेने का आदेश दिया। सचिव ने कहा कि रांची पेयजलापूर्ति फेज -एक के राइजिंग पाइप बिछाने के लिए वैकल्पिक मार्ग पर काम शुरू कर यथासंभव पेयजलापूर्ति शुरू की जाये। रांची में जहां जहां फ्लाईओवर नहीं बन रहा हो वहां पथ निर्माण विभाग से बात कर वहां फुटओवर ब्रिज बनाने की दिशा में पहल करने का आदेश दिया।



### हज यात्रा कर वापस लौटे यात्रियों का एयरपोर्ट पर हुआ स्वागत

**लखनऊ (एजेंसी):** उत्तर प्रदेश के लखनऊ में अमौसी स्थित अडाणी एयरपोर्ट पर हज कर वापस आये 298 यात्रियों का स्वागत हुआ। एयरपोर्ट पर राज्य हज समिति के अध्यक्ष और सदस्य हज कमेटी ऑफ़ इण्डिया मोहसिन रजा ने हज से लौटे लोगों को गुलाब का फूल देकर स्वागत किया। वहीं पसमांदा मुस्लिम समाज के नेताओं ने गुलाब जल छीड़ककर अपनी ओर से स्वागत किया।




प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
पलामू/गढ़वा
रांची, रविवार, 23 जून 2024 | पेज 2

# व्यक्तित्व के विकास के लिए जरूरी है योग : अविनाश देव

## संत मरियम विद्यालय में उत्साह के साथ मना अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** 10 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भारत ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में पूरे धूमधाम से योग दिवस मनाया गया। दुनिया भर से योगाभ्यास के कई तस्वीर वीडियो देखने को मिली हालांकि योगाभ्यास हमें योग दिवस के ही दिन नहीं बल्कि दिनचर्या में लाना हमारे मन, मस्तिक, शरीर के लिए काफी लाभप्रद है। इसी बीच अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर नावाटोली स्थित संत मरियम आवासीय विद्यालय में भी पतंजलि योगपीठ के योग प्रशिक्षक राजीव शरण जी के नेतृत्व में योगाभ्यास किया गया। हालांकि संत मरियम आवासीय विद्यालय में प्रतिदिन छात्रवासी बच्चों को योगाभ्यास तो कराया जाता है, लिहाजा उन्हें प्रतिदिन सीमित समय के लिए ही योगाभ्यास कराया जाता है लेकिन योग दिवस के अवसर पर यह अभ्यास शिथिलीकरण अभ्यास, ग्रीवा चालन, स्कंच संचालन, कटि, चालान, घुटना संचालन, ताड़ासन, वृक्षआसन, पादहस्तासन, आर्च चक्रासन, त्रिकोणासन, भद्रासन, बजासन, अर्थ उष्ट्रासन, उष्ट्रासन सहित योग के विभिन्न योगाभ्यास विशेष रूप से संपन्न हुआ, तथा सभी लोगों ने संकल्प लिया कि प्रतिदिन योगाभ्यास करेंगे और अपने मन मस्तिष्क को स्वस्थ रखेंगे। मौके पर विद्यालय के चेयरमैन श्री अविनाश देव ने योग के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा की समग्र एवं संतुलित व्यक्तित्व के विकास के लिए योगाभ्यास जरूरी है। यह बिना किसी लागत के तन-मन की राहत प्रदान करता है। यह तन के संयोजन व मन के परिष्करण में सहायक है। वर्तमान समय के भागदौड़ भरी जिंदगी में योग के लिए समय निकालना आवश्यक है। तमाम बंधनों वर्जनाओं को तोड़ योग आज दुनिया भर में लोकप्रिय हो रहा है। भारतीय योग दर्शन के जनक महर्षि पतंजलि की ओर से इस वसुधा को प्रदत यह एक अनमोल उपहार है। स्वास्थ व सुकून के लिए इसे साल में एक दिन नहीं बल्कि हर दिन अपनाया जाना चाहिए। ताकि मन मस्तिष्क को सबल व सुदृढ़ कर जीवन के चुनौतियों, प्रतिकूलताओं तथा विषमताओं का सामना कर सके।

## निरोग जीवन के लिए योग को अपनाएं : उपायुक्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस में मौके पर जिला आयुष समिति एवं जिला स्वास्थ्य समिति के संयुक्त तत्वावधान में टाउन हॉल के मैदान में जिला स्तर पर योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त शेखर जमुआर, पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय, पतंजलि योगपीठ प्रतिनिधिगण, आयुष समिति के प्रतिनिधियों आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।मौके पर पतंजलि योग समिति के योग गुरु सत्यनारायण दुबे, अंजलि साश्वत, चंचला सिंह के द्वारा सभी को योग के फायदे बताए गए। कार्यक्रम में संबोधित करते हुए उपायुक्त ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर कई महत्वपूर्ण बातें कहीं एवं स्वस्थ्य शरीर के लिए योग की भूमिका अहम बताया। उन्होंने आमजनों से अपील करते हुए अपने दिनचर्या जीवन में योग को जोड़ने को कहा। जिससे स्वास्थ्य शरीर एवं निरोग जीवन की प्राप्ति हो सके। कार्यक्रम के अंत में गढ़वा जिला को नशामुक्त रखने को लेकर सभी से संकल्प एवं शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा, अपर समाहर्ता मतियस विजय टोप्पो, अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा विजय कुमार, सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार सहित पुलिस के जवान एवं स्कूली बच्चों ने भाग लिया।

## नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमी फाइनल मैच में टंडवा के टीम ने रेड इलेवन को 6 विकेट से हराया



**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रमना प्रखंड मुख्यालय स्थित हाई स्कूल के मैदान में खेले जा रहे रमना टी -10 लीग नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमी फाइनल मैच में टंडवा के टीम ने रेड इलेवन को 6 विकेट से हराया। इसके पूर्व रेड इलेवन के टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। जिसमें 10 विकेट खोकर 74 रन बनाया। जिसका जवाबी पारी खेलते हुए टंडवा के टीम ने 4 विकेट खोकर अपना लक्ष्य प्राप्त कर लिया। परेलाल ने ताबड़तोड़ 47 रन की बल्लेबाजी के बाद मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। वही दूसरी सेमी फाइनल मैच में आरसीसी रमना ने वनविभाग के टीम को 46 रनों से शिकस्त दी। इसके पूर्व आरसीसी रमना के टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। जिसमे आरसीसी रमना के टीम ने निर्धारित 10 ओवर में 138 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। जिसके जवाबी पारी खेलते हुए वनविभाग के टीम ने निर्धारित ओवर में 4 विकेट खोकर मात्र 92 रन पर सिमट गई। जिसमे गौरव को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। मौके पर कई क्रिकेट प्रेमी मौजूद थे।

## ससुराल आए युवक ने फांसी लगाकर किया आत्महत्या

**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रमना थाना क्षेत्र के सिलीदाग गड़ाई टोला निवासी मानदेव राम के दामाद वीरेंद्र कुमार ककेला ने अपने ससुराल में रस्सी से लटक कर आत्महत्या कर लिया है। अनराज नवाडीह जड़गड़ गांव निवासी बिरेंद्र कुमार अकेला रमना के सिलिदाग ग्राम में अपने ससुराल आया हुआ था। सूचना पा कर रमना पुलिस मौके पर पहुच कर मृतक के शव को कब्जे में लेकर आत्महत्या के कारणों की जांच में जुट गई है।प्राप्त जानकारी के अनुसार बिरेंद्र कुमार अकेला रमना थाना क्षेत्र के सिलीदाग गड़ाई टोला निवासी मानदेव राम के यहां चार दिन पूर्व अपने ससुराल आया था। इसके क्रम में बीती रात अपने ससुराल में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। इधर मृतक के पिता ने आवेदन देकर जांच कर करवाई की मांग की है।

## वन विभाग में अवैध पत्थर लदा ट्रैक्टर किया जब्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भवनाथपुर :** उत्तरी वनक्षेत्र क्षेत्र से वनकर्मियों ने अवैध पत्थर लदे दो ट्रैक्टर को जप्त किया। दोनों ट्रैक्टर के विरुद्ध वन अधिनियम के तहत प्राथमिक की दर्ज करते हुए कार्रवाई की जा रही है। भवनाथपुर उत्तरी वन क्षेत्र के सलगा सुरक्षित वन क्षेत्र से शुक्रवार कि शाम अवैध पत्थर उत्खनन कर परिवहन किये जाने की सूचना पर वनरक्षी अनिल गिरी के नेतृत्व में राहुल सिंह, सुनील राय, अनूप सिंह, सचित कच्छप व अन्य वनकर्मियों ने सलगा सुरक्षित वन क्षेत्र में छापामारी की, जहां से अवैध पत्थर लदे ट्रैक्टर को जप्त किया। वनरक्षी अनिल गिरी ने बताया कि अवैध पत्थर लदा ट्रैक्टर भिखारी यादव का है। उक्त ट्रैक्टर को बरडीहा थाना को सुपुर्द कर दिया गया है। थाने से जब्त ट्रैक्टर को भवनाथपुर वनक्षेत्र कार्यालय में लाया जाएगा। जबकी दुसरा शनिवार को मकरी सुरक्षित वन क्षेत्र से अवैध पत्थर लदा ट्रैक्टर को जब्त कर वनक्षेत्र कार्यालय लाया गया है। वनरक्षी राहुल सिंह को सुचना मिली कि मकरी सुरक्षित वन क्षेत्र से अवैध पत्थर उत्खनन व परिवहन किया जा रहा है। सुचना पर राहुल सिंह के नेतृत्व में सुनिल राय,सचित कच्छप, अनुप सिंह व अन्य वन कर्मी मकरी सुरक्षित वन क्षेत्र में छापामारी कर अवैध पत्थर लदा ट्रैक्टर को जब्त कर भवनाथपुर वनक्षेत्र कार्यालय लाया। वनरक्षी राहुल सिंह ने बताया कि जब्त ट्रैक्टर गडेरियाडिह के लाल बिहारी राम का है। दोनो ट्रैक्टर के विरुद्ध कार्रवाई किया जा रहा है।

## आजसू पार्टी की नगर मंडल कमेटी गठित, दीनदयाल बने अध्यक्ष



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** आजसू पार्टी गढ़वा नगर मंडल की बैठक तिवारी रेस्ट हाउस के सभागार में जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जबकि कार्यक्रम का संचालन पार्टी के जिला प्रधान सचिव त्रिपुरारी सिंह ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से नगर मंडल कमेटी का गठन किया गया जिसमें दीनदयाल पासवान को अध्यक्ष मनोनित किया गया। गठित कमिटि में अध्यक्ष दीनदयाल पासवान के अतिरिक्त प्रधान सचिव रतन केसरी, सचिव जावेद खान, सचिव विशाल कुमार चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष गौतम शर्मा, उपाध्यक्ष राजन रजक, उपाध्यक्ष नईम अंसारी, कोषाध्यक्ष अभिषेक कुमार कश्यप, प्रवक्ता मोहम्मद एकराम, कार्यकारिणी सदस्य विजय कुमार गुप्ता, बबन कुमार, पप्पू चंद्रवंशी, विकास चंद्रवंशी, अहमद राजा, विजय प्रसाद, सूरज सोनी, पंकज रजक, पंकज गुप्ता, छोटू पासवान एवं उत्तम प्रसाद केसरी के नाम शामिल हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पार्टी जिलाध्यक्ष दीपक शर्मा ने कहा कि आजसू पार्टी ने लड़कर लिया है झारखंड। वर्तमान मौजूदा सरकार में झारखंड को गर्त में धकेल दिया है। ऐसे में आजसू पार्टी का दायित्व बढ़ जाता है और हम नौजवान एक-एक कड़ी को जोड़कर एक बड़ा संगठन का निर्माण करेंगे और आने वाले विधानसभा चुनाव में चुनाव जीतकर सुदेश कुमार महतो जी को मुख्यमंत्री बनाएंगे। तभी जाकर निर्मल महतो के सपनों का झारखंड बना सकेंगे। प्रधान सचिव त्रिपुरारी सिंह ने कहा कि आज पूरा सरकार भ्रष्टाचार में लिप्त है। यहां की सरकार केवल और केवल अपना घर भरने में लगी हुयी है। राज्य की जनता बेबश और लाचार हैं। ऐसे में सरकार को सबक सिखानी ही होगी। नवनिर्वाचित नगर मंडल अध्यक्ष दीनदयाल पासवान ने कहा कि पार्टी ने जो हमारे कंधे पर जिम्मेवारी दी है उसे मैं पूरी निष्ठा पूर्वक निर्वहन करुंगा। संगठन को गढ़वा नगर परिषद क्षेत्र के हर वार्ड में मजबूत कर एक सशक्त संगठन बनाऊंगा। ताकि आने वाला समय में सुदेश महतो जी के हाथों को मजबूत किया जा सके।

## नाराज ग्रामीणों ने मुख्य सड़क पर बह रहे गंदे पानी का किया विरोध



**भवनाथपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उच्च विद्यालय के समीप मुख्य पथ पर सुदामा प्रसाद के द्वारा अपने घर का गंदा पानी मुख्य सड़क पर बहाने से नाराज़ ग्रामीणों ने बीडीओ नंद जी राम को आवेदन देकर कार्रवाई करने की मांग की है। बीडीओ को दिये आवेदन में आशुतोष लाल, रविन्द्र विश्वकर्मा, जसीमुद्दीन अंसारी, रामबाबू विश्वकर्मा, विरेन्द्र विश्वकर्मा आदि ने कहा है कि सुदामा प्रसाद अपने घर का गंदा पानी मुख्य सड़क पर बहाते है। जिस कारण आने जाने वाले लोगों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। मना करने पर मानते नहीं है। बीडीओ से गंदा पानी को मुख्य सड़क पर बहाने से रोकने की मांग की है।

## योग दिवस पर नगर मंडल भाजपा द्वारा योग कार्यक्रम आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** भाजपा नगर मंडल गढ़वा द्वारा मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप के नेतृत्व में योग दिवस के अवसर पर योग कार्यक्रम किया गया। वार्ड न 16 संघत मुहल्ला शिव मंदिर के प्रांगण में भाजपा नेता विनय चन्द्रवंशी के द्वारा योग कराया गया एवं योग के बारे में जानकारी दिया गया। कार्यक्रम में मुख्यरूप से उपस्थित भाजपा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो ने कहा योग करने से शरीर स्वस्थ रहता है तथा अन्य बीमारियों से बचा जा सकता है। इसलिए सभी लोगों को नियमित योग करना चाहिए। मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप ने कहा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरा भारत आज के दिन योग करता है और मोदी जी के द्वारा योग को बढ़ावा दिया गया है। आज के दिन योग दिवस के रूप में हम सभी मनाते हैं और पूरा भारत नहीं पूरा विश्व योग करके स्वस्थ है। कार्यक्रम में भाजपा ओबीसी जिला महामंत्री रविंद्र जायसवाल, संतोष कश्यप, गिरधारी सोनी, विशाल गुप्ता, चंदन मालाकार, शुभम केसरी, मृत्युंजय सोनडीक, शुभम गुप्ता, सोमनाथ सोनी, मनोज महतो, सुरेश अग्रवाल, बबलू कुमार, ललन सोनी, आनंद कश्यप सहित अन्य मोहल्ले वासी उपस्थित थे।

## भाजपाइयों के दोहरे चरित्र को समझ चुकी है पलामू की जनता : रुचिर तिवारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी ने मेदनी नगर जिला मुख्यालय में भाजपाइयों के द्वारा पानी और बिजली देने के नाम पर किया जा रहा प्रदर्शन को हंसी का पत्र बताया। उन्होंने कहा कि देश में विगत 10 वर्षों से मोदी की सरकार है पिछले 5 वर्षों से भाजपा की रघुवर सरकार थी भाजपा के सांसद विधायक यहां तक की मेयर भी भाजपा के लेकिन पानी और बिजली की समस्या उस समय इन लोगों को नजर नहीं आई यह समस्या को जानबूझकर इन्होंने पूरा नहीं किया क्योंकि देश की मोदी सरकार अभी तक आम जनता से 2014 में किया गया एक भी वादा उदाहरण स्वरूप काला धन लाकर सबके खाता में 15 लाख डालने दो करोड़ लोगों को प्रतिवर्ष नौकरी देने जैसे एक भी वादा पूरा नहीं किया इस प्रकार भाजपा की सरकार ने कहा था कि 2024 में हर घर में नल से पानी मिलेगा और 24 घंटा बिजली मिलेगी परंतु कम एक भी नहीं हुआ मंडल डैम से भी पानी देने का सपना अधूरा ही रह गया केवल 10 साल के कार्यकाल में भाजपाइयों ने आम जनता को दिग्भ्रमित कर ताली और थाली बजाने का काम किया, वही रघुवर सरकार ने हाथी उड़वाया और आज जब चुनाव नजदीक आना है तो भाजपा के विधायक सांसद और भाजपा के नेता पानी और बिजली के लिए घड़ियाल आंसू बाहर हैं ऐसे झूठे भाजपाइयों को चुल्लू भर पानी में डूब कर मर जानी चाहिए। जनता उनके इस दिखावे को बखूबी समझ रही है आने वाले झारखंड में होने वाले विधानसभा चुनाव में झारखंड सहित पूरे पलामू जिला से इनको खदेड़ने का काम करेगी।

## विश्व योग दिवस पर ग्रासिम सुरभि ग्राउंड में योग अभ्यास शिविर का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** रेहला ग्रासिम इंडस्ट्रीज के सुरभि ग्राउंड में विश्व योग दिवस के अवसर पर योग शिविर का आयोजन किया गया.शिविर का उद्घाटन इकाई प्रमुख हितेंद्र केशव अवस्थी ने दीप प्रज्वलित कर किया.उन्होंने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की प्राचीन धरोहर है.हम सब के लिए यह अत्यंत गौरव की बात है कि आज यह अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के माध्यम से दुनिया के 200 से अधिक देशों में पहुंच चुकी है.दुनिया भर में लोग इससे होने वाले लाभ को देखकर इसे अपने जीवन शैली का हिस्सा बना रहे हैं। उन्होंने 2024 के अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के थीम स्वयं एवं समाज के लिए योग का जिक्र करते हुए कहा कि योग से मनुष्य का सर्वांगीण विकास होता है। जिसमे शारीरिक, मानसिक विकास के साथ साथ वैचारिक एवं चारित्रिक विकास भी होता है जो किसी भी स्वस्थ एवं सभ्य समाज के निर्माण के लिए आवश्यक है.यह हर उम्र के लोगों के लिए लाभकारी है एवं तनाव व बीमारियों से बचने में भी सहायक है। उन्होंने लोगों को इसे अपने जीवन शैली में शामिल करने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि ग्रासीम आवासीय परिसर में प्रतिदिन योगाभ्यास व प्रशिक्षण नियमित रूप से संचालित हो रहा है। योगाभ्यास में कंपनी के कर्मचारी गण एवं उनके परिजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और इससे अपने साथ साथ दूसरों को भी जोड़ने का संकल्प लिया। योगाभ्यास में आर्ट ऑफ लिविंग के प्रमोद सिंह एवं उनकी टीम ने लोगों को योग का प्रशिक्षण दिया।

## राज्य सरकार जनता को छलने की काम कर रही है : शिवपूजन



**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शनिवार को आजसू पार्टी 39 वां स्थापना दिवस युवाओं को समर्पित बलिदान दिवस के रूप में हुसैनाबाद प्रखंड कार्यालय नहर मोड़ स्थित पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता के आवास पर शहीद निर्मल महतो की तस्वीर पर पुष्पांजलि कर कार्यक्रम कर मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आजसू पार्टी के जिला अध्यक्ष दिलीप चौधरी व संचालन मनोज शर्मा व अक्षय मेहता ने किया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में हुसैनाबाद हरिहरगंज विधान सभा के पूर्व विधायक व आजसू पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष कुशवाहा शिवपूजन मेहता व विशिष्ट अतिथि जिला सचिव जीतेन्द्र विश्वकर्मा, अरविन्द सिंह उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता ने कहा कि आजसू पार्टी की नीति व सिद्धांतो के साथ उत्पति की गई थी। हम सबों को इस पर खरा उतरने की जरूरत है।उन्होंने आगे कहा की आजसू जमीन से जुड़ी पार्टी है।पार्टी झारखण्ड के सभी जाति संप्रदाय के लोगों के हक और अधिकार के लिए सदैव संघर्ष किया है और आगे भी करती रहेंगी। आप तमाम कार्यकर्ताओं गांव मे जाकर जानता के सुख दुख में भागीदारी ले और उनके आवाज बने। उन्होंने ने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा की वर्तमान में झारखण्ड के लोगों की हालात बहुत खराब है. सरकार आज के साथ साथ लोगों के कल भी खराब करने मे जुटी है। भ्रष्टाचार राज्य मे चरम सीमा पर है।

# पंचायत समिति अनुमोदन के बगैर नहीं करें योजना स्वीकृत : प्रमुख चंद्रावती देवी

## पंचायत समिति बैठक में केतार बीडीओ पर लाये गए निंदा प्रस्ताव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** केतार प्रखंड के सभागार कक्ष में शनिवार को पंचायत समिति की बैठक प्रमुख चंद्रावती देवी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस दौरान सभी पंचायत समिति सदस्यों द्वारा पूर्व के बैठक में लिए गए प्रस्ताव का अवलोकन करते हुए उस पर ससमय कार्रवाई करने की बात कही गई। बैठक में प्रमुख चंद्रावती देवी द्वारा कहा गया कि प्रखंड क्षेत्र में संचालित मनरेगा,15वें वित्त की योजना स्वीकृति से पूर्व पंचायत समिति की बैठक में अनुमोदन के लिए भेजें इसके पश्चात ही योजना का क्रियान्वयन कराना सुनिश्चित किया जाए। इस पर प्रखंड कर्मियों द्वारा बताया गया कि अब से जो भी योजनाएं होंगी सरकारी गाइडलाइन के अनुरूप पारदर्शिता तरीके से ग्राम सभा,कार्यकारिणी बैठक में पारित के पश्चात पंचायत समिति बैठक में अनुमोदन के लिए सूची उपलब्ध कराया जाएगा तत्पश्चात अनुमोदन मिलने के उपरांत ही योजना की स्वीकृति दिया जाएगा। इस बैठक में पशुपालन विभाग,पीएचडी विभाग एवं बैंक के कर्मियों की अनुपस्थिति पर स्पष्टीकरण मांगने की बात कही गई। साथ ही बीडीओ सह अंचल पदाधिकारी सावित्री कुमारी पर दाखिल खारिज मे लापरवाही बरतने एवं प्रखंड क्षेत्र के ग्रामीणों के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों से दुर्व्यवहार एवं बदसलू की किए जाने को लेकर निंदा प्रस्ताव लाये गए। ज्ञात हो की पंचायत समिति के बैठक में सदस्यों द्वारा लाये गए प्रस्ताव को पंचायत समिति के रजिस्टर में न लिख कर के अलग पेपर में रफ किया गया था जिससे प्रमुख सहित सभी सदस्यों ने नाराजगी जताई तत्पश्चात मामला बिगड़ता देख कर्मियों ने प्रमुख कार्यालय में बैठकर प्रस्ताव को उक्त रजिस्टर में मेंशन किया गया। इस बैठक में बीडीओ सावित्री कुमारी, उप प्रमुख शंभू सिंह, विधायक प्रतिनिधि सह जिला परिषद सदस्य ज्वाला प्रसाद, सांसद प्रतिनिधि त्रिपुरारी सिंह, बीडीसी अजीमा खातून, कमोदा देवी, उषा देवी, गुड्डी देवी, रेशमी देवी, रामव्रत मेहता, राजकुमार प्रखंड व अंचल के कर्मी सहित हित अन्य विभाग के कर्मी उपस्थित थे।

# अनुमंडल क्षेत्र में डीलर काट रहे है चांदी, लाभुको का हाल है बेहाल



कुंबाखुर्द के फुटहा बांध टोला के ग्रामीण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** इन दिनों जनवितरण प्रणाली के दुकानदारों की हकीकत लाभुकों द्वारा खूब उजागर किया जा रहा है।डीलरों की मनमानी इतना बढ़ गया है कि अब लाभुको के सर से ऊपर पानी बहने लगा है। लाभुको में डीलर के प्रति आक्रोश बढ़ता जा रहा है।सगमा प्रखंड के सोनडीहा के डीलर रविन्द्र प्रजापति की कारस्तानी,नगर उंटारी प्रखंड के कुम्बा खुर्द ग्राम के डीलर चंदन खालको की करतूत के बाद अब कुंबाखुर्द ग्राम के ही फुटहा टोला के डीलर रीता लकड़ा के खिलाफ भी ग्रामीणो का गुस्सा शुक्रवार कुंबाखुर्द स्थित डीलर की दुकान पर ही देखने को मिला।जहा सैकेडो की संख्या में ग्रामीण इक्कठा थे।जो डीलर पर राशन नही देने का आरोप लगा रहे थे।इस संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि डीलर रीता कुजूर द्वारा दिसंबर के बाद मात्र दो महीने का राशन ही दिया गया है।ग्रामीणों ने बताया कि अंगूठा तो लगवा लिया गया लेकिन राशन आज तक नही मिला।किसी भी लाभुक का राशन कार्ड भरा हुआ नही था।सभी ग्रामीणों के पास डीलर की रसीद उपलब्ध था।ग्रामीणों का कहना है कि डीलर पत्थर और वाट रखकर अंगूठा लगवा लेता है,फिर हफ्तों दौड़ने के बाद भी राशन मिलेगा की नही इसकी कोई गारंटी नही होता। ग्रामीणों ने बताया कि लॉक डाउन के समय भी डीलर रीता कुजूर द्वारा मात्र दो महीने का राशन ही दिया गया। इस डीलर से ग्रामीण बहुत परेशान हो चुके है। सभी ने इसकी जगह दूसरे डीलर से राशन लेने के पक्ष में है।दरअसल रीता देवी **होली क्रॉस मा गायत्री स्वम सहायता समूह** के महिलाओ द्वारा चयनित डीलर है।ग्रामीणों सहित महिला समूह के सदस्यों ने भी आपूर्ति पदाधिकारी से रीता कुजूर की जगह दूसरी किसी महिला को डीलर की जिम्मेवारी देने के पक्ष में है। इस संबंध में **डीलर रीता लकड़ा** कोई संतोष जनक जबाब नही दे पाई।बार-बार राशन उठाव का पर्ची दिखाती रही,बस इतना ही बोल पाई की उनको राशन काम मिलता है।इसीलिए सभी को राशन नही मिल पा रहा है। इस संबंध में **सीओ सह एमओ विकास कुमार सिंह** ने कहा कि कुंबाखुर्द में चंदन खालको तथा रीता लकड़ा दोनो डीलर के जनवितरण दुकान की जांच किया जाएगा।आरोप सत्य पाए जाने पर डीलर के खिलाफ सख्त कार्यवाही किया जाएगा। मौके पर अल्मिनी बीवी, कुलवंती देवी, राजमती देवी, शिवराम, फुलवा देवी, सुंदरी देवी, सुरजी देवी, अंजू देवी, नाथूराम, देवंती देवी, सरजू राम, विंध्याचल देवी, बैजनाथ उरांव, सीमा देवी, फुल कुमारी देवी, मोहरमती देवी, विक्रमा सिंह, शंभू सिंह, धनवंती देवी, परीखा उरांव, देवंती तिर्की, आशा देवी,सुखनी कुवर, प्रमोद उरांव, शांति लकरा, बसिया देवी, जीवन लता तिर्की, नगीना सिंह, सोहराब उरांव, बैजनाथ उरांव, शकुंतला देवी, बल्केश्वर लकड़ा, सुमन टोप्पो, बागमती देवी, मालती देवी, बाबू चौधरी,हितेश चौधरी, मेरी स्टेला लकड़ा, पुष्पा खालको, शीतल देवी ,ललिता देवी, प्रमिला टोप्पो, सानिया देवी, रागिनी देवी, शांति लकड़ा, राजमती देवी, ललिता केरकेट्टा, अनीता मिंज, शीलवंती देवी, कमोदा देवी, जीरा देवी, अन्नपूर्णा देवी, राजमतिया टोप्पो, सृष्टि देवी, ममता देवी, सुनीता देवी, शशि लता मिंज, संगीता देवी, प्रमोद कुमार उरांव, नरेश उरांव, बिंदा देवी सहित सैकड़ों लाभुक उपस्थित थे।

**संक्षिप्त खबरें**

## वित्त रहित शिक्षकों ने अपनी मांगों को लेकर विधायक को ज्ञापन सौंपा

**रांची।** मांडर विधानसभा क्षेत्र के सभी वित्त रहित इंटर कॉलेज और हाई स्कूल के शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की से मिलकर ज्ञापन सौंपा। मुख्य मांग कर्मियों को राज्यकर्मी का दर्जा दिया जाय तथा अनुदान की राशि में 80 प्रतिशत बढ़ोतरी शामिल है। प्रतिनिधि मंडल में शहीद वीर बुधु भगत इंटर कॉलेज के प्राचार्य डॉ सुशील कुमार मिंज, उप प्राचार्य मोहसिन खान, संयोजक सफीउल्लाह अंसारी, संत जेवियर इंटर कालेज से प्राचार्य जॉन शैलेंद्र टोप्पो, जमालुद्दीन अंसारी, लापुंग इंटर कॉलेज के प्राचार्या डॉ बीरसी उरांव, अनिल उरांव, साबिर अंसारी, सुकरमणि उरांव, आशा कुमारी, नीलिमा टोप्पो, सुमन, हसीब, मिथलेश समेत अन्य स्टाफ मौजूद थे।

## फरार आरोपित को गिरफ्तार नहीं करने के मामले में एएसआई सस्पेंड

**रांची :** एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने फरार आरोपित को गिरफ्तार नहीं करने के मामले में एएसआई धीरज कुमार विश्वकर्मा को सस्पेंड कर दिया है। बताया गया है कि जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र निवासी रिटायर्ड प्रोफेसर डॉक्टर भारती सिन्हा के बैंक खाते से 27 लाख की अवैध निकासी हुई थी। पुलिस ने इस घटना के मुख्य आरोपित सुनील साहू को गिरफ्तार किया था लेकिन वो थाना से भाग गया था। सुनील साहू की गिरफ्तारी के लिए प्रयास नहीं करने को लेकर वरीय पुलिस अधीक्षक ने केस के आइओ धीरज कुमार विश्वकर्मा को पहले शोकोज किया। इसके बाद उन्हें सस्पेंड कर दिया।

# बलिदान और संघर्ष हमारा स्वाभिमान संवारेंगे झारखंडी अरमान : सुदेश महतो

**बलिदान दिवस पर झारखंड आंदोलनकारियों को किया सम्मानित और लगाए पौधे**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** आजसू पार्टी ने युवाओं को समर्पित बलिदान दिवस के रूप में शनिवार को आजसू का स्थापना दिवस राज्यभर में मनाया। राज्य के सभी विधानसभा क्षेत्रों में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। झारखंड अलग राज्य आंदोलन में अतुल्य योगदान देने वाले सभी आंदोलनकारियों को सम्मानित किया गया। साथ ही हर विधानसभा क्षेत्र में पौधारोपण कर उनके संरक्षण का संकल्प लिया गया। पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो रांची के तमाड़ और सिल्ली विधानसभा में आयोजित बलिदान दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान सुदेश ने कहा कि बलिदान और संघर्ष हमारा स्वाभिमान है। हम सभी कार्यकर्ताओं को मिलकर झारखंडी अरमानों को पूरा करने की दिशा में संकल्पबद्ध होकर कार्य करना है। राज्य की अस्मिता की रक्षा का दायित्व हमारे कंधों पर है। बलिदान दिवस पर हम राज्य के युवाओं को झारखंड अलग राज्य आंदोलन के इतिहास से रूबरू कराने के साथ ही इस आंदोलन में अपनी महती भूमिका निभाने वाले आंदोलनकारियों को सम्मानित कर रहे हैं। सुदेश ने कहा कि सभी कार्यकर्ता समाज और संगठन के प्रति सभी दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा से करें।गौरवशाली अतीत और संघर्ष से समझौता नहीं, हम बदलेंगे राज्य के हालात। बदली परिस्थितियों में हमें एक अच्छे और बेहतर झारखंड का निर्माण करना है। आजसू के कार्यकर्ताओं को अपने संघर्ष और एकजुटता को धार देना होगा। कार्यक्रम में शामिल हुए क्षेत्र के युवाओं को आंदोलनकारियों ने अपने संबोधन के माध्यम से आंदोलन के महत्व और इतिहास की जानकारी दी। इस दौरान झारखंड आंदोलन में अपने प्राणों की आहूति देने वाले वीर शहीदों को श्रद्धांजलि भी अर्पित की गई। हर विधानसभा क्षेत्र में मनाए गए बलिदान दिवस कार्यक्रम में वीडियो चित्रण के माध्यम से क्षेत्र के युवाओं को झारखंड अलग राज्य आंदोलन की पीड़ा, वेदना, संघर्ष, जुनून, जज्बे से अवगत कराया गया। इस वीडियो चित्रण को लेकर पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि झारखंड अलग राज्य आंदोलन के वीर आंदोलनकारियों के बलिदान को हम कभी भी भुला नहीं सकते। युवा राज्य के भविष्य हैं। युवाओं को राज्य के वर्तमान के साथ हमारे गौरवशाली इतिहास से जोड़ना हमारा उद्देश्य है। यह वीडियो प्रस्तुति दशकों तक चले इस संघर्ष की एक झलक भर है। इस प्रस्तुति के माध्यम से हमारा मकसद राज्य के युवाओं को राज्य स्थापना से जुड़े स्वर्णिम इतिहास से रूबरू करवाना है।

## कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग ने की समीक्षा बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी अल्पसंख्यक विभाग के तत्वावधान में कांग्रेस भवन रांची में प्रदेश कार्यकारिणी की समीक्षा बैठक प्रदेश अध्यक्ष मंजूर अंसारी की अध्यक्षता में हुई। जिसमें मुख्य रूप से प्रदेश प्रभारी उमैर खान, झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर और विशिष्ठ अतिथि के तौर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता मंजूर अहमद अंसारी मौजूद थे।इस बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश प्रभारी उमैर खान ने कहा कि लोकसभा चुनाव में अल्पसंख्यक विभाग ने पार्टी व इंडिया गठबंधन के प्रति निष्ठा पूर्वक पूरा योगदान दिया जिसके कारण अल्पसंख्यकों का शत-प्रतिशत वोट इंडिया गठबंधन को गया आने वाले विधानसभा में अल्पसंख्यक उम्मिदवारों को सही भागीदारी मिले इसके लिए इसी तरह सशक्त होकर काम करना है और जो भी प्रदेश पदाधिकारी या जिलाध्यक्ष अपना दायित्व सही से नहीं निभा पा रहे हैं। मुख्य अतिथि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि इस चुनाव परिणाम से देश में मनमानी करने वाले नियंत्रित हुए हैं देश का माहौल बदला है। झारखण्ड में अल्पसंख्यकों को सम्मान मिला है। पहली बार 15 सूत्री गठन हुआ अल्पसंख्यक आयोग का गठन हुआ और 20 सूत्री में सम्मान जनक जगह दी गई है । अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष मंजुर अंसारी ने कहा कि यह सही है कि झारखण्ड में कांग्रेस का वोट प्रतिशत बढ़ा है और विधानसभा में और वेहतर करने का प्रयास किया जायेगा। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मंजूर अहमद अंसारी, ने कहा कि जिस तरह आंध्र प्रदेश में चंद्रबाबू नायडू ने मुसलमानों के लिए कई योजना का घोषणा किया है वैसा झारखण्ड में भी झारखण्ड सरकार करे क्योंकि अल्पसंख्यकों की आबादी आंध्र प्रदेश से ज्यादा झारखण्ड में है। इस बैठक में मुख्यरूप से प्रदेश उपाध्यक्ष जेडी तिग्गा, अब्दूल करीम अंसारी, सगीर अंसरी, गुलरेज अंसारी, महासचिव अख्तर अली, सोहराब अंसारी, अर्शदुल कादरी, गुलाम रब्बानी, हाजी सिकन्दर, बारीक अंसारी, कैशर खान, गुलाम जावेद,तौकिर अख्तर, मोहम्मद सलीम, मुर्सरत जबी, जावेद इक्बाल, सफदर हुसैन, सचिव मरगुब आलम, शाने रहमत, रौनक इक्बाल, जुनैद अंसारी, सलाम अंसारी, सवाहरत हुसैन, असलम अहमद, बोकरान अंसारी, साबीर अहमद, एस.एम रिजवी, आबीद अंसारी, जिलाध्यक्ष हुसैन खान रांची महानगर, समीम अख्तर रांची ग्रामीण, एड्वर्ड हांस खूंटी, मोजमील अंसारी, लोहरदगा, अरशद वहाब, गोड्डा, जहीर अंसारी, धनबाद, जोया परवीन, रामगढ़, फैयाज कैशर, कोडरमा, सजीद खान, हजारीबाग, जफर इक्बाल, गढ़वा, तौहिद आलम, चाईबासा, अहमद रजा नूरी, गिरिडीह सहित अन्य अल्पसंख्यक पदाधिकारी मौजूद थे।

## झारखंड में महिलाओं को मिलेंगे हर महीने 1000 रुपए



**25-50 साल की उम्र वाली महिलाओं को मिलेगा फायदा**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड में महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए चंपाई सरकार महिलाओं के बैंक खाते में हर महीने एक हजार रुपए भेजेगी। सरकार की इस योजना का लाभ 40 लाख महिलाओं को मिलेगा। राज्य सरकार ने जल्द से जल्द इस योजना को लागू करने के लिए तैयारी तेज कर दी है।चंपाई सरकार 1 जुलाई से मुख्यमंत्री बहन-बेटी स्वावलंबन प्रोत्साहन योजनाæ शुरू करने की तैयारी में है। राज्य सरकार पश्चिम बंगाल की 'लक्ष्मी भंडार' योजना की तर्ज पर झारखंड में बहन बेटी स्वावलंबन योजना' की शुरूआत कर रही है।25 से 50 वर्ष की आयु सीमा के बीच की महिलाओं को मिलेगी राशि।

## झामुमो युवा मोर्चा रांची ने लोकसभा चुनाव को लेकर की समीक्षा बैठक




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची ।** झामुमो युवा मोर्चा राँची की बैठक युवा मोर्चा राँची जिला अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में झामुमो कार्यकर्ता योगेश भगत के आवास पर किया गया । बैठक में लोकसभा चुनाव की समीक्षा की गई । साथ ही राँची जिला के बचे हुए प्रखण्डों का गठन जल्द से जल्द करने का निर्णय लिया गया । युवा मोर्चा राँची जिला के कमिटी का विस्तार पे विशेष चर्चा करके राँची जिला के सभी विधानसभा सीट पर आने वाले विधानसभा चुनाव में मजबूती से जीत दर्ज करने को लेकर नई रणनीति और रूपरेखा तैयार किया गया। झारखण्ड सरकार के जन कल्याण कारी योजनाओ को अंतिम व्यक्ति तक पहुचे इसकी भी चर्चा हुई। अधिक से अधिक नये युवा साथियो को पाटी की विचार धारा के साथ जोड़ने पर जोर दिया गया। बैठक में मुख्य रूप से युवा मोर्चा सचिव सोनू मुण्डा, संयुक्त सचिव साजिद कौसर, विश्वजीत गोप, अल्ताफ़ अंसारी, रिशु रितेश, जिला उपाध्यक्ष अशोक मुण्डा, आरिज खान सहित योगेश भगत, रवि कुमार, सूरज गाड़ी, रोहित कुमार, मतस अंसारी, मो फ़रीज़, मो वसीम और अबुतलब अंसारी शामिल थे।

## कमलेश सिंह के खिलाफ कांके थाना में आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** ईडी की टीम ने फोटोग्राफर रहे कमलेश सिंह के ठिकाने पर रेड की थी।

कमलेश पर भुइंयरी जमीन से जुड़ी मामले हैं और एक करोड़ रुपए और एक सौ जिंदा कारतूस बरामद किया गया। इस मामले मौके ईडी ने कांके थाना में कमलेश सिंह पर आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज कराया है। वहीं छापेमारी के बाद से कमलेश फरार बताया जा रहा है। ईडी के साथ साथ अब रांची पुलिस भी कमलेश सिंह की तलाश में जुट गई है।

बता दें कि इस काले कारनामे में कमलेश ने कांके अंचल अधिकारियों को भी शामिल कर लिया था। एक समय में जुमार नदी के बगल में बने रिवर व्यू के मामले में भी कमलेश संदिग्ध रहा है। पुलिस और अंचल अधिकारियों की मिलीभगत से महज अकूत संपत्ति अर्जित कर ली।

कमलेश फोटोग्राफी छोड़कर जेएमएम हो या बीजेपी सभी के आयोजन में भाग लेने रगा । तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दिसंबर 2020 में एसीबी को पीई दर्ज करने जांच का आदेश दिया था।

इसमें कांके अंचल के तत्कालीन अंचलाधिकारी अनिल कुमार, राजस्व कर्मचारी व अन्य कर्मियों की भूमिका की जांच की गई तो उन पर लगे अनियमितता के आरोपों की पुष्टि हुई थी।

## सदर अस्पताल में मरीज के दो हर्निया का एक साथ हुआ ऑपरेशन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** सदर अस्पताल के लेप्रोस्कॉपी सर्जरी विभाग ने एक ही मरीज के दो हर्निया (पेट में छेद) का ऑपरेशन एक साथ किया । दोनों छेद काफी दूर दूर थे। मरीज को रांची से बाहर रेफर कर दिया गया था जहां वेल्लोर में उनसे 300000 का खर्च बताया गया था। मरीज का ऑपरेशन बिल्कुल निशुल्क हुआ आयुष्मान योजना के अंतर्गत। जमशेदपुर की रहने वाली 35 वर्षीय महिला काफी दिनों से पेट दर्द और सूजन को लेकर परेशान थे। जांच करने पर उन्हें पता चला उन्हें दो हर्निया है एक इंसीजनल हर्निया दूसरा अंबिलिकल हर्निया । इनसीजनल हर्निया सिजेरियन ऑपरेशन के बाद हुआ था, उसमें उनके आंत के कुछ अंश जाकर फंसे हुए थे ,जिसके कारण बहुत दर्द होता था। सारी जांच करने के बाद हम लोगों ने उनका ऑपरेशन किया ।

ऑपरेशन लेप्रोस्कोपिक विधि के द्वारा किया गया उसमें दो छेद पाए गए, एक छेद में आंत फंसा हुआ था जिसे छुड़ाकर जाली / बिछाकर ऑपरेशन की गई ।

जिसे टैप विधि कहते हैं।लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉक्टर अजीत कुमार ,एनेस्थेटिक डॉ दीपक ओटी असिस्टेंट संदीप, नंदिनी, शशि ,नीरज आदि।

## महिला एवं बाल डेस्क की कार्यप्रणाली पर एक परामर्श कार्यशाला आयोजित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** एक स्वैच्छिक संगठन सेंटर फॉर सस्टेनेबल यूज ऑफ नेचुरल एंड सोशल रिसोर्सेज (सीएसएनआर) ने सत्य भारती, डॉ. कामिल बुल्के पथ, पुरुलिया रोड, रांची में पुलिस स्टेशनों में महिला और बाल डेस्क की कार्यप्रणाली पर एक परामर्श कार्यशाला आयोजित की। सेंटर फॉर सस्टेनेबल यूज ऑफ नेचुरल एंड सोशल रिसोर्सेज (सीएसएनआर) पिछले 9 वर्षों से ओडिशा में लोगों के अनुकूल और जवाबदेह पुलिस व्यवस्था के लिए काम कर रहा है। कार्यशाला का उद्देश्य झारखण्ड में पुलिस स्टेशनों में महिला और बाल डेस्क की प्रभावशीलता और चुनौतियों का आकलन करना था। यह पहल राज्य में पुलिस सुधारों के लिए सीएसएनआर के चल रहे प्रयासों का हिस्सा है।

इस कार्यक्रम में बाल आयोग, सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी, कानूनी विशेषज्ञ, सामाजिक कार्यकर्ता और नागरिक समाज संगठनों के सदस्यों जैसे विविध पृष्ठभूमि के प्रतिनिधियों सहित प्रमुख हितधारकों को एक साथ लाया गया। प्रतिभागी, जैसे एडवोकेट सोनल तिवारी (झारखंड उच्च न्यायालय), डॉ. शालिनी साबू (सहायक प्रोफेसर, कानूनी अध्ययन संस्थान, रांची विश्वविद्यालय), अंशु माला कर्ण (सदस्य, बाल कल्याण समिति, रांची), अरुणा कुमारी (सदस्य, बाल कल्याण समिति, रांची) , आलोका कुजूर (सामाजिक कार्यकर्ता)। सीएसएनआर की ओर से कार्यशाला का संचालन एडवोकेट चंद्रनाथ दानी ने किये । रांची से अजय सिंह, फरजाना फारुकी, दामोदर तुरी, सुजाता भगत, परबिश कुरैशी आदि उपस्थित थे । धन्यवाद ज्ञापन पल्लीश्री दाश ने किया ।

# 42 पीड़ितों को मुआवजा राशि भुगतान की स्वीकृति

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** झारखण्ड पीड़ित प्रतिकर (संशोधन) योजना-2019 के अंतर्गत रांची जिला में पीड़ितों को यथाशीघ्र मुआवजा राशि भुगतान की स्वीकृति प्रदान की जा रही है। इस वर्ष जून महीने तक योजना अंतर्गत कुल 42 पीड़ितों के बीच 90 लाख 95 हजार मुआवजा राशि भुगतान की स्वीकृति उपायुक्त श्री राहुल कुमार सिन्हा द्वारा प्रदान की गयी है। इनमें पोक्सो के 29, एसटी के 11 एवं अन्य से संबंधित 02 मामले हैं। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा पीड़ितों को मुआवजा राशि का निर्धारण कर सूची उपलब्ध करा भुगतान हेतु अनुरोध किया गया था। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा पीड़ितों को मुआवजा राशि का निर्धारण कर भुगतान हेतु 02 मार्च 2024 में 23 पीड़ितों की सूची उपलब्ध करायी गयी थी, जिन्हें कुल 40 लाख 90 हजार मुआवजा राशि भुगतान की स्वीकृति उपायुक्त द्वारा 07 मार्च 2024 को प्रदान की गयी। 8 मार्च 2024 को जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा 09 पीड़ितों की सूची उपलब्ध करा मुआवजा भुगतान हेतु अनुरोध किया गया। आवश्यक कार्यवाही पूर्ण करते हुए 18 जून 2016 को कुल 21 लाख 75 हजार मुआवजा राशि भुगतान की स्वीकृति उपायुक्त श्री राहुल कुमार सिन्हा द्वारा प्रदान की गयी। जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा 12 जून 2024 को 10 पीड़ितों की सूची उपलब्ध करा कुल 28 लाख 30 हजार मुआवजा भुगतान हेतु अनुरोध किया गया था, जिसकी स्वीकृति उपायुक्त द्वारा 20 जून 2024 को प्रदान की गयी।

## आरपीएफ ने एक महिला यात्री की बचाई जान

**रांची :** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने रांची रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म संख्या दो पर एक महिला की जान बचाई। शनिवार को मिली जानकारी के अनुसार ट्रेन संख्या 18623 रेलवे स्टेशन रांची से प्लेटफॉर्म संख्या 02 से रवाना हो रही थी। इसी दौरान एक महिला यात्री चलती ट्रेन से उतरने की कोशिश कर रही थी और असंतुलित हो गई। उसी वक्त ड्यूटी पर मौजूद तैनात जवान राजेन्द्र कुमार कुजुर ने उसे देखा और जल्दी से उसे अंदर धकेल लिया, जिससे उक्त महिला यात्री की जान बच गयी। ट्रेन स्टेशन से चलने के कारण महिला की नाम और पते की जानकारी नहीं मिल पाई है।

## मिट्टी की खुदाई के दौरान मिला मोर्टार बम, गांव में हड़कंप



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची ।** शनिवार को नामकुम थाना क्षेत्र स्थित हाहाप जंगल में जमीन खुदाई के दौरान अर्द्धनिर्मित चाहरदिवारी के अंदर मिट्टी में दबी बम मिलने से हड़कंप मच गया। मिट्टी में दबा एक बम बरामद किया गया। पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर वरीय पुलिस पदाधिकारी को सूचना दी। इसके बाद बीडीएस की टीम ने मौके पर पहुंचकर बम को नष्ट कर दिया। जिस इलाके से बम बरामद हुआ है वहां अब घनी आबादी हो गयी है। आज से 15 साल पहले इस इलाके में नक्सलियों की सक्रियता थी। इस इलाके में नक्सलियों ने बड़े पैमाने पर हथियार और गोला बारूद छिपा कर रखे थे। जिन्हें बहुत पहले बरामद कर नष्ट भी किया जा चुका है। आशंका जताई जा रही है कि इनमें से यह बम जमीन के अंदर ही दबा रह गया, जो अब जमीन से बाहर निकाल कर नष्ट कर दिया गया। यह एक शक्तिशाली मोर्टार बम बताया जा रहा है। घटना के संबंध में इस चाहरदिवारी का काम करा रहे रवि पाहन ने बताया कि जमीन गांव के किसी रैयत की थी। जिसे बैंक में कार्यरत सागर नाम के व्यक्ति ने खरीदा है। जमीन में कई जगहों पर बड़े गड्ढे हैं, जिसे भरने के लिए सरवल से हाइवा के द्वारा मिट्टी मंगाई गई थीं। मिट्टी फैलाने के क्रम में मजदूरों को बम मिला। बम निरोधक दस्ते का नेतृत्व कर रहे गणेश पान ने बताया कि बरामद बम 81 मोर्टार हैं। जिसका प्रयोग सेना के द्वारा किया जाता है।

इस बम का रेंज 35 मीटर है। इसके फटने से यह 120 फीट क्षेत्र को नुकसान पहुंचा सकता है। बम काफी पुराना है एवं जंक लग चुका है। बम कभी खराब नहीं होता है, इसलिए इसे वायर के माध्यम से डिफ्यूज किया गया है।

# झारखंड सशस्त्र पुलिस क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** पुलिस उप-महानिरीक्षक, झासपु, राँची के द्वारा दिये गये निर्देश के आलोक में झारखण्ड सशस्त्र पुलिस क्षेत्रीय खेल-कूद प्रतियोगिता-2024 का आयोजन झासपु-2. टाटीसिलवे, राँची के द्वारा 18.06.2024 से 22.06.2024 किया गया। उक्त प्रतियोगिता का समापन समारोह 22.06.2024 को 03.30 बजे अपराह्न में मुख्य अतिथि के रूप में राजकुमार लकडा, पुलिस महानिरीक्षक, झासपु, राँची की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न किया गया। सभी स्पर्धाओं के विजेताओं को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कृत किया गया।झासपु-1 को क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता का ओवर आल चैंपियन घोषित किया गया। इस प्रतियोगिता के विभिन्न खेलों के विभिन्न वाहिनी झासपु / आईआरबी/ एसएसआरबी/ एसआईएसएफ के लगभग 1500 पुलिस कर्मी (खिलाड़ी), लगभग 50 तकनीकी पदाधिकारी तथा टीम प्रबंधक भाग लिये। उक्त प्रतियोगिता का आयोजन झासपु-1, 2, 10 एवं मेगा स्पोंटस कॉम्पलेक्स् होटवार के परिसर / इंडोर स्टेडियमों में आयोजित किया गया।उक्त समापन समारोह में मुख्य अतिथि के आलावे सरोजनी लकड़ा, झापुस समादेष्टा झासपु 2, टाटीसिलवे, राँची सह-नोडल पदाधिकारी क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता, अम्बर लकड़ा, समादेष्टा, झासपु तीन, गोविन्दपुर, घनबाद, मुकेश कुमार, समादेष्टा, झासपु-4, बोकारो, एमेल्डा एक्का, समादेष्टा, एसआईआरबी-2, खूँटी. अविनाश कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक, झासपु-2, टाटीसिलवे, रॉची, आलोक कुमार टूटी. पुलिस उपाधीक्षक, झासपु-2, टाटीसिलवे, राँची, नूर मुस्तफा, पुलिस उपाधीक्षक झासपु-1. राँची, सभी वाहिनियों के टीम प्रबधंक / टीम मैनजर, पुलिस पदाधिकारी / वाहिनी के कर्मियों के परिजन उपस्थित थे। 26.24 समादेष्टा,झासपु-2, टाटीसिलवे, राँची। -सह- नोडल पदाधिकरी, क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगता-2024 शामिल थे।

## टेंडर घोटाला मामले के आरोपित संजीव लाल की जमानत पर सुनवाई 29 जून को




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** टेंडर घोटाला मामले में आरोपित पूर्व मंत्री आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल की जमानत याचिका पर शनिवार को पीएमएलए कोर्ट में सुनवाई हुई। मामले में ईडी की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए कोर्ट से समय की मांग की गई। पीएमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने ईडी को जवाब दाखिल करने के लिए समय देते हुए मामले में सुनवाई की अगली तिथि 29 जून निर्धारित की है। टेंडर घोटाला मामले में ईडी ने कार्रवाई करते हुए छह मई को कई इंजीनियर ठेकदार, कॉन्ट्रेक्टर और आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल और उनके नौकर जहांगीर आलम के ठिकाने पर छापेमारी की थी संजीव लाल के नौकर जहांगीर के घर से ईडी ने 35.23 करोड़ रुपये नगद बरामद किए थे। जबकि संजीव लाल के करीबी बिल्डर मुन्ना सिंह के यहां से तीन करोड़ रुपये बरामद हुए थे। इस मामले में ईडी ने पूर्व मंत्री आलमगीर आलम को भी गिरफ्तार कर चुकी है।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



# अशोका के कोयला मजदूरों ने किया बायोमेट्रिक सिस्टम का विरोध

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार एरिया में कोयला मजदूरों ने अब खुलकर बायोमेट्रिक सिस्टम का विरोध करना शुरू कर दिया है।मजदूर बायोमेट्रिक सिस्टम के खिलाफ लगातार विरोध प्रदर्शन कर प्रबंधन के प्रति नाराजगी जाता रहे हैं।शुक्रवार को अशोक परियोजना के वर्कशॉप कार्यालय में कार्य के दौरान मजदूरों ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया और बायोमेट्रिक सिस्टम का पुरजोर तरीके से विरोध किया।मजदूरों ने प्रबंधन से पिपरवार में बायोमेट्रिक सिस्टम को बंद कर पूर्व की तरह मजदूरों की हाजिरी बनाने की मांग की है।इस संबंध में कोयला मजदूरों ने बताया



कि सीसीएल प्रबंधन लगातार मजदूरों के सुख सुविधा पर हमला कर रही है। बायोमेट्रिक सिस्टम से हाजिरी बनाए जाने पर कोयला मजदूरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।बायोमेट्रिक सिस्टम में कई बार तकनीकी खराबी के कारण कई मजदूर की हाजिरी भी नहीं बन रही है।सभी मजदूरों ने एक स्वर में कहा कि पूर्व की तरह हाजिरी बनाए जाने और बायोमेट्रिक सिस्टम को बंद करने की मांग की जा रही है, यदि प्रबंधन इस पर ध्यान नहीं देती है तो आने वाले दिनों में कोयला मजदूरों के द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा।इस मौके पर केके चतुर्वेदी,मोहम्मद रहमतुल्लाह, रविंद्र कुमार सिंह,प्रयाग राम, चंडी शाखा, बदरुद्दीन अंसारी, दिनेश ठाकुर,विनोद पांडेय, रेवा सिंह, सुनील महतो,बैजनाथ प्रजापति सहित काफी संख्या में कोयला मजदूर उपस्थित थे।

## मुरी गोला पथ में बन गए कइ जानलेवा गड्ढे, विभाग मौन

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुरी गोला पथ पर सड़क टूटने से कइ जानलेवा गड्ढे बन गए हैं। इससे लोगों को आने जाने में काफी परेशानी हो रही है। कुतरू के समीप इतने बड़े गड्ढे बन गए है कि रोज दिन दुर्घटना होती रहती है। इस गड्ढे में कई लोग गिर कर चोटिल हो चुके है। उरांग गड्ढा पुल के समीप पहले हुए सड़क दुर्घटना में कई लोगो की जान जा चुकी है। डीएवी के समीप बने गड्ढे भी रोज दिन दुर्घटना को आमंत्रित कर रहे है। लोगों ने बताया कि इसकी जानकारी पीएचडी विभाग के अधिकारियों को भी दी गई है। अगर जल्दी इसे मरम्मत नहीं किया गया तो बड़ी दुर्घटना हो सकती है।



## करंट की चपेट में आने से 35 वर्षीय महिला की मौत

**मुरी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** छोटा मुरी बजार के समीप रेलवे क्वार्टर में नहाने के दौरान करंट की चपेट में आने से 35 वर्षीय महिला की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार रेलवे कर्मचारी संजय घांसी की पुत्री सुमन सागर उम्र 35 वर्ष शुक्रवार की शाम क्वार्टर में नहा थी।नहा के कपड़े सुखाने के दौरान करंट की चपेट में आ गई,और घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। परिजनों द्वारा आनन फानन में सिंगपुर नर्सिंग होम ले जाया गया जहां डॉक्टर द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया।इस घटना की सुचना जीआरपी मुरी थाना को दिया गया। पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर घटना की पुरी जानकारी ली एवं शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया गया।

## फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ आयोजन

**सतगावां(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के ब्लॉक परिसर में स्थित अर्द्धनिर्मित स्टेडियम में शनिवार को 63वें सुब्रतो फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया जिसको मुख्य अतिथि विसुपी अध्यक्ष विजय प्रसाद सिंह ,प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी शेख शकील अहमद और बीपीओ अशोक उपाध्याय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया।टूर्नामेंट का पहला मैच अंडर 17 बालिका वर्ग में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय सतगावां ने परियोजना बालिका उच्च विद्यालय सतगावां को पेनाल्टी शूट में शिकस्त दिया जबकि अंडर 17 बालक वर्ग में राज्य संपोषित+ उच्च विद्यालय बासोडीह ने उत्क्रमित उच्च विद्यालय मीरगंज को भी पेनाल्टी शूट के जरिए एक गोल से हराया।वहीं अंडर 14 बालक वर्ग में उत्क्रमित उच्च विद्यालय पोखरडीहा की टीम ने उत्क्रमित उच्च विद्यालय की टीम को भी पेनाल्टी शूट से 4 गोल से परास्त किया। तपती धूप और उमस भरी गर्मी में भी खिलाड़ियों का हौसला आसमान पर था।मैच में रेफरी की भूमिका में शारीरिक शिक्षक अजीत कुमार और अमित बास्के थे जबकि मंच संचालन और उद्घोषक की भूमिका में प्रणव मुरारी रहे।

## वित्तीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**कोडरमा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के अंतर्गत वित्तीय जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मृदुला भगत ने स्वागत भाषण प्रस्तुत कर किया। रिसोर्स पर्सन डॉ. सुजीत मुखर्जी,धनबाद द्वारा सेबी एवं सीएसडीएल के संयुक्त तत्वावधान में आर बी आई द्वारा निर्देशित वित्तीय जागरूकता से सम्बन्धित मार्गदर्शन हेतु विविध निवेश का प्रायोजन, सुरक्षित निवेश, विविध निवेश सेक्टर, ऐप्स , डीमैट अकाउंट, क्लेम, विविध पॉलिसीज सहित इससे संबंधित सुरक्षा एवं ससमय वापसी से संबंधित सरल एवं ठोस) जानकारियों को विस्तारपूर्वक साझा किया साथ ही निवेश एवं बचत करने के अनूठे तरीके से अवगत कराया। इस अवसर पर महाविद्यालय की उप निदेशिका डॉ. संजीता कुमारी ने अपने संबोधन में कहा कि उपयुक्त समय में कमाई की उचित बचत कर उचित स्थान में निवेश करना ही वास्तविक मनुष्यता है, हमे खुशहाल जीवन व्यतित करने हेतु अपने जीवन में सदैव सुरक्षित निवेश करने की आवश्यकता है।

## डीसी ने की योजनाओं की समीक्षा

**कोडरमा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग अंतर्गत क्रियान्वित योजनाओं की समीक्षा बैठक संपन्न हुआ। बैठक में उपायुक्त द्वारा मेडिकल कॉलेज कोडरमा, बीएससी नर्सिंग कॉलेज और रेफरल हॉस्पिटल के निर्माण कार्य की प्रगति रिपोर्ट पर की समीक्षा की और कहा कि अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी के साथ साप्ताहिक बैठक कर निर्माण कार्य में आ रही हर छोटी-छोटी बाधाओं को दूर करें और गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य कराना सुनिश्चित करें। इसके साथ साथ निर्माण कार्य में गुणवत्ता के लिए सतत् निगरानी रखने का निर्देश संबंधित पदाधिकारी को दिया गया। इसके अलावा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, उप स्वास्थ्य केन्द्र की मरम्मती कार्य को पूरा करने का निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त उप स्वास्थ्य केन्द्र निर्माण कार्य में तेजी लाते हुए निर्माण कार्य को पूर्ण करने का निर्देश दिये और कहा कि जिन अतिरिक्त उप स्वास्थ्य केन्द्र निर्माण कार्य पूरा हो चुका है और संबंधित विभाग को हैंडओवर हो चुका है, वैसे उप स्वास्थ्य केन्द्र को चालू करने का निर्देश सिविल सर्जन को दिया गया।

## दो छात्रों ने एसओएफ ओलंपियाड परीक्षा में शीर्ष रैंक हासिल की

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** उत्तर 24 परगना के दो छात्रों ने 2023-24 एसओएफ ओलंपियाड परीक्षा में शीर्ष स्थान प्राप्त किया। स्वप्नोपुरन शिशु शिक्षा निकेतन के हफीजा आलम ने अंतर्राष्ट्रीय सामान्य ज्ञान ओलंपियाड में प्रथम स्थान प्राप्त किया, तथा अंतर्राष्ट्रीय स्वर्ण पदक और योग्यता प्रमाण-पत्र अर्जित किया। केंद्रीय विद्यालय के सातवीं कक्षा के छात्र स्तोत्रम रॉय ने राष्ट्रीय विज्ञान ओलंपियाड में तीसरा स्थान प्राप्त किया, तथा अंतर्राष्ट्रीय कांस्य पदक और योग्यता प्रमाण-पत्र अर्जित किया। इस वर्ष के एसओएफ ओलंपियाड में 70 देशों के लगभग लाखों छात्रों ने भाग लिया, जिसमें उत्तर 24 परगना के 16,737 से अधिक छात्र शामिल थे। प्रतिभागियों में एबीएन ग्लोबल एकेडमी, निवेदिता शिशु तीर्थ सहित उत्तर 24 परगना के उल्लेखनीय विद्यालय शामिल थे।

## मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाया गया जागरूकता कार्यक्रम

**कोडरमा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोडरमा नगर प्रशासक शशि शेखर सुमन के निर्देशानुसार नगर पंचायत कोडरमा क्षेत्र अंतर्गत मादक पदार्थों के रोक-थाम/दुरुपयोग हेतु जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। उसी क्रम में स्वयं सहायता समूहों के महिलाओ के द्वारा आमजनों को मादक/नशीली पदार्थ के दुरुपयोग के विरुद्ध जागरूकता का आयोजन किया गया। नशे को ना जिंदगी को हां कहे, आमजनों को नशा के दुष्प्रभाव से अवगत कराया गया और छोड़ने की अपील किया गया ताकि एक स्वास्थ्य समाज का निर्माण हो सके। मादक पदार्थों के रोकथाम हेतु संदेश लोगों तक पहुँचाने के लिए जागरूक की गई द्य नगर पंचायत कोडरमा के बोनाकाली वार्ड नम्बर एक में स्वयं सहायता समूहों के महिलाओ के सहयोग से मानव श्रृंखला बनाकर मादक पदार्थों के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया एवं नशा मुक्त से संबंधित शपथ दिलाया गया।मौके पर नगर मिशन प्रबंधक संजीत कुमार साहु, सामुदायिक संगठनकर्ता रश्मि कुमारी सिन्हा, सीआरपी नीलम देवी रितिका एवं सभी स्वयं सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित थी ।

# सरला बिरला पब्लिक स्कूल में मना वात्सल्यम-1



**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** : दादा-दादी परिवार की मजबूत नींव होते हैं। उनका सम्मान करने के लिए सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची ने वात्सल्यम दृ 'दादा-दादी दिवस' बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया। बच्चों ने एसडीजी 15: 'भूमि पर जीवन' को ध्यान में रखते हुए, 'बायो रिद्म- द सांग ऑफ लाइफ' थीम पर प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम के द्वारा विद्यार्थियों ने अपने माता-पिता और दादा-दादी के प्रति प्यार, सम्मान और कृतज्ञता प्रकट किये। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से की गई तत्पश्चात गणेश वंदना और स्वागत नृत्य प्रस्तुत किए गए। प्राचार्या ने स्कूल मैगजीन भी रिलीज किया। उन्होंने पीएम कौशल विकास योजना 3.0 के तहत सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची द्वारा शुरू की गई कौशल हब कार्यक्रम के सहायक सौंदर्य चिकित्सक पाठ्यक्रम के प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिया। मानव जीवन के विभिन्न चरणों को, तितली के जीवन चक्र की गाथा से जोड़कर दिखाया गया। इन चरणों में एक सुंदर तितली के अंडे से प्रारंभिक चरण तक के संघर्ष को दिखाया गया, जो दर्शाता है कि मानव जीवन भी कई बाधाओं का सामना करता है जिन्हें प्रत्येक व्यक्ति को अपने कठिन परिश्रम और दृढ़ता से पार करना पड़ता है। इस कार्यक्रम ने दादा-दादी और बच्चों के बीच प्रेम के रिश्ते को उजागर किया। रंग-बिरंगी पोशाकों में बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की सफलता दादा-दादी की मुस्कानों से लगाई जा सकती थी, जो अपने पोते-पोतियों को प्रदर्शन करते देख अभिभूत हो गए। यह दिन उनके लिए निःसंदेह एक यादगार क्षण बन गया। साथ ही पीएम कौशल विकास योजना 3.0 के तहत, सहायक ब्यूटी थेरेपिस्ट पाठ्यक्रम के प्रतिभागियों को प्राचार्य द्वारा उनके प्रमाण पत्र दिए गए। प्राचार्या, श्रीमती परमजीत कौर ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि प्रतिस्पर्धा और बढ़ते खर्चों की इस दुनिया में जीवित रहने के लिए, हम आमतौर पर अपने बच्चों की ष्फ इतनी अधिक चाहते हैं कि वे बड़े होने पर अधिकतम कमा सकें। इसके बजाय हमें इन्हेरीटेंस ऑफ इनवेल्युएबल क्वालिटी (ष्फ) पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। अगर हम उनके दिमाग में केवल पैसा और सफलता ही डालेंगे, तो वे हर रिश्ते को बहुत भौतिकवादी दृष्टिकोण से तौलेंगे और अंततः पारस्परिक संबंधों में कभी सफल नहीं हो पाएंगे। हमें उन्हें ऐसे मूल्य देने की जरूरत है जो सफलता और पैसे को समाहित कर सकें।

# बिरसा मुंडा तीरंदाजी केंद्र में सुदेश कुमार महतो का जन्मदिन मनाया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिल्ली :** बिरसा मुंडा तीरंदाजी केंद्र सिल्ली के कोच एवं तीरंदाजों ने शुक्रवार को बिरसा मुंडा तीरंदाजी केंद्र सिल्ली में तीरंदाजी केंद्र के संरक्षक सह विधायक सुदेश कुमार महतो के 50 वां जन्मदिन का आयोजन किया। कार्यक्रम से पूर्व विधायक एवं अन्य अतिथियों ने आर्चरी परिसर में कई पौधे लगाए। विधायक ने परिसर में खिलाड़ियों के हित के लिए जिम का उद्घाटन किया तथा तिरंदाजी केंद्र को निर्वाध बिजली मुहैया कराने के लिए 60 केवीए क्षमता वाले सोलर विद्युत संयंत्र का उद्घाटन किया। जन्मदिन के उपलक्ष में तीरंदाजों ने उनके स्वागत में नृत्य प्रस्तुत किया। सुदेश महतो ने केक काटकर सभी बच्चों को खिलाया। मौके पर प्रशिक्षु तीरंदाजों ने नृत्य प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मोह लिया। मौके पर जिप उपाध्यक्ष वीणा चौधरी प्रमुख जितेंद्र बढ़ाईक, बीडीओ रेणु बाला, जयपाल सिंह ,सुनील सिंह, पूर्व जिप सदस्य गौतम कृष्ण साहू, जयराम महली, डॉ रमनेश प्रसाद, सिली पॉलिटेक्निक के प्राचार्य समीर शर्मा, आर्चरी केंद्र के मुख्य प्रशिक्षक प्रकाश राम एवं शिशिर महतो, वुशु कोच वाहिद अली, संजय सिद्धार्थ,शुशील महतो, लक्ष्मन महतो, ब्रजेश प्रसाद, अंतर्राष्ट्रीय तीरंदाज मधुमिता कुमारी, प्रशिक्षु तीरंदाज समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## थाईलैंड में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय थ्रो बॉल प्रतियोगिता 2024 में भारतीय टीम का जलवा बरकरार, जीता स्वर्ण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची/नामकुम :** थाईलैंड की लोप बुरी में अंतर्राष्ट्रीय थ्रोबॉल फेडरेशन द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय थ्रो बॉल प्रतियोगिता में भारतीय दिव्यांग खिलाड़ी महिला एवं पुरुष टीम ने स्वर्ण पदक पर किया कब्जा। भारतीय टीम मे झारखंड के 09 खिलाड़ी शामिल थें जिसमें पुष्पा मिंज, महिमा उरांव, असुंता टोप्पो, तारामणि लकड़ा, संजुक्ता एक्का, (महिला वर्ग) एवं सनोज महतो, मुकेश कंचन, मुकेश कुमार, महावीर बिन (पुरुष वर्ग) में शामिल थें। जिनका प्रदर्शन लाजवाब रहा। पारा थ्रोबॉल फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के अध्यक्ष डॉ0 प्रेम कुमार अल्बर्ट ने भारतीय टीम को जीत की हार्दिक बधाई दी और उम्मीद जताया की आने वाले दिनों में यह टीम एशिया की सर्वश्रेष्ट टीम बनेगी। सीरीज में पुरुष वर्ग में भारत ने थाईलैंड को 25–20, 24–25 , 25–15 से हराया। वहीं महिला वर्ग में 25-16, 25-18, 25-20 से जीत हसिल की। पुरूष टीम के सदस्य दिव्यांग मुकेश कुमार ने बताया कि हमे काफी मेहनत करना पड़ा है, इस प्रतियोगिता को जीत दर्ज करने के लिए पूरा टीम ताल-मेल से खेला। ठाटीसिलवे निवासी पारा थ्रो बॉल अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी मुकेश कुमार को थाईलैंड सीरीज में भाग लेने के लिए आर्थिक सहयोग करने में कैम्ब्रिज एजुकेशन ट्रस्ट एण्ड सोसाइटीज के चेयरपर्सन नवनीत कुमार सिंह , पंडरा बाजार समिति सुभाष पटवारी, स्वर्णरेखा हॉस्पिटल टाटी सिलवे के आलोक चन्द्र प्रकाश, समाजसेवी रंथु नायक, जेबीकेएसएस सचिव सुमित कुमार महतो, रूसू महतो, सुधुवा महतो, विजय महतो एवं देवी शंकर महतो ने सराहनीय योगदान निभाया। इसके लिए थ्रोबॉल के खिलाड़ी मुकेश कुमार ने आभार व्यक्त करते हुए बताया कि बिना आप सभी के सहयोग मैं थाईलैंड नहीं जा पाता, और ना ही अपने देश राज्य के लिए गोल्ड मेडल सर्टिफिकेट ला पाता और आभार जताया है।

## डीएवी बचरा में अन्तर्रसदनीय योग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

# योग हमारे जीवन के लिए काफी जरूरी : रिशु चौधरी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में शनिवार को अन्तर्रसदनीय योग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।स्कुल की प्राचार्य डॉ. रिशु चौधरी की अध्यक्षता मे आयोजित इस प्रतियोगिता में स्कूल के चारों हाउस के कुल 16 बच्चों ने भाग लिया। प्रत्येक हाउस से चार-चार बच्चे प्रतियोगिता में शामिल हुए।स्कुल के शिक्षक राकेश कुमार के निर्देशन में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।इस प्रतियोगिता में दयानंद हाउस प्रथम, हंसराज हाउस द्वितीय और विवेकानंद हाउस तृतीय स्थान पर रहा।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्कूल की प्राचार्य डॉ. रिशु चौधरी ने योग के महत्व पर प्रकाश डाला।उन्होंने कहा कि योग हमारे जीवन के लिए काफी जरूरी है।योग करने से शरीर स्वस्थ रहती है और कई बिमारियो से निजात मिलती है।विद्यालय में इस तरह के प्रतियोगिता का आयोजन करने का मुख्य उद्देश्य बच्चों में योग के प्रति जागरूकता लानी है।उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को योग करना चाहिए और दूसरों को भी योग करने के लिए प्रेरित करना चाहिए।इस मौके पर स्कूल के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं और स्कूली बच्चे मौजूद थे।

# मुखिया गुंजन सिंह की पहल पर बचरा उत्तरी के एलो कॉलोनी मे हुआ डीप बोरिंग



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा उत्तरी पंचायत के एलो कालोनी मे डीप बोरिंग कराया गया।झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष सह बचरा उत्तरी पंचायत की मुखिया गुंजन कुमारी सिंह की पहल पर झारखंड सरकार के निर्देश पर चतरा जिला पीएचडी विभाग के द्वारा यह बोरिंग कराया गया है।इस मौके पर मुखिया गुंजन सिंह ने विधिवत पूजा अर्चना कर एवं नारियल फोड़कर डीप बोरिंग कार्य की शुरुआत करायी। इस संबंध में मुखिया गुंजन कुमारी सिंह ने बताया कि बचरा उतरी पंचायत के एलो कॉलोनी में पानी की समस्या से लोग परेशान थे,जिसको देखते हुए चतरा जिला के पीएचडी विभाग को समस्या से अवगत कराया गया था। इसके बाद कॉलोनी में डीप बोरिंग का कार्य कराया गया। उन्होंने कहा कि कॉलोनी में बोरिंग होने से अब यहां के लोगों को पानी की समस्या से निजात मिलेगी।उन्होंने कहा कि पंचायत के अन्य इलाकों में भी जहां पानी की समस्या उत्पन्न है वहां भी सर्वे कराकर डीप बोरिंग का कार्य कराया जाएगा।इधर डीप बोरिंग हैंड पंप के आने से कॉलोनी वासियों के चेहरे पर खुशी की लहर है देखी गई।इस कार्य के लिए कॉलोनी के लोगों ने मुखिया गुंजन सिंह के प्रति आभार प्रकट किया है।इस मौके पर कॉलोनी के काफी संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे।

# पिपरवार में बलिदान दिवस के रूप में मनाई गई आजसू पार्टी का स्थापना दिवस

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पिपरवार :** पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के बचरा बाजारटांड़ स्थित आजसु पार्टी के क्षेत्रीय कार्यालय में शनिवार को पार्टी का स्थापना दिवस बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया।पार्टी के पिपरवार नगर अध्यक्ष विनोद सिंह उर्फ विधायक के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में पार्टी के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए। इस मौके पर नगर अध्यक्ष विनोद सिंह ने कहा कि केन्द्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार पिपरवार के बचरा मे आजसु पार्टी का स्थापना दिवस को बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया।इस मौके पर उन्होंने पार्टी के उद्देश्य और सिद्धांत को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। इसके अलावा पार्टी की मजबूती और कार्यकर्ताओं के समस्याओं का समाधान करने पर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से आजसू पिपरवार नगर अध्यक्ष विनोद सिंह विधायक, बचरा उत्तरी पंचायत अध्यक्ष उगन महतो, सूरजमल पासवान,प्रकाश लोहार, सागर राम,शिवम दास गुप्ता, रोशन कुमार,ललन महतो, धर्मवीर महतो,अनिल कुमार, सोनू कुमार,राहुल कुमार,भोला कुमार सहित पार्टी के कई लोग मौजूद थे।



## आरटीसी इंजीनियरिंग कॉलेज रांची में कार्यशाला का आयोजन

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड रिन्युएबल एनर्जी कमवसपमेंट एजेंसी, अस्पेन इंजीकॉन प्रा लि और बीइइ के संयुक्त तत्वावधान में रांची में शनिवार को एनर्जी एफीसिएंसी पर आरटीसी इंजीनियरिंग कॉलेज रांची में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में इलेक्ट्रेनिक्स सामान का कारोबार करनेवाले व्यवसायी और ग्राहक जन समुह शामिल हुए। कार्यशाला में बताया कि यह कार्यशाला ऊर्जा मानक और लेबलिंग कार्यक्रम का उद्देश्य उपभोक्ता को ऊर्जा बचत के बारे में सूचित विकल्प प्रदान करना है कार्यक्रम की सफलता को देखते हुए इस कार्यक्रम को दोबारा दोहराने का अनुरोध किया गया और इस कार्यक्रम से व्यवसायी और ग्राहक जन समुह को लाभ हुआ।




# सरकारी योजनाओं में बिचौलियों का हावी होना दुर्भाग्यपूर्ण : डॉ. परमेश्वर भगत

**चान्हो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शनिवार को चान्हो प्रखंड अंतर्गत ग्राम हुरहुरी में मुरतो, हुरहूरी, सिलागाई, बेयासी एवं कुल्लू के किसानो की बैठक में शामिल हुए पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ परमेश्वर भगत। बैठक में ग्रामीणों ने मुख्य से डॉ भगत को अवगत कराया की बीते दो माह पूर्व हमारे क्षेत्र में भारी बारिश के साथ ओलावृष्टि से बहुतो किसान का फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई थी। तत्पश्चात झारखण्ड सरकार के माध्यम से भुक्तभोगी किसानों के लिए सरकार एक योजना लाई थी जिसमें किसानों के फसलों का मूल्य/मुअवजा मिलने की बात थी। परंतु अब हमलोगो को योजनाओं का लाभ सीधा नहीं मिल रहा है, तमाम तरह के योजनाओं में बिचोलियो हावी हो चुके है। जिसके कारण योग्य किसानों/गरीबों को सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में कठिनाई हो रही है। ओलावृष्टि में जिस किसान को लाभ मिलना चाहिए उनको नही होकर अन्य लोगों का नाम सूची में है ऐसा लोगों ने बताया। डॉ परमेश्वर भगत ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि इस गंभीर समस्या का ठोस कार्रवाई हेतु उच्च अधिकारी से बात करके योग्य किसानों को उसका लाभ मिले इसके लिए पहल किया जाएगा। डॉ भगत ने कहा की गरीब किसानो का हक को जिस तरह बिचौलियों के द्वारा गलत किया जा रहा है यह बिल्कुल दुर्भाग्यपूर्ण है। मौके पर अनिल गोप, शंकर उरांव, अनिल उरांव, दया उरांव आदि मौजूद रहे।



प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## यूसील के तकनीकी निर्देशक ने तुम्मापल्ली यूरेनियम प्रोजेक्ट के कंपनी कर्मियों को समर्पित किया आरओ वाटर प्लांट




**जादूगोड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** यूसील के तकनीकी निर्देशक राजेश कुमार कंपनी की सबसे ज्यादा यूरेनियम उत्पादन करने वाली झारखंड से बाहर तुम्मापल्ली यूरेनियम प्रोजेक्ट ( आंध्र प्रदेश) पहुंचे व अपने एक दिवसीय दौरे के क्रम में आज माइंस डिविजन में करोड़ों रुपए की लागत से बनी आरओ वाटर प्लांट का उद्घाटन किया ताकि कंपनी कर्मियों को शुद्ध पानी मिल सके। इधर आरओ प्लांट के उद्घाटन के बाद कंपनी कर्मियों में हर्ष व्याप्त है जिसे कम समय में आधुनिक प्लांट तैयार करने का श्रेय सिविल इंजीनियर एच यशवंत व रितेश कुमार महतो को जाता है।उद्घाटन के मौके पर कंपनी के तकनीकी निर्देशक राजेश कुमार, महाप्रबंधक एमएस राव, उपमहाप्रबंधक सुमन सरकार समेत राजेश मिश्रा( डी जीएम सिविल), किशोर भक्त (माइंस एजेंट), सी मैथीवनन (डीजीएम क्रय) मैनेजर पी के नायक, एच यशवंत(सिविल इंजीनियर ) दिनेश करून, तारकेश्वर राव, रितेश कुमार महतो, माइंस मैनेजर शेखरान समेत यूनियन नेता खास तौर पर उपस्थित थे।

## लेन्ज इंडिया का डीलर मीट आयोजित




**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मेटल प्रोसेसिंग और ऑटोमोबाइल क्षेत्र की कंपनी लेन्ज इंडिया का डीलर मीट में जमशेदपुर समेत कोल्हान के कंपनी के डीलर-फ्रेंचाइजी शामिल हुए। कार्यक्रम का आयोजन बीट-एन-एचजेड कंपनी (जमशेदपुर) के प्रतिनिधि मिथु कारक ने किया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में लेन्ज़ इंडिया और दक्षिण पूर्व एशिया के अध्यक्ष देवाशीष नंदी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि कंपनी अपने आउटलेट का निरंतर विस्तार कर रही है। जमशेदपुर और आसपास के सामग्री प्रसंस्करण, ऑटोमोबाइल क्षेत्रों के साथ अपनी भागीदारी को तेज करने के लिए प्रतिबद्ध है। कंपनी विश्व स्तरीय औद्योगिक स्वचालन प्रणाली समाधान के साथ-साथ मेक्ट्रोनिक्स समाधान (गियर वाली मोटरें और परिवर्तनीय आवृत्ति वाले इनवर्टर) प्रदान करेगा। कहा कि कंपनी ने भारत में 2005 में अपना कारोबार शुरू किया। जिसका मुख्यालय पुणे में है। यहीं से भारत एवं दक्षिण पूर्व एशिया में कारोबार संचालित होता है। हालांकि इसका सर्विस कार्यालय कोलकाता, अहमदाबाद, बेंगलुरु, कोयंबटूर, दिल्ली, हैदराबाद और चेन्नई में है। कंपनी का पुणे में एक असेंबली सेंटर के साथ-साथ एक मरम्मत केंद्र और पुणे शहर में एक सॉफ्टवेयर विकास केंद्र भी है जबकि लेन्ज़ ऑटोमेशन कॉम्पिटेंसी सेंटर (एलएसीसी) कोलकाता में स्थित है। कंपनी के पास भारत और दक्षिण पूर्व एशिया में ग्राहकों का समर्थन करने के लिए एक मजबूत टीम उपलब्ध है।

## आंगनबाड़ी सेविकाओं के चयन हेतु ग्राम सभा 25 से

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बाल विकास परियोजना से जुड़े आदित्यपुर क्षेत्र के खाली पड़े पदों पर आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिकाओं की भर्ती की जायेगी। इसके लिए ग्राम सभा की तिथि मुकर्रर कर दी गई है। ग्राम सभा के माध्यम से चयनित अभ्यर्थी ही सेविका एवं सहायिका के पद पर बहाल किए जायेंगे। प्रभारी सीडीपीओ सुरुचि प्रसाद ने बताया कि कई आंगनबाड़ी केंद्रों में रिक्त पड़े स्थानों को भरे जायेंगे। बताया कि आदित्यपुर के बंता नगर बस्ती के आंगनबाड़ी केंद्र में सहायिका चयन के लिए 25 जून को ग्राम सभा का आयोजन किया जायेगा। आदित्यपुर के भाटिया में 26 को, जमालपुर में 27 को एवं बंता नगर में 28 को सेविका चयन किया जाएगा। इधर गंगपुर में 29 को सहायिका चयन किया जाएगा।

## भाजपा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में मनाएगी




**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनसंघ के संस्थापक एवं भाजपा के पितृपुरुष डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को भाजपा जमशेदपुर महानगर बलिदान दिवस के रूप में मनाएगी। रविवार को 71वें बलिदान दिवस पर पार्टी के साकची स्थित जिला कार्यालय में भाजपा कार्यकर्ता श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे। वहीं, जमशेदपुर महानगर अंतर्गत विभिन्न मंडलों के कार्यालय एवं बूथों पर श्रद्धापूर्वक बलिदान दिवस मनाया जाएगा।

## टाटा स्टील ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** समुदाय के भीतर स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करते हुए, टाटा स्टील ने अंतर्राष्टीय योग दिवस पर शुक्रवार को एथलेटिक्स ट्रैक, जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में इंटरैक्टिव योग सत्र का आयोजन किया।इस अवसर पर टाटा स्टील के वन शेयर्ड सर्विसेज के वाइस प्रेसिडेंट प्रबल घोष मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे।योग गुरु अरविंद प्रसाद ने भुजंगासन, शलभासन, धनुरासन, अनुलोम विलोम, कपालभाति, भस्त्रिका, सूर्य नमस्कार, सूक्ष्म व्यायाम सहित कई आसन और प्राणायाम तकनीकों का प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम में टाटा स्टील के कर्मचारी, उनके परिवार के सदस्य और मित्र, प्रशिक्षण केंद्र के प्रशिक्षु, अकादमी के कैडेट, वर्दीधारी कर्मचारी और विभिन्न क्षेत्रों के पेशेवर शामिल हुए।टाटा स्टील कर्मचारियों और समुदाय के समग्र कल्याण को बढ़ावा देने की दिशा में प्रतिबद्ध है। यह योग सत्र सभी को एक जुट करने, योग गुरु अरविंद प्रसाद की विशेषज्ञता से सीखने और इस प्राचीन अभ्यास के असंख्य लाभों का अनुभव करने का एक शानदार अवसर था।इस अवसर पर टाटा मेन हॉस्पिटल और टाटा स्टील के विभिन्न विभागों में भी इसी तरह के कार्यक्रम आयोजित किए गए।

# बामनी में सेविका चयन को लेकर आयोजित आमसभा में हंगामा, भाजपा नेता पर रजिस्टर फाड़ने का आरोप

प्रभात मंत्र संवाददाता



**पटमदा :** पटमदा प्रखंड अंतर्गत बामनी उत्क्रमित मध्य विद्यालय में बामनी -01 आंगनबाड़ी केंद्र के लिए सेविका चयन हेतु शनिवार को आयोजित आमसभा के दौरान ग्रामीणों ने हंगामा कर दिया। इसके बाद भाजपा के एक स्थानीय नेता द्वारा रजिस्टर फाड़ देने से चयन समिति के सदस्य बैरंग लौटे। इस संबंध में सीडीपीओ सुनीता केरकेट्टा ने बताया कि जिला प्रशासन के आदेश पर सुबह 11 बजे बामनी उत्क्रमित मध्य विद्यालय पहुंचने के बाद विभागीय गाइडलाइन के अनुसार आमसभा की कार्यवाही शुरू की जा रही थी तो बामनी गांव के वार्ड सदस्य के नेतृत्व में कुछ लोगों ने यह कहकर विरोध शुरू कर दिया कि इसमें सिर्फ बामनी गांव के लोगों को ही मौका मिलेगा एवं इसके पोषक क्षेत्र में आने वाले कुंदरूकोचा के ग्रामीणों को इसमें शामिल नहीं करने दिया जाएगा। जबकि गाइडलाइन में साफ लिखा है कि आवेदिका पोषक क्षेत्र के गांव की बहू होनी चाहिए। इस बात को लेकर हंगामा होने पर उन्होंने आमसभा की कार्यवाही को रद्द कर दिया। मौके पर प्रखंड प्रमुख बालिका सोरेन, जिला परिषद सदस्य प्रदीप बेसरा, सांसद प्रतिनिधि महावीर महतो, विधायक प्रतिनिधि चन्द्रशेखर टुडू, मुखिया गंगाधर सिंह, पंसस कुनामी सोरेन, वार्ड सदस्य शिखा मंडल, ग्राम प्रधान खगेंद्र नाथ टुडू , प्रभारी सेविका सोहागी, एएनएम व प्रधानाध्यापक आदि के अलावे 100 से अधिक ग्रामीण मौजूद थे। वहीं नाराज भाजपा नेता ने रजिस्टर पर अंकित रद्द यह स्थगित शब्द को काटने की जिद पर अड़ गए। जब सीडीपीओ ने इससे इंकार करते हुए वहां से जाने की तैयारी करने लगी तो महिला पर्यवेक्षक के बैग में मौजूद रजिस्टर को निकालकर उसका एक पन्ना को फाड़ दिया गया। इसके बाद भाजपा नेता सभी को बताने लगे कि रजिस्टर को फाड़ दिया गया है। दोपहर करीब एक बजे महिला पर्यवेक्षक सुमन कोरिया द्वारा पटमदा थाना को सूचित किए जाने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले को शांत कराया। इस संबंध में सीडीपीओ ने बताया कि घटना की लिखित जानकारी जिला प्रशासन को भेज दी जाएगी और वरीय अधिकारियों के दिशा निर्देश पर रजिस्टर फाड़ने के आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि सरकार के गाइडलाइन के अनुसार ही काम होगा। बताते हैं कि बामनी -01 केंद्र के पोषक क्षेत्र में कुल आबादी 976 है। जिसमें बामनी गांव के बामनी व बड़डीह टोला में 728 जबकि कुंदरूकोचा में 248 है। इसमें अनुसूचित जनजाति 592, अनुसूचित जाति 76, अत्यंत पिछड़ा वर्ग 194 एवं अन्य 114 है।

## हरिभंजा में 108 कलश पानी से जगन्नाथ, बलभद्र, देवी सुभद्रा व सुदर्शन ने किया स्नान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खरसावां :** खरसावां के प्रसिद्ध हरिभंजा के जगन्नाथ मंदिरों में प्रभु जगन्नाथ, बलभद्र, देवी सुभद्रा व सुदर्शन को मंदिरकेरत्न सिंहासन से सभी स्नानमंडप तक लाया गया। इसके पश्चात महास्नान के सभी रस्मों को निभाया गया। मौके पर प्रभु जगन्नाथ बलभद्र व देवी सुभद्रा का 108 कलश पानी से महास्नान कराया। प्रभु जगन्नाथ को 35 कलश, बड़े भाई बलभद्र को 42 कलश, बहन सुभद्रा को 20 कलश व सुदर्शन को 11 कलश पानी से स्नान कराया गया। इसके अलावे अगुरु, चंदन, गाय का घी, दूध, दही, मधु व हल्दी आदि का लेप भी लगाया गया। इस दौरान मुख्य रुप से पुरोहित प्रदीप कुमार दाश, भरत त्रिपाठी, जमीनदार विद्या विनोद सिंहदेव, संजय सिंहदेव, राजेश सिंहदेव, राणा सिंहदेव, जगन्नाथ त्रिपाठी, शचिंद्र कुमार दाश, मोहित दाश व धनंजय सिंहदेव समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु जुटे थे। परंपरा के अनुसार अत्याधिक स्नान कर भगवान बीमार हो गये हैं तथा उपचार हेतु उन्हें मंदिर के अणसर गृह में रखा गया है। अब 15 दिनों तक प्रभु जगन्नाथ, बलभद्र व देवी सुभदा का अलग-अलग तरह की जड़ी-बूटी देकर उपचार किया जायेगा। इन 15 दिनों में किसी को भी प्रभु जगन्नाथ, बलभद्र व सुभद्रा के दर्शन नहीं होंगे। 7 जुलाई को नेत्र उत्सव पर प्रभु नये रंग-रुप में अपने भक्तों को दर्शन देंगे। इस दिन ही वार्षिक रथ यात्रा भी निकाली जायेगी।

## बोड़ाम प्रखंड सभागार में प्रखंड स्तरीय मेट प्रशिक्षण सह बैठक संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता



**पटमदा :** बोड़ाम प्रखंड कार्यालय सभागार में शनिवार को टैगोर सोसाइटी फॉर रूराल डेवलपमेंट बोड़ाम की ओर से एक दिवसीय प्रखंड स्तरीय मेट प्रशिक्षण एवं मेट फोरम बैठक का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल सभी ने अपना-अपना परिचय देते हुए मेट के कार्यो का अनुभव शेयर किया। इस दौरान आम बागवानी की प्राक्कलित राशि तथा नया तकनीक के बारे में जानकारी दी गई। बीपीओ बंधु कुशल महतो ने आम बागवानी के बारे में मेट को बारीकी से जानकारी दी। उन्होंने पौधे को गर्मी से कैसे बचाया जा सकता है उस पर जानकारी दी। एई ने नया तालाब खुदाई के बारे में मॉडल इस्टीमेट तथा तरीका के बारे में जानकारी दी।जेई ने सीएफटी कैसे निकाला जाता है उसके बारे में जानकारी दी। एक मानदेय का काम करने के लिए कितना की मापी लेना चाहिए आदि। टीएसआरडी के रूपाली बॉक्सी ने आम बागवानी के सारे गाईड लाइन के बारे में जानकारी दी। बैठक में बीडीओ नाजिया अफरोज के अलावा सभी रोजगार सेवक आदि मौजूद थे।

## गम्हरिया प्रखंड मुख्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित




प्रभात मंत्र संवाददाता

**गम्हरिया :** जिले को नशामुक्त बनाने की पहल को लेकर शनिवार को गम्हरिया प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर कर्मियों समेत आमलोगों को नशा से दूर रहने की अपील की गई। इस दौरान नशा से समाज में हो रहे बदलाव व कुरीतियों के बावत भी बताया गया। मौके पर उपस्थित बीडीओ प्रवीण कुमार ने कहा कि वर्तमान में अधिकांश युवा नशे का शिकार हो रहे हैं जिससे समाज व परिवार में घरेलू कलह, महिला उत्पीड़न की घटनाएं हो रही है। साथ ही सड़क दुर्घटनाओं, चोरी, छिनतई समेत आपराधिक घटनाओं में भी वृद्धि हो रही है। अतः नशे की लत से दूर रहने की जरूरत है। इस मौके पर प्रखंड व अंचलकर्मियो समेत मौजूद सभी लोगों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर अंचलाधिकारी कौशल किशोर, सीडीपीओ सुरुचि प्रसाद समेत प्रखंड स्तरीय सभी पदाधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम के पश्चात आंगनबाड़ी सेविका व सहायिकाओं द्वारा नशामुक्ति रैली निकाली गई।

## सरकार योगा एकेडमी के प्रशिक्षणार्थियों ने योग दिवस मनाया




प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** योग के प्रति समर्पित संस्था 'सरकार योगा एकेडमी' में आज वहां प्रशिक्षण लेनेवालों के साथ योग दिवस मनाया गया. इसका शुभारंभ अंतर्राष्ट्रीय योग गुरु अंशु सरकार ने किया. मौके पर एकेडमी के गौरव प्रसाद को बेहतर उपस्थिति के लिये पुरस्कृत किया गया. मौजूद प्रशिक्षणार्थियों को योग के प्रशिक्षण के साथ-साथ थैरेपेडिक जानकारी भी दी गई. सात ही आगामी वर्ष इसे वृहद रुप से आउटडोर में मनाने का निर्णय लिया गया।

# रोटरैक्ट क्लब ऑफ करीम सिटी कॉलेज, जमशेदपुर में विशेष क्लब दौरा

प्रभात मंत्र संवाददाता



**जमशेदपुर :** रोटरैक्ट क्लब ऑफ करीम सिटी कॉलेज, जमशेदपुर में शनिवार को एक महत्वपूर्ण क्लब दौरे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कई प्रतिष्ठित सदस्य उपस्थित थे। जिनमें शामिल हैं। वैभव ठाकुर, आयुष शाश्वत, रिंकू कुमार, मोशीखा सिंघा, फहद सिद्दीकी कॉलेज के प्रिंसिपल, डॉ. रियाज ने भी इस कार्यक्रम में अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। रोटरैक्ट क्लब के टीम सदस्यों में अध्यक्ष मोहम्मद शाहिद रजा, आयुष पाठक, अमानुद्दीन अंसारी, अतीका महफूज़, गौरव कुमार और पी. आशीष कुमार शामिल थे। इस अवसर पर उपस्थित सभी सदस्यों ने क्लब की गतिविधियों और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की। कार्यक्रम का उद्देश्य रोटरैक्ट क्लब की उन्नति और समाज सेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को मजबूत करना था।

## ग्राम देवी देवताओं के साथ मां रंकिणी की हुई पूजा अर्चना

प्रभात मंत्र संवाददाता



**चांडिल :** सरायकेला जिला के विभिन्न पंचायतों में शनिवार को अंबुवाची (अम्बावती) के अवसर पर ग्राम देवी देवताओं के साथ मां रंकिणी की पूजा की गई । चांडिल प्रखंड के सहरबेरा देलीपाठ में आज होने वाली इस ग्राम पहाड़ पूजा को लेकर कमेटी के सदस्यों के द्वारा साफ सफाई सहित रंग रोहन का काम सम्पत कर पूजा शुरू की गई । कमेटी के सदस्य व पूर्व पुजारी लाया के पुत्र हरी प्रसाद सिंह ने बताया कि दैलीपाठ थान की पूजा वर्षो पुरानी है। कहा जाता है कि वर्षों पहले यहां पूजा की शुरुआत की गई थी। पूर्वजों का मानना है कि इस दैलीपाठ ग्राम पूजा पहाड़ो में दोनों देवी देवता का वास है। गांव के लोग सुख शांति समृद्धि अच्छी बारिश और निरोग रहने को लेकर पूजा पाठ करते हैं। यहां एक मान्यता और भी है कि यहां पर संतान प्राप्ति को लेकर जो भी मन्नतें की जाती है वह पूरी होती है। उन्होंने बताया कि इस प्रकृति ग्राम पूजा में लोगों की मन्नतें पूरी होने पर फूल पुष्प, लड्डू, बकरा की बली दि जाती है। गांव में किसी प्रकार की महामारी ना आए जिसको लेकर ग्रामीण गांव के उत्तर दिशा में उत्तरीपाठ की पूजा की जाती है जहां एक भेड़ा की बली की जाती है।

# पूर्वी सिंहभूम में कुड़मालि भाषा के एक भी शिक्षक की बहाली नहीं होना दुर्भाग्यपूर्ण : छात्र संगठन

प्रभात मंत्र संवाददाता



**पटमदा :** कुड़मालि छात्र संघ की एक बैठक शनिवार को पटमदा के कुड़मालि भवन लोवाडीह परिसर में समाज के पूर्णचन्द्र महतो की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस दौरान विश्वनाथ महतो ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा शिक्षकों की बहाली हेतु जो फॉर्मेट जारी किया है उसमें काफी त्रुटियां हैं। यही वजह है कि लाखों की संख्या में जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा बोलने वाले समुदाय के अंतर्गत संथाल समुदाय की भाषा संथाली, मुंडा समुदाय की मुंडारी, भूमिज की भूमिज, हो की हो, कुड़मी समुदाय की कुड़मालि बोलने वाले लोगों के लिए एक भी शिक्षक की बहाली नहीं होने जा रही है। यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है। इससे समाज के लोगों में भारी नाराजगी है।बैठक में 24 जून को मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन से मिलकर एक ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया है। इस दौरान कई निर्णय लिया गया। जिसमें सर्वेक्षण फर्म को रद्द करते हुए पुनः सर्वेक्षण कर जिस विद्यालय में 10 या उससे अधिक छात्र छात्राएं है जल्द शिक्षकों (कुड़मालि भाषा) की नियुक्ति की जाय अन्यथा समाज उग्र आन्दोलन करने को बाध्य होगी। बैठक में मुख्य रूप से जयराम महतो, फनीभूषण महतो, अमित महतो, डाःमाधव महतो, रामकृष्ण महतो, प्रह्लाद महतो, हितु महतो, गोराचांद, शिला रिता, क्षमा, कलाबती व मोनिका आदि शामिल थे।

# कुकरू प्रखंड में सुब्रतो कप का हुआ आयोजन

**अंडर 15 वर्ग में मध्य विद्यालय कूदा, अंडर 17 बालक वर्ग में उवि इचाडीह बालिका वर्ग में झाआवि कुकरू बना चैंपियन**

प्रभात मंत्र संवाददाता



**तिरुलडीह :** प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी की ओर से आयोजित प्रखंड स्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता का शनिवार को समापन हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन शुक्रवार की सुबह 9 बजे विधिवत किया गया था। उद्घाटन मैच मध्य विद्यालय पांड्रा और मध्य विद्यालय सिरूम के बीच हुआ। जिसमे मध्य विद्यालय सिरुम विजय हुआ। प्रतियोगिता के अंतिम दिन अंडर 15 बालक वर्ग का फाइनल मुकाबला मध्य विद्यालय सिरूम और उ मध्य विद्यालय कूदा के बीच खेला गया जिसमें उत्क्रमित मध्य कुदा विजय हुआ और चैंपियन का खिताब हासिल किया और मध्य विद्यालय सिरूम उपविजेता रही। वहीं अंडर 17 बालक वर्ग का फाइनल मुकाबला उच्च विद्यालय इचाडीह और उच्च विद्यालय तिरुलडीह के बीच हुआ जिसमे उच्च विद्यालय इचाडीह विजय हुआ। वहीं उच्च विद्यालय तिरुलडीह उपविजेता रही। वहीं बालिका वर्ग में झारखंड बालिका आवासीय वि कुकरू विजेता बना। सभी विजेता और उपविजेता टीम के खिलाडियों को ट्रॉफी पदक और सार्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। सभी विजेता टीम के खिलाड़ी जिला स्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता में प्रखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे। मौके पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी सुचित्रा महतो, बीआरपी नरेश चंद्र महतो , गणेश चंद्र महतो, इंद्रजीत प्रमाणिक, शिक्षक लक्ष्मण महतो , सुभाष महतो, नरोत्तम महतो , विष्णु कुमार एवं अन्य शिक्षक मौके पर उपस्थित थे।

# ईचागढ़ में आजसू ने स्थापना दिवस को बलिदान दिवस के रूप में मनाया

प्रभात मंत्र संवाददाता




**चांडिल :** आजसू पार्टी ने ईचागढ़ विधान सभा क्षेत्र में 38 वें स्थापना दिवस को बलिदान दिवस के रूप में मनाया। आजसू पार्टी के ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के प्रधान कार्यालय चिलगु में शहीद निर्मल महतो को श्रद्धांजलि देकर कार्यक्रम शुरू किया गया। उपस्थित कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि आजसू के केंद्रीय महासचिव हरेलाल महतो ने कहा कि आज ही के दिन 1986 को जमशेदपुर में झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता निर्मल महतो ने आजसू पार्टी की नींव रखी थी। उस समय से आजसू पार्टी झारखंड अलग राज्य के आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाना शुरू किया। आजसू का आंदोलन भारत के स्वाधीनता आंदोलन में सुभाष चंद्र बोस की नीति पर किया गया था। आजसू ने 1989 में लोकसभा चुनावों का बहिष्कार करने के लिए आम हड़तालें और अभियान चलाया। 1990 में आजसू पार्टी द्वारा झारखंड एकता पदयात्रा निकाली गई जिसने 15 दिनों में 600 किलोमीटर पदयात्रा किया।1990 में आजसू ने झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के चुनाव चिन्ह पर बिहार राज्य विधानसभा चुनाव लड़ा। वर्तमान में, आजसू अपने चुनाव चिन्ह से चुनाव लड़ती है और झारखंड के एक सक्रिय राजनीति दल के रूप में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि आजसू पार्टी हमेशा शोषित, पीड़ित, दबे, कुचले जनताओं को अधिकार दिलाने का काम करता है। पौधे वितरण कर पर्यावरण बचाने का संकल्प लिया।आजसू के केंद्रीय महासचिव हरेलाल महतो ने सैकड़ों कार्यकर्ताओं को पौधे देकर पर्यावरण बचाने के लिए प्रोत्साहित किया।

*आजसू ने स्थापना दिवस को बलिदान दिवस के रूप मे मनाया, जुटे हजारों युवा लगे सैकड़ो पौधे*

# निर्मल दा की सोच सुदेश के संघर्ष से झारखंड राज्य का उदय : सहिस

प्रभात मंत्र संवाददाता



**जमशेदपुर :** शनिवार को आजसू पार्टी पूर्वी सिंहभूम जिला समिति द्वारा सभी विधानसभा क्षेत्रों मे पार्टी द्वारा स्थापना दिवस को बलिदान दिवस के रूप मनाया गया। साथ ही युवाओं को जोड़ने और सभी जिलों में 1000 पौधे लगाए गए। पूर्वी और पश्चिम विधानसभा का स्थापना दिवस एग्रिको क्लब हॉउस मे मनाया गया। जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के सरजमदा स्थित सोपोडेरा फुटबाल मैदान मे मनाया गया। पोटका के बागबेडा स्थित समुदायिक भवन में मनाया गया तो बहरागोड़ा के चाकुलिया प्रखंड में मनाया गया। जबकि घाटशिला विधानसभा क्षेत्र का कार्यक्रम मुसाबानी में मनाया गया। कार्यक्रम मे एलइडी के माध्यम से 15 मिनट का डाक्यूमेंट्री फ़िल्म दिखाया गया जिसमे राज्य मे आजसू क्यों जरूरी है, आजसू का परिचय, आजसू ने राज्य निर्माण मे किया क्या है ,आजसू का उदय और राजनीती पर अबतक़ के बलिदान और उसके सपने को कैसे साकार करना है, दिखाया गया । कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री सह आजसू पार्टी के केंद्रीय प्रधान महासचिव रामचंद्र सहिस ने कहा कि आज का दिन आजसू पार्टी का स्वर्णिम दिन है, इस दिन निर्मल दा की सोच उनकी परिकल्पना और सुदेश दा के लम्बे संघर्ष उनके दुर्दर्शी विविधता के साथ साथ युवाओ को नितरंतर आगे बढ़ाने की सोच की बदौलत ही इस अलग राज्य का उदय हुआ है और आज आजसू पार्टी के हजारों नौजवानो ने अपने खून और पसीनों के साथ इस राज्य के निर्माण में अपनी बलिदानी दिया है तभी इस राज्य का निर्माण हुआ है। कन्हैया सिंह ने कहा की जिन विषयों को लेकर राज्य की लड़ाई आजसू ने लड़ी उनमें अब तक कोई बदलाव नहीं हुआ बल्कि राज्य निर्माण मे सौदा करने वाले आज भी राज्य के साथ राज्य के युवाओ के साथ उनके युवा सोच के साथ लूटने और छलने का कार्य किया है, इसलिए पुनः पार्टी और पार्टी सुप्रीमो ने युवाओं को आगाह करने और युवा सोच के साथ राज्य को गढ़ने और सवारने के लिए उन्हें एकजुट करने और रजनितिक पटल पर नई उलगुलान करने का संकल्प लेकर आगे बढ़ना है।मौके पर स्वपन कुमार सिंहदेव, चंद्रगुप्त सिंह, सागेन हांसदा, डोमन टुडू, रविशंकर मौर्या, संजय सिंह, संजय मलाकार, अप्पू तिवारी, हेमंत पाठक, संगीता कुमारी, मंजू राज, सोमू भौमिक, धर्मबीर सिंह, धीरज यादव, संतोष सिंह, राजेश कर्मकार, ठाकुर दास महतो, निरंजन महतो, कृतिवास मंडल, मंगल टुडू, बबलू करुआ, समेत अन्य मौजूद रहे।

### योग दिवस के अवसर पर किया गया योगाभ्यास

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के प्रांगण में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बाजकुम लातेहार स्टेशन में 21 जून 2024 दिन शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। प्रधानाचार्य राजबल्लम शर्मा एवं उपाध्यक्ष आरती देवी के दिशा निर्देश में प्रातः 7:00 बजे से विद्यालय परिसर में अंतरराष्ट्रीय योग्य दिवस का शुभारंभ किया गया। योग प्रारंभ से पूर्व दीप प्रज्वलित किया गया तत्पश्चात सभी आचार्यो के देखरेख में सभी भैया बहनों को योग स्थल में पंक्तिबद्ध बैठाया गया।योग प्रमुख अजीत एवं उप प्रमुख जय नारायण सिंह के द्वारा अनुलोम विलोम, कपालभाति, वज्रासन, मंडूकासन, एवं मंत्र उच्चारण के साथ सूर्य नमस्कार इत्यादि अनेक प्रकार के योग भैया बहनों से कराया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के पूर्व छात्र शिवव्रत कुमार एवं भैया राहुल कुमार इस कार्यक्रम में शामिल रहे। छायांकन आकाश कुमार आचार्य के द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी आचार्य, दीदी एवं सभी कर्मचारियों का सहयोग की भूमिका सराहनीय रहा। कार्यक्रम का समापन प्रात्त 9:00 बजे प्रधानाचार्य के प्रेरणादाई आशीर्वचनों के साथ संपन्न हुआ। एवं अंत में भैया बहनों को जलपान के रूप में चना एवं गुड़ वितरण किया गया।

## सुलभ शौचालय में चल रहे अवैध दुकान को बंद करने का दिया गया निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** सिमरिया अनुमंडल पदाधिकारी सन्नी राज ने शनिवार को सिमरिया चौक में स्थित सुलभ शौचालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शौचालय में चल रहे अवैध दुकान के संबंध में जानकारी प्राप्त की तथा उसे अविलंब बंद करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने दुकानदार से इस दुकान का आवंटन संबंधित कागजात लेकर कार्यालय पहुंचने का निर्देश दिया। दरअसल दुकान के संचालक का कहना था कि उन्हें यह दुकान जिला परिषद के द्वारा आवंटित किया गया है। जबकि शौचालय पंचायत मद के 14 वें वित से निर्मित है और उसके देखरेख की जिम्मेवारी भी पंचायत को ही है। ऐसे में जिला परिषद ने शौचालय के दुकान को किस प्रकार आवंटित किया है यह जांच का विषय है। जबकि सुलभ शौचालय में बने दुकानदार का कहना है कि हम जिला परिषद को प्रतिमाह किराया देते है। और जिला परिषद से एग्रीमेंट है। अनुमंडल पदाधिकारी ने बताया कि उन्हें शौचालय में दुकान संचालित किए जाने की शिकायत प्राप्त हुई थी जिसकी जांच पड़ताल के लिए शौचालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के बाद दुकानदार को दुकान बंद करने का निर्देश दिया गया है। निरीक्षण में सीओ धर्मेंद्र कुमार दुबे और बीडीओ विनय कुमार सहित चौक के दुकानदार उपस्थित थे।

## प्रखंड स्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ समापन, विजेता हुए पुरस्कृत



**टंडवा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शुक्रवार को आयोजित प्रखंड स्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता में बालिका वर्ग के अंडर 17 व बालक वर्ग के अंडर 15 मैच का सफल समापन हो गया। इस दौरान बालिका वर्ग के फाइनल मुकाबले में कस्तुरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय टंडवा ने प्लस 2 विद्यालय बचरा को पराजित कर खिताब अपने नाम किया।जबकि बालक वर्ग 17 का मुकाबला अपग्रेडेड प्लस 2 दुंदुआ बनाम प्लस 2 विद्यालय टंडवा के बीच हुआ जिसमें दुंदुआ विजयी हुआ। वहीं अंडर 15 बालक वर्ग में उत्क्रमित मध्य विद्यालय दुंदुआ की जीत हुई। सभी विजेताओं व बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन कर अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बीडीओ देवलाल उरांव समेत बीपीओ महाबीर पासवान व सहायक अध्यापक संघ के प्रखंड अध्यक्ष सुमन भारतीय, खेल शिक्षक सूरज कुमार, रिसोर्स शिक्षक मुकेश आनंद, रुप कान्ति सामन्ता, रजी अहमद, अजय कुमार, हेमनती कुमारी व अन्य मौजूद थे।

## जिला स्तरीय भीम आर्मी की हुई बैठक



**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले मुख्यालय के तपेज के नवनिर्मित होटल में जिला स्तरीय भीम आर्मी की बैठक किया गया। बैठक में जिले के सैकड़ो लोग शामिल हुए। बैठक में मुख्य रूप से शोषित दबे कुचले दलित पिछड़ी अगड़ी को न्याय के लिए भीम आर्मी के जवान हमेशा तत्पर है और रहेगा। साथ हीं संगठन को मजबूत और धारदार बनाने के लिए जिले के सभी प्रखंडों से लेकर सभी पंचायतों में भीम आर्मी के युवाओं को संगठित किया जा रहा है और किया जाएगा। वहीं नए दर्जनों युवा भीम आर्मी में सदस्यता ग्रहण किया और शपथ लिया की हम सभी समाज के लोगों के साथ न्याय के लिए खड़े हैं। सभी नए सदस्यों को माला पहना कर स्वागत किया गया। पदाधिकारियों ने कहा कि आज संविधान के साथ छेड़छाड़ कर नया संविधान रचने का कार्य किया जा रहा है। साथ हीं संविधान को हीं मिटाने की कोशिश निरंतर जारी है। हम सभी लोगों को कर्तव्य बनता है कि संविधान को बचाने एवं शोषित दलित दबे कुचले एवं पिछड़ी अगड़ी समाज के न्याय के लिए हमें एक जुट होकर आवाज बुलंद करते हुए न्याय के लिए आगे आना है और न्याय दिलाना हीं मेरा असली मकसद है। मौके पर प्रदेश प्रवक्ता डॉक्टर युगेश कुमार, जिला अध्यक्ष आफताब अहमद, महिला प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष शारदा देवी, संगठन मंत्री मुकेश कुमार रवि, जिला सचिव हाफिज मो तस्लीम अंसारी, कोषाध्यक्ष विंदु कुमार के अलावे सैकड़ों भीम आर्मी के कार्यकर्ता एक पदाधिकारी शामिल थे।

## जोरी कलां मुखिया मो शमशाद के जनाजे में जन प्रतिनिधि और सभी समुदाय के लोग हुए शामिल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हंटरगंज :** प्रखण्ड के पंचायत जोरी कलां मुखिया मो शमशाद के आकस्मिक निधन की खबर सुनकर सूबे के श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास सह उधोग मंत्री सत्यानंद भोगता उनके परिजन से मिलकर गहरा दुख प्रकट किया और हर संभव सहायता करने का आश्वासन दिया। इनके अचानक मौत की खबर सुनकर प्रखण्ड समेत पंचायत के सभी समुदाय के लोगों ने दुख प्रकट करते हुए ईश्वर से जन्नत में जगह देने का प्रार्थना किया है। मुखिया मो शमशाद के जनाजे की नमाज चतरा शहर ए काजी सह प्राचार्य अरबी कॉलेज मुफ्ती नज़र तौहीद ने पढ़ाई।हजारों की संख्या में क्षेत्र के सभी समुदाय के लोग उनके जनाजे में शामिल हो कर नम आंखों से अलविदा कहा। जोरी स्थित पानी टंकी कब्रिस्तान में उन्हें दफन किया गया। भरा पूरा खानदान में पत्नी अफसाना खातून, पुत्री समीरन नाज, जरीन नाज, इमरन नाज और एक पुत्र मो तहसीन को हमेशा के लिए इस फानी दुनिया को अलविदा कह गए। इनके अतिरिक्त चार छोटे भाई और चार बहन और पिता भी हैं। दो भाई पुलिस डिपार्टमेंट में जॉब करते हैं। उनके कुशल व्यवहार और मानवीय प्रेम ने उन्हें और जन प्रतिनिधियों से समाज में एक अलग पहचान दिया।यही वजह है कि उनके जनाजे में पंचायत प्रतिनिधियों के अतिरिक्त जोरी थाना प्रभारी तिलेश्वर कुमार पुरे दल बल के साथ अंतिम समय तक कब्रिस्तान में जमे रहे।उनके अतिरिक्त प्रमुख पति सह समाज सेवी कमलेश यादव, उप प्रमुख राहुल गुप्ता, जिप सदस्य, राजिव रजक, राजेश कुमार, कुमार के अतिरिक्त दर्जनों लोग उपस्थित थे।ज्ञात हो की मुखिया मो शमशाद हर्ट और अन्य कई बिमारियों से पीड़ित थे।रांची में ईलाज के बाद बेहतर उपचार के लिए उन्हें पन्द्रह दिन पहले सीएमसी भेलोर रेफर कर दिया गया था।

## मंत्री सत्यानन्द भोक्ता पहुंचे हंटरगंज, विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का स्वीकृति पत्र समेत करोड़ों रुपए के परिसंपत्तियों का किया वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** मंत्री श्त्यानन्द एक दिवसीय दौरा पर आज हंटरगंज पहुँचे। मंत्री श्री भोगता का हंटरगंज प्रखंड कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। मंत्री श्री भोगता के कार्यक्रम में आगमन पर अनुमंडल पदाधिकारी सुरेंद्र उराँव ने पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। इसके उपरांत मंत्री ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। ततपश्चात योग्य लाभुकों के बीच अबुवा आवास, सर्वजन पेंशन योजना, छात्रवृत्ति योजना, साइकिल वितरण योजना, बकरी विरतण योजना समेत अन्य कई जनकल्याणकारी योजनाओं का स्वीकृति पत्र, करोड़ों रुपए की परिसंपत्तियों का वितरण किया। कार्यक्रम के मौके पर 20 सूत्री जिला उपाध्यक्ष प्रभुदयाल यादव, जिला मंत्री प्रतिनिधि चंद्रिका यादव, प्रखंड मंत्री प्रतिनिधि देवलाल यादव, 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष चंद्रदेव यादव, प्रमुख ममता कुमारी, राजद प्रखंड अध्यक्ष अशोक यादव समेत कई गणमान्य मौजूद रहे।

## बिजली के चपेट में आने से बच्चा झुलसा



**कुंदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुंदा थाना क्षेत्र के अखरा गांव निवासी ननटू भारती का दस वर्षीय पुत्र अमन कुमार करंट लगने से जख्मी हो गया। घटना शनिवार लगभग दोपहर तीन बजे की बतायी जा रही है।अमन कुमार पेड़ पर चढ़ कर जामुन खा रहा था।उसी जामुन से होकर बिजली का केबल गुजर रहा था, इसी क्रम में बिजली के तार के संपर्क में आ गया और वह जख्मी हो गया।करंट लगने से घायल बच्चे को आनन फानन में परिजनों ने इलाज के लिए स्वास्थ्य केंद्र कुन्दा लाया जहाँ स्थिति को देखते हुए उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है। घायल बच्चे को परिजनों ने 108 वाहन की सहायता से इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया है।

## बारेसांढ़ बाजार के शिव मंदिर प्रांगण में हुआ रुद्राभिषेक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गारु :** बारेसांढ़ बाजार के शिव मंदिर के प्रांगण में धूमधाम से हुआ रुद्राभिषेक। सभी भक्तों ने भगवान शिव के शिवलिंग को जल अर्पित किया। एवं पूजा अर्चना किया। रुद्राभिषेक में भगवान शंकर के रुद्र अवतार की पूजा की जाती है रुद्राभिषेक में शिवलिंग को पवित्र स्नान कराकर उसके पूजा अर्चना की जाती है। भक्तों का मानना है कि भगवान शिव अपने भक्तों की पूजा से बहुत जल्द प्रसन्न हो जाते हैं विशेष मनोकामना पूर्ति के लिए शिव का रुद्राभिषेक करना सबसे शुभ माना गया है। धार्मिक मान्यताओं का अनुसार सभी देवताओं की आत्मा में भगवान सदाशिव रुद्र विराजमान है इनकी पूजा करने से सभी देवताओं की पूजा हो जाती है। भगवान भोलेनाथ महाकाल है इनकी पूजा से अकाल मृत्यु का संकट भी दूर हो जाता है।

## आजसू ने बलिदान दिवस के रूप में 37 वां स्थापना दिवस मनाया

### स्थापना दिवस के अवसर पर किया गया पौधारोपण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला मुख्यालय स्थित माको डाक बंगला में 22 जून 2024 दिन शनिवार को आजसू पार्टी ने बलिदान दिवस के रूप में 37वां स्थापना दिवस मनाया। इस कार्यक्रम कि अध्यक्षता आजसू जिला अध्यक्ष अमित पाण्डेय ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय सचिव जितेंद्र कुमार सिंह केंद्रीय सदस्य राकेश सिंह पंकज साहू सरवन पाण्डेय उपस्थित थे।मंच का संचालन जिला कोषाध्यक्ष सद्दाम अंसारी ने किया।सर्वप्रथम 100 पौधारोपण कर कार्यक्रम कि शुरुवात कि गई।मौके पर जिलाध्यक्ष ने कहा कि आजसू पार्टी के संघर्षो का परिणाम है कि झारखंड राज्य अलग हुआ हमने झारखंड आंदोलन में बहुत से अपनो को खोया है इसी कारण आज स्थापना दिवस को बलिदान दिवस के रूप में मना रहे हैं। आजसू पार्टी जिले के सभी प्रखंडों में सेवा केंद्र खोलेगी जिसमें आम जनता कि शिकायतों का समाधान के लिए मदद कि जाएगी। आजसू लातेहार के सभी पंचायतों में चौपाल लगा के जनता कि समस्याओं का संग्रह कर उसके समाधान के लिए आंदोलन करेगी और इस ठगबंधन कि सरकार के असली चेहरे को उजागर करेगी। केंद्रीय सचिव जितेंद्र सिंह ने कहा कि आजसू के एक एक कार्यकर्ता समाज के प्रति समर्पित है हम झारखंड बना सकते हैं तो झारखंड चला भी सकते है। केंद्रीय सदस्य राकेश सिंह ने कहा आजसू ने झारखंड बनाया है और उसे संवारने का जिम्मा भी आजसू का है सभी लोग कमर कस लें लोगों को आजसू से उम्मीद है उसपर हम खरे उतरने का प्रयास करें।जिला उपाध्यक्ष श्रवण पासवान ने कहा कि आजसू पार्टी झारखंड का पहला एक ऐसा पार्टी है जो जनसमस्याओं से जूड़ी किसी भी मुद्दे को उठाने में आगे रहती है यह एक संघर्षशील एवं युवा गरीब नौजवानों की पार्टी है। मौके पर आजसू पार्टी के इतिहास एवं संघर्षो पर निर्मित शॉर्ट फिल्म को आजसू के कार्यकर्ताओं ने देखा एवं विभिन्न वक्ताओं ने अपना मंतव्य दिया। वहीं कार्यक्रम के दौरान आजसू पार्टी के नीति सिद्धांतों से प्रेरित होकर रवि वर्मा ने आजसू पार्टी कि सदस्यता ली।मौके पर ओबीसी के जिला अध्यक्ष नितेश जयसवाल महिला मोर्चा के जिला अध्यक्षा रीमा देवी जिला कोषाध्यक्ष सद्दाम अंसारी जिला उपाध्यक्ष बिट्टू दास नगर अध्यक्ष प्रशांत कुमार प्रिंस छात्र संघ के जिला अध्यक्ष अभिजीत सोनू लातेहार प्रखंड अध्यक्ष अमर उरांव विवेक कुमार दुबे बिनोद राम सौरभ कुमार नब्बू भुइंया मनिका प्रखंड अध्यक्ष नंदन कुमार मीना देवी निर्मला देवी आशीष कुमार विकाश साहू रामकुमार प्रसाद कैमुल अंसारी राहुल कुमार प्रजापती आशिक उरांव राहुल कुमार मुकेश सिंह नागेंद्र सिंह चेरो ब्रह्मदेव उरांव महेन्द्र सिंह प्रमिला देवी सलोनी तिर्की सहित सैकड़ों कि संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## उपायुक्त रमेश घोलप ने जनता दरबार के माध्यम से मिलने आए आमजनों की समस्याएं सुनी




**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप ने जनता दरबार के माध्यम से समस्याओं को लेकर मिलने आए आमजनों की समस्याएं सुनी।जनता दरबार में मुख्य रूप से भूमि विवाद, अबुआ आवास, राशन, भारतमाला परियोजना समेत अन्य मामला शामिल है। उपायुक्त ने एक एक कर मिलने आए सभी आमजनों के समस्याओं से जुड़े आवेदनों का अवलोकन कर जल्द से जल्द मामले का निष्पादन करने का भरोसा आमजनों को दिया।

### टोंगरी प्रीमियर लीग नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ समापन

## मुख्य अतिथि प्रकाश राम व विशिष्ट अतिथि अंचलाधिकारी द्वारा विजेता, उप विजेता टीम को किया गया पुरस्कृत




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट टोंगरी क्रिकेट क्लब के तत्वधान में खेलाए जा रहे नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन शुक्रवार की रात्रि में फाइनल मैच का मुकाबला सरीक 11 (अम्वाटिकर) बनाम कजरिया 11 (करकट) के बीच मैच खेला कर किया गया। जिसमें कजरिया 11 ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 12 ओवर में 165 रन बनाए जिसमें कजरिया की ओर गोलू ने सर्वाधिक 89 रन की पारी खेली 166 रन का पीछा करने उतरी सारिक 11 की टीम निर्धारित12 ओवर में 132 रन ही बना सकी। इसी के साथ कजरीया11 फाइनल मैच अपने नाम किया।इस समापन मैच के मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक प्रकाश राम उपस्थित थे। जिन्हें गौरव दास ने अंगवस्त्र व पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। साथ ही विशिष्ठ अतिथि के रूप में उपस्थित अंचल अधिकारी अरविन्द देवाशीष टोप्पो को सोनू सिंह ने अंगवस्त्र व पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया।साथ ही विजेता टीम को 35000 इनाम राशि के साथ ट्रॉफी उपविजेता टीम को 21000 इनाम राशि के साथ ट्रॉफी दिया गया। तथा मैन ऑफ द सीरीज उज्जवल चंद्र को 1100 रुपया प्लस ट्रॉफी,फाइनल मैच के मैन ऑफ द मैच कजरिया 11 के गोलू को दिया गया। साथ ही बेस्ट कॉमेंटेटर का अवार्ड गौरव दास व कुंदन गुप्ता, बेस्ट अंपायर में प्रदीप कुमार मिक्कू व सोनू सिंह बेस्ट स्कोरर श्याम साथ पिच क्यूरेटर विकास को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से अनिल सिंह, मोहर सिंह, पवन गुप्ता, अमित गुप्ता, राजकुमार पाठक, मुकेश पाण्डेय, राजीव रंजन देव पाण्डेय, सज्जन कुमार, पप्पन शोंडिक, आशीष लाल आदि उपस्थित रहे। मौके पर कमिटी के मेंबर में गौरव दास, अश्विनी सिंह, सोनू सिंह, बिनोद यादव, मिक्कू, विजय समीर, कुंदन गुप्ता, ललन, सुजीत जी, प्रकाश कुमार, शुभम आदि हजारों की संख्या में खेल प्रेमी व दर्शक उपस्थित थे।

## जेएसएलपीएस के तत्वाधान मे नशामुक्ति जागरुकता अभियान चला




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** लातेहार उपायुक्त गरिमा सिंह के निर्देशानुसार नशा मुक्ति जागरूकता अभियान को लेकर लातेहार के बारियातू प्रखंड के सभी पंचायत मे जेएसेएलपीएस के द्वारा काम नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चलाया गया । प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पंचायत बारियातु मे सीमा देवी डाढा पंचायत मे खुशबु देवी फुलसु मे सुचिता कुमारी गोनिया मे ममता देवी, बालुभांग मे श्वेता देवी,टोटी मे रानी तिग्गा अमरवाडिह में देवन्ती देवी सालवे मे खुशिलता देवी व शिबला पंचायत मे ममता देवी ने नशा मुक्ति अभियान का नेतृत्व किया। नशामुक्ति अभियान मे जेएसएलपिएस महिलाओं ने रैली और चौपाल के माध्यम से मादक पदार्थो के सेवन से होने वाले दुष्प्रभाव को लेकर लोगों को जागरूक किया। इस दौरान बीपीएम दिपक कुमार ने सखी मंडल के महिलाओं एवं ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा समाज के लिए घातक है।आज नशापान से दुर्घटना जैसी घटनाएं आम बात हो गई है और लोगों का असमय मृत्यु हो रही है। गांवों में मादक पदार्थो के सेवन से युवाओं की जिंदगी बर्बाद हो रही है गांवों में मादक पदार्थो की बिक्री और सेवन के कई दुष्प्रभाव को बताया. नशामुक्त समाज बनाने के लिए सखी मंडल की महिलाओं को बढ़ चढ़ कर भाग लेने की. साथ ही बताया की आपलोग की सहभागिता से गांव पंचायत नशा मुक्त हो सकेगा. और सरकार की महत्वकांक्षी योजना नशामुक्त समाज का कल्पना साकार हो पायेगा। उन्होंने कहा कि जेएसएलपीएस के द्वारा लातेहार जिला के सभी प्रखंडों के सभी ग्राम संगठनों के महिलाओं द्वारा नशा मुक्ति अभियान के तहत चौपाल, कैंडल मार्च, रैली एवं अन्य कार्यक्रम किया जा रहा है.यह कार्यक्रम 26 जून तक चलेगा। मौके पर सीसी सत्येन देवी, उतम कुमार, अनिल उरांव, अखिलेश कुमार सिंह, सुचित्रा देवी प्रमिला देवी सहित सखी मंडल के दर्जनों महिलाएं एवं ग्रामीण मौजूद थे।

## प्रतापपुर में ईंट लदा ट्रैक्टर पलटा, एक की हुई मौत एक अन्य गंभीर रूप से घायल



**प्रतापपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के भरही पंचायत के जाफरडीह में ट्रैक्टर दुर्घटना ग्रस्त,15 वर्षिय मजदूर अरुण भारती की हुई दर्दनाक मौत। एक अन्य गंभीर रूप से घायल।108 एम्बुलेंस की सेवा से पीएचसी में कराया गया भर्ती। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी कासिम अंसारी दल बल के साथ पहुंचे घटना स्थल बचाव कार्य में जुटे।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



# हजारीबाग विधानसभा में एक अनार सौ बीमार

## विधानसभा सीट के लिए टिकट की होड़, भाजपा और कांग्रेस के दावेदारों में मची होड़

**प्रभात मंत्र संवाददाता @ कुणाल यादव**

**हजारीबाग :** हजारीबाग विधानसभा कि सीट मनीष जायसवाल के सांसद बनने के बाद खाली हो गई है . राज्य मे जल्द ही विधानसभा के चुनाव भी होने है ऐसे मे हजारीबाग के कई नेता विधानसभा का टिकट पाने की जुगत मे भिड़ गए हैं. चूँकि भाजपा के लिए यह सीट सुरक्षित मानी जा रही है इसलिए भाजपा मे इस विधानसभा से टिकट चाहने वालों कि फेरहिस्त भी काफी लंबी है. भाजपा से टिकट कि चाहत रखनेवाले नेतागण के समर्थक इन दिनों सोशल मीडिया मे अपने अपने आकाओं के लिए टिकट कि मांग कर रहे हैं तो वहीं कुछ नेता स्वयं भी खुलकर अपने लिए बोल रहें हैं. हजारीबाग विधानसभा मे भाजपा से टिकट कि चाह रखने वालों कि नामों पर अगर चर्चा करें तो अब तक इस सूची मे एक दर्जन से अधिक नाम जुड़ चुके हैं. आलम यह है कि बीतते दिनों के साथ इस सूची मे नाम जुड़ते जा रहा है. इसमें संघ से नजदीकी रखने वाले भी हैं तो कुछ छात्र नेता से लेकर राज्य स्तर पर भाजपा के पदाधिकारी तक का सफर तय करने वाले तो कुछ दूसरे पार्टी छोड़कर भाजपा मे शामिल हुए नेता भी हैं तो वहीं जिले के नामी व्यवसायी भी हैं . भाजपा से टिकट पाने कि दौड़ मे एक महिला नेत्री का नाम भी इनदिनों चर्चा मे है. विशेष बात यह भी है की जिस नाम से कल तक लोग अंजान थे वैसे लोग भी टिकट पाने की जुगत भिड़ा रहे हैं. लोग हजारीबाग से दिल्ली तक सब जगह गोटी सेट करने की बात कर रहे हैं. होर्डिंग पोस्टर के अलावे क्षेत्र का भ्रमण कर भी अपने अपने चेहरे को चमकाने मे जुटे हुए हैं. वहीं अगर हम बात करे कांग्रेस कि तो यहाँ भी हजारीबाग विधानसभा से टिकट कि चाह रखने वाले कम नही है. पिछले विधानसभा मे टिकट ना मिलने पर कांग्रेस छोड़ जेवीएम से चुनाव लड़ने वाले जो अब पुनः कांग्रेस मे वापसी कर लिए हैं वे जोर शोर से चुनाव कि तैयारी मे जुटे हुए हैं वहीं कुशवाहा समाज से आनेवाले नेता जो पूर्व विधायक सौरभ नारायण सिंह के करीबी भी हैं वो भी दम भरते दिखाई दे रहें हैं. जिला अध्यक्ष पर भी लोगों कि नजरें टिकी हुई हैं. इसके अलावे भी सोशल मीडिया पर गाहे बगाहे कई नामों कि चर्चा टिकट को लेकर होते रहती है. अब यह देखना दिलचस्प होगा कि किसको किसको यहाँ से विधानसभा का टिकट मिलता है और जो अभी से ताल ठोक रहे हैं उन्हें यदि टिकट नही मिलता है तो उनकी भूमिका चुनाव मे क्या होती है.



# हजारीबाग और रामगढ़ के कई कार्यक्रमों में शामिल हुए सांसद मनीष जायसवाल

● आदमी जिंदा है तो दिखना जरूरी है, मैं दिखूंगा भी और आपका काम भी करूंगा : मनीष जायसवाल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित सांसद मनीष जायसवाल अपने प्रथम लोकसभा सत्र में जाने से पूर्व हजारीबाग और रामगढ़ जिला क्षेत्र के कई कार्यक्रमों में शामिल हुए और क्षेत्र में मतदाताओं के बीच पहुंचकर उन्हें अपना सांसद चुनने के लिए आभार जताया । शनिवार को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने हजारीबाग शहर के जैन मंदिर बड़ा बाजार के समीप अवस्थित संस्कार एनक्लेव सभागार परिषद में आयोजित हजारीबाग यूथ विंग के अभिनंदन समारोह सह सम्मान समारोह में और झिंझरिया पुल के समीप अवस्थित भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद के कार्यालय सभागार में महादलित परिसर, झारखंड के हजारीबाग इकाई द्वारा आयोजित अभिनंदन सह सम्मान समारोह में शामिल हुए और हजारीबाग विधानसभा क्षेत्र वासियों का चुनाव प्रचार में सबसे कम समय देने के बावजूद प्रचंड मतों से उन्हें जीत दिलाने के लिए आभार व्यक्त किया और धन्यवाद दिया। दोनों जगहों पर सांसद मनीष जायसवाल का अंग-वस्त्र भेंटकर और पुष्पगुच्छ देकर भव्य स्वागत किया गया । हजारीबाग के बाद रामगढ़ जिले के रामगढ़ कैंट के बिजुलिया स्थित चैम्बर भवन में आयोजित रामगढ़ चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के 31वीं वार्षिक आमसभा में अतिथि शामिल हुए और यहां बड़ी संख्या में उपस्थित व्यवसाईयों की समस्याओं से रूबरू हुए एवं उन्हें संबोधित किया। जिसके बाद रामगढ़ कैंट के बिजुलिया स्थित लेप्रोसी कॉलोनी के झुग्गी- झोपड़ी बस्ती वासियों से मिलकर सांसद मनीष जायसवाल ने उनकी समस्या सुनी। इस कॉलोनी में करीब 82 घर है और पिछले लोकसभा चुनाव में इन्होंने वोट बहिष्कार का बोर्ड लगाया था। लेकिन भाजपा के दकार्यकर्ताओं के निवेदन को स्वीकार कर इन्होंने अपार समर्थन भाजपा को किया था।




# अमन कुमार और अजय सिंह की गिरफ्तारी के बाद परिवार से मिलने पहुंचे सांसद मनीष जायसवाल व मनीष कश्यप

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** हजारीबाग के हिंदू प्रचारक इंजीनियर अमन कुमार और अजय सिंह को महूदी के रामनवमी जुलुश निकालने को लेकर हुए प्रशासन के साथ झड़प के केश में जेल भेजे जाने के बाद शनिवार को हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल उनके यशवंत नगर स्थित घर पहुंचे। यहां सांसद मनीष जायसवाल ने उनके परिवार वालों से मुलाकात कर हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। इस दौरान उनके साथ बिहार भाजपा के नेता मनीष कश्यप भी मौजूद रहे। यहां। मीडिया से वार्ता करते हुए हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल ने कहा की अमन और अजय सिंह हिंदू प्रचारक है ना की एक अपराधी। लेकिन इनसे अपराधी की तरह पुलिस ने किसके इशारे पर व्यवहार किया ये राज्य सरकार को बताना चाहिए। इंजीनियर अमन कुमार को बिहार की राजधानी पटना से जा कर हजारीबाग पुलिस गिरफ्तार करती है जो को एकदम समझ से परे है। उन्होंने कहा की ये सिर्फ एक विशेष समुदाय को खुश करने के लिए तुष्टिकरण की राजनीति के तहत किया गया कुत्सित कार्य है। वहीं मनीष कश्यप ने भी कहा की अमन कुमार निर्दोष है तथा उसे पर साजिश के तहत फैब्रिकेटेड केश करके फसाया गया है हम लोग उसी को बचाने के लिए हजारीबाग पहुंचे हैं साथ ही साथ उन्होंने कहा कि जैसा कि सांसद महोदय ने बताया है कि जुलुश शांतिपूर्वक वहां से गुजर रही थी इस दौरान यह सब कुछ होता है तो कहीं ना कहीं सभी कुछ संदेहसपद है तथा अमन हिंदू हित की बात करता है इसलिए उसे आज फसाया गया है ।



# नाबालिग संग दुष्कर्म कर फरार आरोपी के घर एवं सार्वजनिक स्थलों पर पुलिस ने चिपकाया इश्तिहार



**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड निवासी रति देवी( काल्पनिक नाम) ने लिखित आवेदन में आरोप लगाया था,कि राकेश मल्हार उर्फ राकेश कुमार ने मेरी देखभाल करने आई नाबालिग बहन रवीना कुमारी (काल्पनिक) जो अपनी सहेलियों संग मेले में गई थी। जिसका फायदा उठाकर मेरी बहन को धोखे में लेकर एक सुनसान घर मे जाकर दुष्कर्म किया। इस संबंध में दर्ज मामले के अनुसार विष्णुगढ़ थाना कांड संख्या 31/24 दिनांक 18.02.2024 , धारा 376 भादवि (आईपीसी) एवं चार लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम के प्राथमिकी अभियुक्त राकेश मल्हार उर्फ राकेश कुमार , पिता स्वर्गीय चंदर मल्हार ग्राम बेलवाटांड पंचायत पोस्ट भेलवारा थाना विष्णुगढ़ जिला हजारीबाग के विरुद्ध उक्त कांड में फरार रहने के कारण कांड के अनुसंधानकर्ता एवं पुलिसकर्मी के द्वारा अभियुक्त इश्तिहार के घर पर या चौक चौराहे एवं सार्वजनिक स्थलों पर पोस्टर चिपकाया गया ।

# प्रमुख और पंचायत समिति सदस्यों ने किया ब्लॉक का निरीक्षण, कई अधिकारी समय पर नहीं पहुंचे कार्यालय

♦ बीडीओ ने निर्देश जारी किया, सभी कर्मचारी समय 10:30 बजे पहुंचे कार्यालय

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड मुख्यालय में समय पर कार्यालय में अधिकारियों की उपस्थित नहीं होने के कारण बार-बार मिले ग्रामीणों से शिकायत को देखते हुए शनिवार को प्रमुख फुलवा देवी, उप प्रमुख वचन देव कुमार, पंचायत समिति सदस्य रितेश ठाकुर, उपेंद्र कु प्रसाद, रंजीत कुमार चौबे, प्रभु राम, रमणिका कुमारी, सुमन कुमारी व अन्य ने प्रखंड कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकांश कर्मचारी समय पर अपने कार्यालय में उपस्थित नहीं दिखे। निरीक्षण करने के बाद प्रखंड विकास पदाधिकारी के साथ बैठक कर सभी कर्मचारियों को 10:30 अपने कार्यालय में उपस्थित होने का निर्देश जारी किया गया। प्रमुख व उप प्रमुख ने कहा कि कई दिनों से ग्रामीणों की शिकायत मिल रही थी कि अधिकांश कर्मी समय पर नहीं पहुंचते हैं जिसके कारण काम करने में काफी परेशानी होती है। इसी को लेकर पंचायत समिति सदस्यों ने ब्लॉक का निरीक्षण करने लगे तो देखा कि समय पर अधिकांश अधिकारी उपस्थित नहीं हैं। कोई 11:30 बजे तो कोई 12:00 बजे अपने-अपने कार्यालय पहुंच रहे थे। उपस्थित पंचायत समिति के सभी सदस्यों ने ग्रामीणों से आग्रह किया है कि समय पर कोई भी अधिकारी अपने कार्यालय में उपस्थित नहीं रहते हैं तो उनसे आप देर होने का कारण पूछे, क्योंकि हर अधिकारी एवं पदाधिकारी ग्रामीणों के काम करने के लिए नियुक्त किए जाते हैं। मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुइया, अरुण कुमार पटेल, संतोष मेहता के अलावा कई लोग उपस्थित थे।



## बरही कोबरा बटालियन ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया



**बरही :** 203 कोबरा बटालियन में 10वां अंतराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। योग दिवस के अवसर पर कोबरा बटालियन के कमांडेड पवन कुमार सिंह, द्वितीय कमान अधिकारी गौरव कुमार एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण, अधिनस्थ अधिकारीगण व उपस्थित कर्मिको सहित उनके परिवार के सदस्यों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। योग प्रशिक्षक द्वारा उपस्थित सभी योगार्थी को योग करवाने के साथ साथ योग का मतलब समझाया गया। इस वर्ष अंतराष्ट्रीय योग दिवस की थीम स्वयं एवं समाज के लिए योग होने के कारण अपने स्वस्थ्य जीवन हेतु योग को अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल करने हेतु प्रोत्साहित किया गया।

## दारू प्रखंड में मनरेगा के तहत गड्ढा खोदो अभियान का हुआ आयोजन



**दारू :** प्रखंड के सभी पंचायतों में मनरेगा योजना के तहत गड्ढा खोदो अभियान की शुरुवात की गई । इस अभियान के तहत प्रखंड के दारू , इरगा ,हरली, रामदेव खैरिका, जिनगा, मेडकुरी, कबिलासी, पुनाई और दिगवार पंचायत में प्रखंड विकास पदाधिकारी हारून राशिद, मनरेगा बीपीओ स्वाति वर्मा सहायक अभियंता मनीष कुमार ने लगभग 50 एकड़ जमीन पर आम बागवानी योजना के लिए स्थल निरीक्षण करते हुए स्वयं गड्ढा खोद कर योजना का प्रारंभ किया । बीपीओ ने बताया कि आम बागवानी योजना लेने वाले लाभुकों जल्द से जल्द गड्ढा करके पौधो को लगाए साथ ही पोधो की सही से देखभाल भी किया जाए ताकि सरकार द्वारा जिस उदेश्य से भगवानी कराई जा रही है उसका उदेश्य पुरा हो सके।

## केरेडारी में आजसू पार्टी ने मनाया स्थापना दिवस



**केरेडारी।** प्रखंड के पंचायत भवन केरेडारी में आजसू पार्टी प्रखंड कमेटी के द्वारा आजसू पार्टी का स्थापना दिवस सह बलिदान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी आदरणीय रोशन लाल चौधरी उपस्थित हुए। विशिष्ट अतिथि के रूप में पार्टी के केंद्रीय सचिव कौलेश्वर गंझु ,केंद्रीय सदस्य लीलाधन साहू, अनिल राम, जिला उपाध्यक्ष भोला महतो , उपेंद्र कुशवाहा उपस्थित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष बैद्यनाथ महतो तथा संचालन मोहन कुमार ने किया। इस अवसर पर रोशन लाल चौधरी सबसे पहले शहीद निर्मल महतो के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिए ।उसके बाद सभी कार्यकर्ताओं ने बारी-बारी से श्रद्धांजलि दिए। शहिद निर्मल महतो अमर रहे, झारखंड के वीर शहीदो अमर रहे का जोरदार नारा लगाया। मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए बोले की आज का दिन आजसू पार्टी के लिए महत्वपूर्ण दिन है चूँकि आज ही के दिन शहीद निर्मल महतो के सोच पर आजसू पार्टी का गठन किया गया था उन्होंने शहीद निर्मल महतो का अलग झारखंड आंदोलन में योगदान का तथा पार्टी के योगदान का विस्तार पूर्वक बताये।

# सांसद मनीष जायसवाल का धन्यवाद यात्रा पहुंचा बरही, कोरियाडीह के ग्रामीणों ने किया जोरदार स्वागत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित सांसद मनीष जायसवाल इन दिनों अपने लोकसभा क्षेत्र में मतदाताओं का आभार व्यक्त करने धन्यवाद यात्रा पर हैं। उनका धन्यवाद यात्रा शुक्रवार को बरही विधानसभा क्षेत्र पहुंचा तो उनके साथ पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस दौरान इटखोरी में मां भद्रकाली की पूजा अर्चना करके बरही विधानसभा क्षेत्र के चौपारण और बरही प्रखंड के दो दर्जन से अधिक गांव पहुंचकर मतदाताओं का आभार जताया। इसी कड़ी में देर रात्रि करीब 11 बजे सांसद मनीष जायसवाल का काफिला धनवार पंचायत के कोरियाड़ीह गांव पहुंचा। जहां स्थानीय मुखिया राजेन्द्र प्रसाद के नेतृत्व में सांसद मनीष जायसवाल एव पूर्व मंत्री पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, सहित अन्य गणमान्य लोगों को भागवा अंग वस्त्र बुके देकर सम्मानित किया गया।सभा का संचालन युवा पत्रकार सह समाजसेवी अजय कुशवाहा ने किया। धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता राजकुमार प्रसाद ने किया। इस दौरान हज़ारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने क्षेत्र के लोगों से विकास के मॉडल में सहयोग का अपील किया। कहा कि क्षेत्र का विकास तभी सम्भव है जब वह सहयोग करेंगे। वहीं स्थानीय मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि मनीष जायसवाल जनजन के नेता है। उनकी विशेषता है कि दलगत भावना से ऊपर उठकर वह क्षेत्र का काम करते है। मौके पर महिला नेत्री सह सामाजिक कार्यकर्ता ममता देवी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, भाजपा प्रदेश नेता रंजीत चन्द्रवंशी, जीप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, भाजपा युवा नेता रितेश गुप्ता,नवलकिशोर सिंह, पंकज वर्णवाल, मनोज उपाध्याय, बिपिन सिन्हा, पंचायत समिति सदस्या संतोषी कुमारी, उप मुखिया दामोदर प्रसाद वर्मा, अजय कुमार कुशवाहा, राजकुमार प्रसाद, राजेन्द्र उर्फ राजन, जागेश्वर प्रसाद, निर्मल प्रसाद, केशो महतो, अरुण कुमार मेहता, रामजी प्रसाद, सुधीर कुमार, उमेश प्रसाद, झरी महतो, विकाश यादव, अजीत प्रसाद, सुधीर कुमार, पप्पु प्रसाद, अशोक प्रसाद, मंटु कुमार,मोहन प्रसाद, नेहरू कुमार, दिलीप कुमार, संदीप कुमार, बंधु महतो, बालदेव महतो, चन्दन प्रसाद, सुरेन्द्र वर्मा, दिनेश प्रसाद, रामदेव सिंह, मोहन प्रसाद, उमेश यादव, तेजनारायण प्रसाद, हरि प्रसाद सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।



# कांग्रेस पार्टी हजारीबाग सदर से किसी अल्पसंख्यक को उम्मीदवार बनाये : साजिद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के द्वारा प्रदेश कार्यालय रांची में एक अहम बैठक प्रदेश अध्यक्ष मंजूर अंसारी की अध्यक्षता में गई इसका संचालन प्रदेश महामंत्री अख्तर अली ने किया। बैठक में मुख्य रूप से इस वर्ष के अंत में विधानसभा चुनाव के दृष्टिगत लोकसभा चुनाव में हुई हार-जीत की समेकित समीक्षा एवं आने वाले विधानसभा चुनाव में अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्र का चयन कर उम्मीदवारों की सूची चयन करने हेतु बैठक बुलाई गई थी। इस आलोक में जिला अध्यक्ष को निर्देश दिए गए थे कि अल्पसंख्यक आबादी वाले क्षेत्र से अल्पसंख्यक प्रत्याशी (तीन नामों के साथ) बैठक में सुची सौंपें। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने उपस्थित होकर बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी सभी धर्म सभी वर्गों को सम्मान देने का कार्य करती है हम सभी लोगों को मिलजुल कर देश के विकास के लिए संगठित होकर निरंतर कार्य करना है। बैठक में उपस्थित कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश प्रभारी उमैर खान ने सभी सम्मानित पदाधिकारीगण को सम्बोधित करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव में जिस प्रकार से अल्पसंख्यक विभाग कि भुमिका रही निश्चित तौर पर काफी सराहनीय रहा इसे आगामी विधानसभा चुनाव में भी इसे दोहराने की जरूरत है और झारखंड प्रदेश में इंडिया गठबंधन कि मजबूत सरकार पुनः बनाने का सफल प्रयास जारी रखना है। प्रदेश अध्यक्ष मंजूर अंसारी ने कहा कि लोकसभा की कामयाबी आप सभी जिलों के जिलाध्यक्ष और प्रदेश पदाधिकारियों को समर्पित है आप सबों के मेहनत ने संगठन को सशक्त और मजबूत बनाया जिसके पश्चात अब सुखद परिणाम देखने को मिला रहा है। बैठक में विभिन्न जिलों के जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश पदाधिकारी उपस्थित थे सबों ने अपनी - अपनी सूची प्रदेश नेतृत्व को सौंपा। हजारीबाग कांग्रेस के अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष साजिद अली खान ने झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर, अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश प्रभारी एवं प्रदेश अध्यक्ष को संयुक्त रूप से सुची को सौंपते हुए कहा कि हजारीबाग में सदर विधानसभा क्षेत्र में लगभग 25 (प्रतिशत) अल्पसंख्यक आबादी है । इस सीट पर एच.एच.रहमान कांग्रेस पार्टी से चुनाव जीत चुके हैं और संयुक्त बिहार में कृषि ,कानून एवं वफ्त बोर्ड मामले के मंत्री रहते हुए हजारीबाग व छोटानागपुर को गौरांवित किया है.




# बरही में आजसू का स्थापना दिवस बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया

## झारखंड अलग राज्य आंदोलनकारियों को अंग वस्त्र देकर किया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही ।** प्रखंड आजसू कार्यालय में आजसू का स्थापना दिवस बलिदान दिवस के रूप में मनाया। इस अवसर पर आजसू पार्टी के सभी प्रखंड के अध्यक्ष उपस्थित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता आजसू पार्टी के बरही विधानसभा प्रभारी राजसिंह चौहान व संचालन प्रखंड अध्यक्ष वीरेंद्र साहू ने किया। इस अवसर पर बरही के अलग राज्य झारखंड के आंदोलनकारियों में बिजय सिंह, मिथलेश सिंह, सरयू सिंह, किशोर ठाकुर, युगेश्वर कुमार, युगल शर्मा, लखन सिंह, डॉ आरके नटवर मुख्य रूप से शामिल हुए। उक्त सभी आंदोलनकारियों को आजसू प्रभारी राजसिंह चौहान के द्वारा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान उक्त सभी आंदोलनकारी के बहुमूल्य विचारों को आजसू पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सुना। मौके पर पंसस जितेंद्र कुमार दिव्य,पंसस विकास कुमार सिंह, बसंत कुमार शर्मा,अभय कुमार सिंह,उज्जवल सिंह,अरुण सिंह,सुरेश प्रजापति,रवि राजन सिंह,निर्मल प्रसाद, बसंत कुमार शर्मा सहित दर्जनों लोग शामिल हुए।

# भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर बरही में अभिभावक गोष्ठी का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर बरही के प्रांगण में कक्षा दशम के भैया बहनों का अभिभावक गोष्ठी का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलित कर किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि राजकुमार केशरी, विद्यालय प्रबन्धकारिणी के कोषाध्यक्ष रोहित कुमार साहू, पदेन सदस्य सह साहू समाज मुखिया सुरेश साहू उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि राजकुमार केशरी ने विगत सत्र में सभी कक्षाओं में ग्रीन बोर्ड मुहैया करवाया था। इन्होंने कहा कि विद्यालय में हमसभी अभिभावकों को अपना यथाशक्ति योगदान देकर विद्यालय को सुदृढ बनाना चाहिए।कक्षा दशम (अ, ब, स) के कक्षाचार्य मनीष कुमार सिन्हा, रेशमी जी, एवं जूली कुमारी ने भैया बहनों के पठन पाठन में उत्तरोत्तर सुधार के लिए मुख्य बिन्दुओं से अवगत कराया। इस दौरान अभिभावकों ने अपनी समस्याओं से अवगत करवाया। प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पाण्डेय ने सभी समस्याओं के समाधान पर प्रकाश डाला। साहू समाज मुखिया सुरेश साहू ने कहा कि निकट भविष्य में विद्यालय का निबंधन का कार्य पूर्ण होगा। कार्यक्रम का संचालन निर्भय कुमार सिंह ने किया। धन्यवाद ज्ञापन प्रिंस रविशंकर प्रियदर्शी जी ने किया। सभी आचार्य जी दीदी जी उपस्थित रहे।

## जनता मजदूर संघ मजदूरों के साथ कभी भी अन्याय बर्दाश्त नहीं करेगी : निशि

**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बिरसा परियोजना प्रबंधन एवं जनता मजदूर संघ के बीच शनिवार को बिरसा परियोजना कार्यालय में एक औपचारिक परिचयात्मक बैठक हुई जिसमें प्रबंधन की ओर से परियोजना पदाधिकारी डी शिवादास, खान प्रबंधक, राजेश प्रियदर्शी, प्रोजेक्ट इंजीनियर ईएंडएम एसके शुक्ला, प्रोजेक्ट इंजीनियर एनवायरमेंट भक्ता राम सरदार,प्रबंधक कार्मिक विकास रंजन, सहायक प्रबंधक कार्मिक सौम्या,सिविल इंजीनियर बसाक एवं जनता मजदूर संघ की ओर से केंद्रीय उपाध्यक्ष निशि पांडे व केंद्रीय संगठन सचिव सह वेलफेयर बोर्ड मेंबर सीसीएल सुखदेव प्रसाद,रीजनल उपाध्यक्ष अशोक शर्मा क्षेत्रीय अध्यक्ष चमन मुंडा मुख्य रूप से उपस्थित थे। सर्वप्रथम परियोजना पदाधिकारी डी शिवादास के द्वारा संघ के केंद्रीय उपाध्यक्ष निशि पांडे एवं यूनियन के सभी पदाधिकारियों का अभिनंदन एवं स्वागत किया गया। इसके तत्पश्चात केन्द्रीय उपाध्यक्ष निशि पांडे ने कहा की बिरसा परियोजना में मजदूरों के साथ भेदभाव किया जा रहा है जो उचित नहीं है परियोजना प्रबंधन मजदूरों के हित में काम करें, मजदूरों के साथ न्याय करें,जनता मजदूर संघ किसी भी मजदूर के साथ अन्याय होने पर बर्दाश्त नहीं करेगी। मौके पर रवि गिरी , महेंद्र सिंह ,शिवचरण करमाली, राजेश बेदिया, लोकेश कुमार, राजकुमार हेंब्रम,जोगेंद्र यादव, विजय राम, दिलीप कुमार, गोविंद यादव ,सहित अन्य लोग थे।



## ईरा के प्रदेश सदस्यता प्रभारी बने मो. एहसान मंजर

**कुजू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** इंडियन रिपोर्टर्स एसोसिएशन (ईरा) पत्रकार संगठन के प्रदेश सदस्यता प्रभारी मो. एहसान मंजर बनाए जाने पर पत्रकारों के बीच काफी उत्साह माहौल देखा जा रहा है। वहीं ईरा के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष रविकांत बनर्जी ने बताया कि इंडियन रिपोर्टर्स एसोसिएशन (ईरा) के विस्तार के लिए एक और कदम को बढ़ाते हुए जुझारू संघर्ष एंव हर परिस्थिति में आगे बढ़ने वाले कोयलांचल कुजू क्षेत्र के योद्धा पत्रकार मोहम्मद एहसान मंजर को इंडियन रिपोर्टर्स एसोसिएशन (ईरा) के वरीय निर्देश पर राज्य झारखंड के प्रदेश सदस्यता प्रभारी नव मनोनीत किया गया है। इससे पत्रकार के हक और अधिकार की मजबूती आएगी। वहीं मनोनीत किए जाने पर मो. एहसान मंजर ने धन्यवाद देते हुए कहा की प्रदेश सदस्यता प्रभारी नव मनोनीत किए जाने पर इंडियन रिपोर्टर्स एसोसिएशन (ईरा) के प्रदेश अध्यक्ष रविकांत बनर्जी सहित सम्मानित अधिकारियों को मैं तहे दिल से शुक्रिया अदा करता हूं, साथ ही पूरे ईमानदारी के साथ इंडियन रिपोर्टर्स एसोसिएशन से सुदरवर्ती क्षेत्र के तमाम पत्रकारों को एकजुट कर उनके हक और अधिकार की लड़ाई में सबसे आगे रहूंगा, में सबसे ज्यादा प्रभावित इंडियन रिपोर्टर्स एसोसिएशन के वरीया अधिकारियों से हुआ हूं, जिन्होंने पत्रकारों के हित के लिए पहली बार कोल इंडिया के सीएमडी को 10 सूत्री मांग पत्र देकर पत्रकारों के पत्रकारों के हितो की मांग की है, इंडियन रिपोर्टर्स एसोसिएशन के बेमिसाल लड़ाई में कदम से कदम मिलाकर चलूंगा।



## मांडू चट्टी मुखिया के द्वारा जन वितरण केंद्र में राशन कार्डधारीयो में थैला का वितरण किया गया

**मांडू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मांडू चटी पंचायत के जन वितरण प्रणाली विक्रेता मनोज कुमार मोदी के दुकान में मांडू चट्टी पंचायत की मुखिया अनीता देवी द्वारा सभी राशन कार्डधारी के बीच झारखंड सरकार के द्वारा उपलब्ध कराए गए थैला का वितरण एवं शुभआरंभ किया गया। इस मौके पर पंचायत के सैकड़ो लोग उपस्थित थे।



## भीषण गर्मी को देखते हुए सोसो कलां पंचायत समिति ने प्रमुख को लिखा पत्र

**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के सोसो कलां पंचायत समिति सदस्य अमीरून निशा ने अपने पंचायत में भीषण गर्मी को देखते हुए खराब पड़े जलमीनार एवं पेय जल की समस्या पर ध्यान आकृष्ट करते हुए गोला प्रमुख को एक आवदेन दी। आवेदन में कहा है कि हमारे पंचायत के उत्क्रमित उच्च विद्यालय सोसोकलां में पाइप के कमी के कारण चापानल खराब पड़ा है। वही एनएच 23 के किनारे सरला रोड में, करमा टोला में पेय जल की बडी समस्या हो रही है। इस भीषण गर्मी में जीवन रक्षा के लिए समय रहते अविलंब ठीक कराने की बात की है ताकि ग्रामीणों की समस्या दूर हो सके।



## सांसद ने लेप्रोसी कॉलोनी के ग्रामीणों की समस्या सुनी

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हज़ारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल ने शनिवार को रामगढ़ कैंट के बिजुलिया स्थित लेप्रोसी कॉलोनी के झुग्गी झोपड़ी बस्ती वासियों से मिलकर उनकी समस्या सुनी। इस कॉलोनी में करीब 82 घर है और लोकसभा चुनाव में इन्होंने वोट बहिष्कार का बोर्ड लगाया था जिसके बाद रामगढ़ विधानसभा के पूर्व विधायक प्रत्याशी भाजपा नेता धनंजय कुमार पुटूस ने इनसे बात चीत कर वोट बहिष्कार नही कर भाजपा के पक्ष में वोट करने के लिए आग्रह किया था जिसके बाद यहां के ग्रामीणों ने धनंजय कुमार पुटूस के आग्रह को स्वीकार कर वोट बहिष्कार का फैसला वापस लिया था। ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुनने के बाद सांसद मनीष जायसवाल ने इनके समस्या के समाधान की दिशा में उचित व सकारात्मक पहल करने की बात कही। इस मौके पर उपस्थित पंकज साहा,नीरज मंडल,सत्यजीत सिंह,सरस्वती देवी,विजय जायसवाल,जीतू महतो,छोटन सिंह,अनमोल सिंह, आदि थे।



# झारखंड के युवा वर्ग संघर्ष करें, अपने हक व अधिकार के लिए संगठित रहें : चंद्रप्रकाश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** 22 जून को आजसू पार्टी की स्थापना दिवस के अवसर पर झारखंड प्रदेश में पार्टी द्वारा स्थापना दिवस के अवसर पर 22 जून को पूरे विधानसभा स्तरीय बलिदान दिवस मनाया गया, रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के दुलमी प्रखंड अंतर्गत सिरु बुध बाजार स्थित पार्टी प्रधान कार्यालय में आयोजित की गई, इस समारोह के मुख्य अतिथि गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी एवं रामगढ़ विधानसभा के विधायक सुनीता चौधरी शामिल हुए, समारोह स्थल पर पर अतिथियों ने झारखंड के वीर शहीदों भगवान बिरसा मुंडा, शहीद चाँदभैरव शेखभिखारी,सिद्धू कान्हू, विनोद बिहारी महतो,शहीद निर्मल महतो सहित दर्जनों शहीदों के फोटो चित्र पर माल्यार्पण किया गया श्रद्धांजलि दी गई एवं नमन किया, मौके पर उपस्थित हजारों की संख्या में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड राज्य का निर्माण अनगिनत शहीदों के कुर्बानी के बल पर हुआ है आंदोलनकारी काफ़ी संघर्ष और बलिदान हमारे पूर्वजों ने दिया है, तब तो हमारा खनिज संपदा से भरा पूरा झारखंड राज्य का निर्माण हो पाया है, वर्तमान का युवा वर्ग को समझाने की आवश्यकता है, राज का निर्माण हुआ है और झारखंड के दिशा-दशा को तय करने के लिए युवा वर्ग संगठित रहे अपना हक और अधिकार के लिए संघर्ष करें तथा झारखंड में चल रहे लूट-खसोट की सरकार को हटाने का काम करें उन्होंने कहा कि वर्तमान में झारखंड की जनता काफी त्राहिमाम है यहां घोटाला बड़ी और लूट खसोट की सरकार है, राज्य का बेहतरीन विकास में पूरी तरह से राज्य सरकार विफल रही है यहां की सरकार काफी निकम्मी है राज्य के युवाओं को ठगने का काम किया है आजसू पृथक राज्य झारखंड के निर्माण के लिए काफी संघर्ष और आंदोलन किया है हजारों बलिदानी के बाद झारखंड राज्य का निर्माण हुआ है



**बलिदान दिवस को प्रखंड से गांव स्तर तक पहुंचाने की आवश्यकता : सुनीता चौधरी**

रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी ने कहा कि आज पूरे प्रदेश में 22 जून को आशु पार्टी द्वारा बलिदान दिवस मनाया जा रहा है हम शहीदों को नमन करते हैं याद करते हैं आज के पीढ़ी को बलिदान के इतिहास को समझने और जानने की आवश्यकता है निर्मल महतो के शहादत दिवस पर 8 अगस्त 2024 को झारखंड के राजधानी रांची में राज्य स्तरीय विशाल कार्यक्रम किया जाएगा जिसमें लाखों लोग जीतेंगे, उन्होंने कहा कि बलिदान दिवस की जानकारी प्रखंड से लेकर पंचायत स्तर पर पहुंचने का काम करें कार्यकर्ता झारखंड का निर्माण कैसे हुआ कब हुआ संघर्ष के बल पर कैसे मिला आम लोगों तक पहुंचाने का काम करें

## अज्ञात अपराधियों ने सौंदा बी साइडिंग के क्रसर को बंद करने की दी धमकी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** सीसीएल बरकासायल क्षेत्र के उरीमारी सौंदा बी साइडिंग में शनिवार को दिन करीब बारह बजे के आसपास एक बाइक पर सवार दो नकाबपोश अज्ञात अपराधियों ने क्रेशर मशीन को बंद करने कि धमकी दी। नकाबपोश अपराधियों ने धमकी देते हुए कहा कि जबतक हमलोगों से बात नहीं होगी तबतक क्रेशर मशीन बंद रहेगा। बात नहीं मानने पर बुरा अंजाम भुगतने को तैयार रहें। इधर धमकी के बाद काम करने वाले मजदूरों में दहशत है। मामले को लेकर सीसीएल सुरक्षा विभाग के पदाधिकारियों ने भुरकुंडा ओपी में अज्ञात दो अपराधियों के खिलाफ लिखित आवेदन दिया है। इधर मामले को लेकर भुरकुंडा पुलिस मामले कि छानबीन करने को लेकर सौंदा बी साइडिंग स्थित घटना स्थल पहुंची। मजदूरों से मामले कि जानकारी ली और पुछताछ किया। मालूम हो कि पुर्व में भी सौंदा बी साइडिंग स्थित क्रसर मशीन पर अपराधियों ने गोलीबारी कर दहशत फैलाया था। अभी तक इस मामले में किसी कि गिरफ्तारी नहीं हुई। और इधर अपराधियों ने काम बंद कराकर पुलिस को एक नई चुनौती दी है।

# स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों को लेकर उपायुक्त की अध्यक्षता में हुआ समीक्षा बैठक का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों को लेकर शनिवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान सर्वप्रथम सिविल सर्जन डॉक्टर महालक्ष्मी प्रसाद के द्वारा उपायुक्त, उप विकास आयुक्त सहित बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को स्वास्थ्य विभाग की पूर्व में हुई समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में किए गए कार्यों की जानकारी दी गई जिसके उपरांत उपायुक्त ने सदर अस्पताल सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों आदि में इलाज हेतु आने वाले मरीजों एवं विभिन्न परिस्थितियों में मरीजों को रेफर किए जाने संबंधित मामलों की जानकारी लेने के क्रम में सिविल सर्जन, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को रेफर किए जाने वाले मरीजों पर विशेष ध्यान रखने एवं कहीं से भी बिना किसी वैध कारण के मरीज को रेफर किए जाने संबंधित मामला सामने आने पर त्वरित रूप से कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। भ्रष्टाचार पर पूरी तरह से रोक सुनिश्चित करने को लेकर उपायुक्त ने बैठक के दौरान लोगों को भ्रष्टाचार संबंधित मामलों की सूचना देने के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि अगर किसी भी व्यक्ति के द्वारा भ्रष्टाचार से संबंधित किसी भी तरह की सूचना दी जाती है तो उस पर जिला प्रशासन द्वारा गंभीरता पूर्वक कार्य किया जाएगा वहीं भ्रष्टाचार की सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान भी गुप्त रखी जाएगी। जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में रह रही गर्भवती महिलाओं के प्रसव हेतु सुविधाऐं सुनिश्चित करने को लेकर उपयुक्त ने एंबुलेंस सेवा व ममता वाहन आदि की जानकारी लेने के क्रम में ममता वाहनों की संख्या बढ़ाने हेतु आकलन करते हुए संबंधित प्रतिवेदन जिला स्तर पर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। इन सब के अलावा बैठक के दौरान उपायुक्त ने बच्चों के नियमित टीकाकरण सहित सदर अस्पताल सहित अन्य सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, स्वास्थ्य केदो आदि में मरीजों को विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर चर्चा के क्रम में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त, सिविल सर्जन, उपाधीक्षक सदर अस्पताल, डीआरसीएचओ, चिकित्सा पदाधिकारियों, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## राधा गोविंद विश्वविद्यालय के गणित विभाग में भाषण प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राधा गोविंद विश्वविद्यालय के गणित विभाग में मद्य निषेध सप्ताह कार्यक्रम के दौरान भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। झारखंड सरकार के द्वारा 19 से 25 जून के दौरान मध्य निषेध सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है इसके उपलक्ष्य में राधा गोविंद विश्वविद्यालय के गणित विभाग में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इस आयोजन में गणित विभाग के स्नातक एवम स्नाकोत्तर प्रतिभागियों ने भाग लिया। अंत में प्रतियोगिता का फाइनल रिजल्ट गणित विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ विजय कुमार पांडे ने बताया। प्रथम स्थान सुष्मिता कुमारी, द्वितीय स्थान आतिश कुमार कुशवाहा तथा तृतीय स्थान सोनी कुमारी ने प्राप्त किया । गणित विभाग में आज योगाभ्यास का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर गणित विभाग के छात्रों ने अधिक संख्या में उपस्थित होकर योग अभ्यास किया। इसमें प्राणायाम वज्रासन सूर्य प्रणाम इत्यादि प्रमुख हैं । सचिव प्रियंका कुमारी, कुलपति प्रो.( डॉ )समरेंद्र नाथ साहा, उप कुलपति प्रो.(डॉ) रश्मि, कुलसचिव प्रो. (डॉ) निर्मल कुमार मंडल, परीक्षा नियंत्रक प्रो. (डॉ) अशोक कुमार, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, प्रबंध समिति के सदस्य अजय कुमार ने सभी प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मौके पर गणित विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ विजय कुमार पांडेय ,व्याख्याता डॉ चंदन कुमार,जतरू महतो एवं छात्र- छात्राएं उपस्थित थे।




## लेप्रोसी कॉलोनी के लोग नहीं रहें भूमि हीन और बेघर, सभी का हो अपना घर : सुनिता चौधरी

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ विधानसभा अंतर्गत रामगढ़ शहर, वार्ड नंबर 5 लेप्रसी कॉलोनी के लोगों के द्वारा आजसू पार्टी रामगढ़ नगर सचिव नीरज मंडल के आगुवाई में शनिवार को विधायक सुनिता चौधरी को एक मांग पत्र सौंपा । मौके पर लेप्रोशी कॉलोनी निवासी सरस्वती देवी ने रामगढ़ विधायक सुनिता चौधरी को बताया कि हम लोगों का लोकसभा चुनाव से पूर्व में एक ही मांग थी कि जब तक घर नहीं , तब तक वोट नहीं । जिसका विरोध मतदान नहीं करने का बैनर लगाकर और मतदान बहिष्कार करने का हम लोगों ने निर्णय लिया था । उस समय आजसू पार्टी रामगढ़ नगर सचिव नीरज मंडल हमलोग के बीच आकर हमलोग को मतदान का विरोध नहीं करने आग्रह किया था और हमारे समस्याओं का समाधान के लिए विश्वास दिलाया था द्य इनकी बातों से सहमत होकर हम लोगों ने मतदान किया था । हम लोग करीब 60 से 70 वर्षो से यहां करीब 83 घर के लोग अपने परिवार के साथ यहां रेलवे किनारे झुग्गी झोपड़ी बनाकर रह रहे हैं, किंतु हम लोगों को अभी तक अपना सर छुपाने के लिए घर नहीं मिल पाया है । हम लोगों को सरकारी सुविधा में राशन , वृद्धा पेंशन तो मिल रही है किंतु हम लोग को आवास नहीं मिल रहा है । मौके पर मांग पत्र सौंपाने वालों में आजसू पार्टी रामगढ़ नगर सचिव नीरज मंडल के साथ लेप्रोशी कॉलोनी निवासी करण मुंडा, सरस्वती देवी, कार्तिक मुंडा, राजू मुंडा, मनोज गोप, अनोज गोप, रथहु महतो, हीरा लाल नायक, बच्चन करमाली, सुधीर मांझी, पुरनी देवी, बुधनी देवी, मियोती देवी अभिषेक शर्मा, अशोक महतो, रवि मुंडा, सूरज करमाली, राजा भुइयां, सनोज गोप, भागीरथ नायक, राहुल करमाली, छोटू करमाली, राजा करमाली, भोला भुइयां, मौजूद थे ।



## ग्रामीण महिलाओं के आजीविका को बढ़ावा देने हेतु जेएसएलपीएस के द्वारा दिया गया प्रशिक्षण

**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कर्यालय अंतर्गत जेएसएलपीएस कर्यालय परिसर में शनिवार को ग्रामीण महिलाओं के आजीविका को बढ़ावा देने हेतु ग्रामीण विकास विभाग झारखंड सरकार की ओर से लघु उद्योग को बढ़ावा देने हेतु तथा ग्रामीण महिलाओं को आजीविका से जोड़ने हेतू प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में शामिल होकर सुचारू से मार्गदर्शन प्रदान की जा रहा है। मौके पर बीपीएम बिपीन सिंह,जेएसएलपीएस के ट्रेनर राजेश कुमार सिन्हा, ज्योति कुमारी, सुजीत, प्रियंका, रमेश, सौरभ आदि कई अन्य मौजुद थे।



## मादक पदार्थों के सेवन के रोकथाम हेतु पंचायत स्तर पर हुआ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शनिवार को जेएसएलपीए सखी मंडल के सदस्यो द्वारा जिले में मादक पदार्थो के सेवन के रोकथाम हेतु पंचायत स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मादक पदार्थो के सेवन से होने वाले दुशप्रभाव से बचाव एवं रोकथाम हेतु कार्यशाला में उपस्थित सभी सदस्यों को जानकारी दी गई वहीं कार्यशाला के उपरांत जागरूकत रैली का आयोजन किया गया साथ ही युवाओं में मादक पदार्थ के सेवन से होने वाली हानियां व इसके लत से होने वाले नुकसान के संबंध में लोगों जागरूक किया गया ।




**समाहरणालय, खूँटी**
**(समेकित जनजाति विकास अभिकरण)**

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**
**निविदा संख्या–01/2024–25**

खूँटी जिलान्तर्गत अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालयों में अध्ययन करनेवाले छात्र/छात्राओं को वित्तीय वर्ष 2024–25 में दो सेट पोशाक, स्कूल बैग, जूता–मोजा, नाईट ड्रेस, ब्लेजर, स्वेटर, स्पोर्ट्स ड्रेस, स्लीपर, अंतःवस्त्र, टाई एवं बेल्ट आपूर्ति करने हेतु अधिकृत विक्रेताओं से दिनांक 11.07.2024 के पूर्वाहन 11.00 बजे तक मुहरबन्द निविदा जिला कल्याण पदाधिकारी, खूँटी के पदनाम से आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाता विहित प्रपत्र में अपना निविदा जिला कल्याण कार्यालय, खूँटी में निर्धारित अवधि के पूर्व जमा कर सकते हैं। दिनांक 11.07.2024 के अपराह्न 3.00 बजे परियोजना निदेशक, समेकित जनजाति विकास अभिकरण, खूँटी (ITDA) के कार्यालय कक्ष (समाहरणालय भवन, खूँटी, "ए" ब्लॉक, कमरा नं0 – 01) में निविदादाता या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि की उपस्थिति में जिला क्रय समिति के समक्ष निविदा खोली जाएगी जिसमें नमूना एवं संबंधित कागजातों के साथ वे उपस्थित रहेंगे। आपूर्ति संबंधित विवरणी एवं निविदा की शर्त्ते खूँटी जिला के अधिकारिक वेबसाइट www.khunti.nic.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

परियोजना निदेशक,
आई0टी0डी0ए0, खूँटी

PR.NO.327359 Welfare(24-25):D



**कार्यालय :- जिला मत्स्य पदाधिकारी, कोडरमा**

**राजस्व जलकरों का अल्पकालीन बंदोबस्ती की सूचना।**

कोडरमा जिला अंतर्गत बिहार/झारखण्ड सहकारी समितियाँ अधिनियम 1935 तथा बिहार/झारखण्ड स्वावलंबी सहकारी समितियाँ अधिनियम 1996 के तहत निबंधित एवं वर्तमान में कार्यरत पंचायत स्तर, प्रखण्ड स्तर एवं जलाशय स्तर के मत्स्यजीवी सहयोग समितियों से कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग) के पत्रांक 1325 दिनांक 11.10.2023 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2024–25 से 2026–27 तक की अवधि हेतु कोडरमा जिला अन्तर्गत स्थित सरकारी जलकरों की अल्पकालीन बंदोबस्ती हेतु इच्छुक कार्यरत् समितियों से बंदोबस्ती का प्रस्ताव दिनांक 06.07.2024 तक निम्नलिखित कागजातों के साथ माँग की जाती है :–

1. राजस्व जमा प्रतिवेदन वर्ष :– 2024–25 तक। (रसीद की छायाप्रति संलग्न करे)
2. राजस्व बकाया रहित प्रमाण पत्र।
3. आम सभा की कार्यवाही का प्रतिवेदन। (पारित प्रस्तावित जलकरों की सूची सहित)
4. अद्यतन अंकेक्षण प्रतिवेदन (2023–24)
5. निर्वाचन प्रतिवेदन की अभिप्रमाणित छाया प्रति।
6. सदस्यता सूची की सत्यापित छायाप्रति। (प्रखण्ड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी/सहायक निबंधक के द्वारा)
7. सहायक निबंधक सहयोग समितियों/जिला सहकारिता पदाधिकारी, कोडरमा से स्वछ्च्ता प्रमाण–पत्र। (सहकारिता विभाग के पत्रांक 1410 दिनांक 29.06.2011 के कंडिका 07 के अनुरूप)
8. कार्यकारिणी का प्रस्ताव/आम सभा।

संबंधित कागजातों को जमा करने के पश्चात ही समितियों के साथ बन्दोबस्ती करने पर नियमानुसार विचार किया जाएगा। निर्धारित तिथि तक जलकरों का बन्दोबस्ती का प्रस्ताव समिति द्वारा सभी अहर्त्ताओं के साथ प्राप्त नहीं होने पर जलकरों की बन्दोबस्ती खुले डाक से करने हेतु प्रक्रिया प्रारंभ कर दी जाएगी।

नोट :– विशेष जानकारी के लिए कार्यालय अवधि में सम्पर्क किया जा सकता है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी,
कोडरमा।

PR.NO.327380 Fish(24-25):D



**समाहरणालय, खूँटी**
**(समेकित जनजाति विकास अभिकरण, खूँटी)**

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**
**निविदा संख्या–02/2024–25**

खूँटी जिलान्तर्गत अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालयों में अध्ययन करनेवाले छात्र/छात्राओं के लिए वित्तीय वर्ष 2024–25 में खाद्यान्न सामग्रियों की आपूर्ति करने हेतु अधिकृत विक्रेताओं से दिनांक 10.07.2024 के पूर्वाह्न 11.00 बजे तक मुहरबन्द निविदा जिला कल्याण पदाधिकारी, खूँटी के पदनाम से आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाता विहित प्रपत्र में अपना निविदा जिला कल्याण कार्यालय, खूँटी में निर्धारित अवधि के पूर्व जमा कर सकते हैं। दिनांक 10.07.2024 के अपराह्न 3.00 बजे परियोजना निदेशक, समेकित जनजाति विकास अभिकरण, खूँटी (ITDA) के कार्यालय कक्ष (समाहरणालय भवन, खूँटी, "ए" ब्लॉक, कमरा नं0 – 01) में निविदादाता या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि की उपस्थिति में जिला क्रय समिति के समक्ष निविदा खोली जाएगी जिसमें नमूना एवं संबंधित कागजातों के साथ वे उपस्थित रहेंगे। आपूर्ति संबंधित विवरणी एवं निविदा की शर्त्ते खूँटी जिला के अधिकारिक वेबसाइट www.khunti.nic.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

परियोजना निदेशक,
आई0टी0डी0ए0, खूँटी।

PR.NO. 327365 Welfare(24-25):D



**उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, राँची**
(पर्यटन, कला–संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य शाखा)
Email - dsoranchigov@gmail.com

पत्रांक–......../जि०खे० **आम सूचना** राँची, दिनांक–.......................

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि **"झारखण्ड मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना"** अन्तर्गत ईसाई धर्मावलम्बियों के लिए BPL श्रेणी के कुल 88 (अठासी) लाभुकों को माह जून, 2024 अंतिम सप्ताह से जुलाई, 2024 तक **गोवा तीर्थ दर्शन** कराया जाना है। उक्त तीर्थ दर्शन हेतु राँची जिला के निवासियों से दिनांक–29.06.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक कार्यालय, जिला खेल पदाधिकारी, राँची, प्रथम तल, विकास भवन, कचहरी रोड, राँची में जमा किया जा सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात् किसी भी आवदेन को स्वीकार नहीं किया जायेगा। अपूर्ण आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

**झारखण्ड गजट (साधारण) 21 सितम्बर, 2016 के अनुसार आवेदन की प्रक्रिया एवं चयन हेतु पात्रता की शर्त्ते निम्नवत् है:–**

1. पात्रता की शर्त्ते

a) तीर्थयात्री की उम्र 60 वर्ष से अधिक और झारखण्ड राज्य का स्थायी निवासी होना चाहिए।
b) तीर्थयात्री बी०पी०एल० श्रेणी के अन्तर्गत आना चाहिए (करदाता नहीं होना चाहिए)
c) तीर्थयात्री द्वारा पहले इस प्रकार का तीर्थदर्शन योजना का लाभ नहीं लिया गया हो।
d) मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के लाभार्थियों (स्वयं/पति/पत्नि एवं परिवार के सदस्यो) सहयोग हेतु एक पारिवारिक सदस्य भी सहयात्री के रूप में सम्मिलित रहेंगे। इस क्रम में अपने सहयात्री का आवेदन, अपने आवेदन के साथ जमा करना होगा।
e) तीर्थयात्रा शुरू करने के लिए शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ होना चाहिए। किसी तरह का संक्रामक रोग (यथा, टी०बी०, सांस लेने में कठिनाई, हृदय रोग, कुष्ठ रोग आदि) से पीड़ित नहीं होना चाहिए।
f) मूल चिकित्सा प्रमाण–पत्र जिसमें **Fit for Travel Certificate** की अभियुक्ति होना चाहिए।
g) आवेदक द्वारा झूठी जानकारी देने और तथ्यों को छिपाने पर योजना के तहत मिलने वाले लाभ से कभी भी वंचित किया जा सकता है।

2. आवेदन प्रक्रिया।

a) गरीब वरिष्ठ नागरिक (नागरिकों) तीर्थ दर्शन योजना के लाभ के लिए इच्छुक व्यक्ति दो प्रतियों में निर्धारित प्रपत्र में आवेदन को भरकर निकटम प्रखण्ड/जिला खेल पदाधिकारी कार्यालय में निर्धारित समय सीमा के पहले जमा करेंगे।
b) आवेदन पत्र में एक फोटो चिपकाया हुआ एवं एक संलग्न होना चाहिए। निवास प्रमाण–पत्र के रूप में आधार कार्ड, ड्राईविंग लाईसेंस, बिजली बिल, मतदाता पहचान पत्र या राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भी एक प्रमाण पत्र को निवास प्रमाण पत्र के रूप में स्वीकार किया जाएगा।
c) मूल चिकित्सा प्रमाण–पत्र **Fit for Travel Certificate** की अभियुक्ति के साथ आवेदन मान्य होगा।
d) यदि गरीब वरिष्ठ नागरिकगण एक साथ समूह में आवेदन जमा करते है, तो चयन हेतु पूरे समूह के आवेदन को एक आवेदन माना जायेगा। एक समूह में अटेंडेंट सहित अधिकत्तम सदस्यों की संख्या–25 होगी, इससे अधिक मान्य नहीं होगा।

3. चयन प्रक्रिया।

a) तीर्थ यात्रियों का चयन संबंधित जिला स्तरीय प्रबंधन समिति द्वारा किया जायेगा। सबसे पहले सभी आवेदन क्रम में बाट लिया जाएगा। तीर्थ यात्रियों का चयन पहले आओ पहले पाओं के आधार पर किया जायेगा। यदि तीर्थ यात्रियों की संख्या निर्धारित अंश (Quota) से अधिक बढ़ जाती है तो इसके अतिरिक्त एक प्रक्रिया सूची (निर्धारित अंश की 10 प्रतिशत) भी तैयार की जाएगी।
b) राज्य एवं जिला के कुल यात्रियों की संख्या झारखण्ड पर्यटन विकास निगम द्वारा सूचित किया जाएगा। यदि इस आयोजन में किसी जिले से पर्याप्त आवेदन प्राप्त नहीं होते है तो शेष आवेदन आवश्यकतानुसार अन्य जिला (दो जिलों) से झारखण्ड पर्यटन विकास निगम के निर्णय के आधार पर किया जाएगा।
c) जिला स्तरीय प्रबंधन समिति आवेदनों को चयनित सूची के साथ झारखण्ड पर्यटन विकास निगम को समर्पित करेंगे।
d) इस आयोजन में चयनित आवेदनों की कुल संख्या किसी भी तीर्थ यात्रा के लिए निर्धारित न्यूनतम आवश्यकता के कम होने पर झारखण्ड पर्यटन निगम अपने विवेकाधिकार का प्रयोग करते हुए पैकेज को रद्द करने में सक्षम होगा।
e) किसी भी गंतव्य स्थान के लिए तीर्थ दर्शन योजना के संचालन हेतु न्यूनतम वांछित आवेदन प्राप्त होना आवश्यक है अथवा झारखण्ड पर्यटन निगम अपने विवेकाधिकार का प्रयोग करते हुए उचित कार्रवाई को करने में सक्षम होगा।

**नोट :– आवेदन पत्र जिला के अधिकारिक वेबसाईट https://ranchi.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है अथवा जिला खेल पदाधिकारी, राँची के कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। अधिक जानकारी हेतु जिला पर्यटन विशेषज्ञ, राँची श्री रौशन कुमार (मो०–90319–36226) से सम्पर्क किया जा सकता है।**

विश्वासभाजन
ह०/–
जिला खेल पदाधिकारी
–सह–पर्यटन नोडल पदाधिकारी, राँची

PR 327436 Art Culture Sports and Youth Affairs(24-25)#D

# राजेंद्र भवन में छोटानागपुर बॉक्साइट कोल वर्कर्स यूनियन, इंटक के वार्षिक महासम्मेलन का हुआ आयोजन

➲हिंडाल्को प्रबंधन अपनी मनमानी करना चाहता है जो इंटक बर्दाश्त नहीं करेगी : धीरज प्रसाद साहू
➲हिंडाल्को कंपनी स्थानीय लोगों को नौकरी दे वरना होगी बड़ी आंदोलन : डॉ. लाल अजय शाहदेव




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** शनिवार को लोहरदगा राजेंद्र भवन में छोटानागपुर बॉक्साइट कोल वर्कर्स यूनियन, इंटक का वार्षिक महासम्मेलन सह आम सभा का आयोजन किया गया। महासम्मेलन की शुरुआत पूर्व सांसद स्वर्गीय शिवप्रसाद साहू जी की तस्वीर पर श्रद्धांजलि अर्पित करने के पश्चात कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू उपस्थित हुए। सर्वप्रथम आय व्यय का ब्योरा इंटक नेता अशोक यादव के द्वारा प्रस्तुत किया गया। उसके पश्चात नई कमेटी के लिए सर्वसम्मति से श्री धीरज प्रसाद साहू को महासचिव चुना गया। उनके नाम का प्रस्ताव इंटक नेता मोहम्मद सोहराब ने रखा इसका समर्थन इंटक नेता सत्येंद्र यादव ने किया। महासचिव के चुनाव के पश्चात आगे अध्यक्ष सहित अन्य कमेटी के गठन के लिए सर्वसम्मति से माननीय धीरज प्रसाद साहू को अधिकृत किया गया। महासम्मेलन का संचालन झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव डॉक्टर लाल अजय शाहदेव ने किया? सम्मेलन में अपने संबोधन में धीरज प्रसाद साहू ने महासचिव चयन होने पर सभी के प्रति आभार प्रकट किया एवं कहा कि आज हजारों की संख्या में विभिन्न माइंसों,विभिन्न क्षेत्रों से आए हुए हमारे मजदूर भाई-बहन एवं इंटक के सदस्य गणों का मै तहे दिल से शुक्रिया अदा करता हूं और आने वाले वर्ष में इंटक को और मजबूत करते हुए एक नए कलेवर में आपको पूरी टीम देखने को मिलेगी। श्री साहू के संबोधन के पश्चात हजारों की संख्या में श्री धीरज प्रसाद साहू के नेतृत्व में पैदल रैली के रूप में सभी लोग हिंडाल्को कंपनी मुख्यालय कोर्ट रोड पहुंचे जहां पर आम सभा का आयोजन किया गया। सभा को का संचालन झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव डॉक्टर लाल अजय सहदेव ने किया। श्री सहदेव ने अपने संबोधन में कहा की कंपनी अंग्रेजों की तरह काम करना चाहती है और लोहरदगा में फूट डालो राज करो की नीति पर काम कर रही है कंपनी से जुड़े हुए मजदूर,ट्रक मालिक,लेबर लोडर अनलोडर सारे लोग त्रस्त हैं। अब वक्त आ गया है कंपनी को मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। सभा को संबोधित करते हुए इंटक नेता सह पूर्व सांसद प्रतिनिधि श्री अशोक यादव ने कहा की हिंडाल्को हम लोगों के सब्र का इम्तिहान ना ले, लोहरदगा की हजारों की संख्या में उपस्थित जनता यह बताने के लिए काफी है कि अगर हिंडाल्को अपनी हरकतों से बाज नहीं आई तो एक बड़ा आंदोलन शुरू किया जाएगा। सभा को संबोधित करने वालों में जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी, पूर्व उपयुक्त दिलीप कुमार टोप्पो, जिला परिषद सदस्य संदीप गुप्ता, सामाजिक कार्यकर्ता उदय साहू, उदय गुप्ता, अरविंद पाठक, रवि डे, सोहराब अंसारी, विधायक प्रतिनिधि निश्चित जायसवाल, सखमूल अंसारी, इंटक नेता चंदवा से सत्येंद्र यादव, लोहरदगा गुमला ट्रक ओनर एसोसिएशन के अध्यक्ष कवलजीत सिंह, झारखंड ट्रक ओनर एसोसिएशन विमरला के अध्यक्ष बिनय राम बिब्बू, झारखंड पठारी चंदवा ट्रक ओनर एसोसिएशन के सचिव धर्मेंद्र कुमार, मुद्रिका यादव, चंदवा ट्रक ओनर एसोसिएशन के अध्यक्ष रोहित अग्रवाल जॉनी सहित अन्य लोग शामिल थे। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व राज्यसभा सांसद एवं इंटक के महासचिव श्री धीरज प्रसाद साहू ने कहा की हिंडाल्को प्रबंधन अपनी मनमानी करना चाहता है जो की इंटक बर्दाश्त नहीं करेगी। कंपनी मजदूरों के हितों के साथ खिलवाड़ कर रही है चाहे वह विमरला का मामला हो या बगड़ु का मामला हो,वहीं दूसरी तरफ ट्रक मालिकों का भी शोषण कर रही है एग्रीमेंट के मुताबिक ट्रिप नहीं दिया जा रहा है। ट्रक मालिकों को विभिन्न तरीकों से परेशान किया जा रहा है और यहां चलने वाले लगभग 2000 छह चक्का ट्रक को खत्म करने की साजिश कंपनी रच रही है। बड़ी गाड़ियों का परिचालन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कंपनी को यहां के स्थानीय लोगों को और ट्रक मालिकों को रोजगार देना होगा।

## नगर परिषद द्वारा नशा मुक्ति संकल्प को पूरा करने को लेकर चलाया गया जागरूकता अभियान



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शनिवार को नगर परिषद लोहरदगा के द्वारा नशा मुक्त लोहरदगा के संकल्प को पूरा करने के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कस्तूरबा विद्यालय से पार्क तक मानव श्रृंखला बनाकर लोगों को नशा मुक्ति हेतु जागरूक किया गया। तत्पश्चात कस्तूरबा विद्यालय से नगर परिषद कार्यालय तक रैली निकाला गया। इस कार्यक्रम में प्रशासक नगर परिषद, समाज कल्याण पदाधिकारी, नगर प्रबंधक अनिल उरांव, नगर मिशन प्रबंधक राकेश कुमार, नगर परिषद के कर्मी, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं, विद्यार्थी, एनसीसी के कैडेट, नगर परिषद के सफाई कर्मी एवं अन्य लोग शामिल हुए। नगर परिषद के प्रशासक जयपाल सिंह के द्वारा तीन भाषा में नशा के हानियों से संबंधित गीत गाकर नागरिकों का ध्यान आकृष्ट कराया गया।

## सड़क हादसे में एक व्यक्ति की हुई मौत

**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत घटना स्थल पर हो गया जांच में जुटी पुलिस। सेन्हा थाना क्षेत्र के बरही कनेली मोड़ के समीप शुक्रवार देर शाम अज्ञात ट्रैक्टर के चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत घटना स्थल पर हो गया। घटना की सूचना पर थाना प्रभारी अजित कुमार देर रात घटना स्थल पहुंच शव को कब्जे में लेते हुए अग्रतर कारवाई में जुट गई। वहीं मृतक की पहचान भंडरा थाना क्षेत्र के टोटो निवासी चंद्रपाल सिंह के रूप में किया गया है। जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि चंद्रपाल सिंह छोटे बच्चा को लेकर लोहरदगा गया था। जिसे आम बेच कर देर शाम घर लौटने के दौरान किसी अज्ञात ट्रैक्टर के चपेट में आने से चंद्रपाल सिंह का मौत घटना स्थल पर हो गया। इस संदर्भ में थाना प्रभारी ने बताया कि घटना की सूचना पर दलबल के साथ बरही कनेली मोड़ पहुंच शव को कब्जे में लेते हुए घटना का जायजा लिया गया। साथ ही उन्होंने कहा ग्रामीणों से प्राप्त सूचना के अनुसार वाहन द्वारा घर जाने के दौरान चंद्रपाल सिंह को पीछे से ट्रैक्टर टक्कर मार दिया साथ ही कहा कि दोनो वाहन एक ही दिशा से जा रहा था। फिलहाल शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। और पुलिस द्वारा अग्रतर कारवाई आरम्भ कर दिया गया है। घटना के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। घटना को अंजाम देने के पश्चात ट्रैक्टर चालक गाड़ी लेकर भागने में सफल रहा।

# डा. अनुना +2 उवि0 के द्वारा मादक पदार्थ के विरुद्ध प्रभात फेरी कर चलाया गया जागरूकता अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 22 जुन शनिवार को प्रात॰ कैरो मुख्यालय मे डा0 अनुग्रह नारायण +2 उच्च विद्यालय परिवार के द्वारा प्रधानाचार्य गणेश शास्त्री के अगुवाई मे मादक पदार्थ के विरुद्ध प्रभात फेरी कर चलाया गया जागरूकता अभियान। अभियान मे विद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा प्रभातफेरी मे हाथो मे तख्तियाँ लेकर नशा एक अभिशाप है, नशे की लत है एसी, जो कर दे जिन्दगी नर्क जैसी, जन-जन का यही संदेश, नशा मुक्त हो अपना देश, कसम यह खायेंगे, नशा दुर भगायेंगे का स्लोग्न प्रभातफेरी में छात्र-छात्रा बोल-बोलकर लोगो को मादक पदार्थ से दुर रहने के लिये जागरुक कर रहे थे। इस अवसर पर +2 उच्च विद्यालय से मुख्य पथ, साहू मुहल्ला, संकट मोचन हनुमान मन्दिर, आदिवासी मुहल्ला, हरिजन मुहल्ला होकर कैरो प्रखंड सह अंचल कार्यालय भवन, बाजार तांड़ कैरो होते हुए प्रभातफेरी पुन॰ विद्यालय प्रस्थान कर मादक पदार्थ के विरुद्ध जागरुकता कार्यक्रम समाप्त हो गई। उक्त अभियान मे प्रधानाचार्य गणेश शास्त्री के अलावा शिक्षक, आनन्द कुमार दुवे, राजेश साहू, जितेन्द्र भुषण कुमार, पवन कुमार भगत, विनीत कुमार, आलोक पाठक, मनौवर हुसैन, सौरभ कुमार मेहता, नईम अंसारी, संध्या मुक्ति केरकेट्टा, राखी कुमारी इत्यादि शिक्षक के अलावा मादक पदार्थ के विरुद्ध जागरुकता अभियान मे काफी अधिक संख्या मे विद्यालय के छात्र-छात्रा प्रभातफेरी मे उपस्थित थे।

**दोनों विधायक झारखंड पार्टी से खौफ के साये में जी रहे हैं**

# तभी तो विधानसभा के चुनाव से पहले दोनों कांग्रेस के विधायक झापा का राग अलाप रहे हैं : एनोस एक्का



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एवं सरकार ने भूषण बड़ा सिमडेगा विधायक के एक बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि आज सिमडेगा जिले के दोनों विधायक की यह स्थिति हो गई है कि यह लोग झारखंड पार्टी के ख्वाब के साए में जी रहे हैं सोते जागते इन लोगों को सिर्फ झारखंड पार्टी ही याद आ रही है यह 5 साल सरकार में शामिल होकर जनता के लिए क्या किया क्षेत्र के विकास के लिए क्या किया जनता को उसके बारे में बताने के बजाए झारखंड पार्टी की लगातार बुराई करने में लगे हुए हुए हैं झारखंड पार्टी एक छोटी और क्षेत्रीय पार्टी है और उसका एक छोटा सा नेता एनोस एक्का है आप इतना क्यों घबरा रहे हैं आप राष्ट्रिय पार्टी है आप झारखण्ड सरकार में शामिल हैं सरकार और आप जनता को बताइए अपने विकास कार्य को दिखाइए अपने विकास कार्य को अगर जनता को लगेगा कि निश्चित रूप से आप जनता के लिए काम किए हैं तो दोबारा चुनेगी आपको ,लेकिन झारखंड पार्टी के पीछे दोनों ही विधायक सोते जागते एक ही राग अलाप रहे हैं परन्तु आप चिंता मत करिए जनता विधान सभा के लिए तैयार सिमडेगा से आपको भगाने के लिए आपको सारा विकास करने का ख्याल अभी याद आ रहा है आप जाति धर्म में कब तक यहां की जनता को बाटीयेगा कब तक मूर्ख बनाइएगा, जनता आपसे 100000 (एक लाख) मांग रही है आपने गरीब जनता की गरीबी का मजाक उड़ाया है उसका जवाब विधान सभा मे आपको देना पड़ेगा जब जनता आपसे कहेगी एक लाख नहीं तो कांग्रेस को वोट भी नहीं।

## प्री मानसून वर्षा में डूबा कोकर गांव का देवी मंडप



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मानसून के आने से पहले हुई वर्षा में कुडू प्रखंड के चंदलासो पंचायत के कोकर गांव में स्थित देवी मंडप पूरी तरह जल मग्न हो गया। हल्के वर्षा मे ही मंडप के चारो ओर पानी तालाब की तरह छापा छप भर जाता है। जिसके कारण गांव के लोग मंडप में पूजा अर्चना नहीं कर पाते हैं। स्थानीय लोगों ने पंचायत के मुखिया को अनेकों बार उक्त स्थान पर नाली बनाने के लिए कहा लेकिन मुखिया हमेशा फंड नहीं होने का हवाला देते हुए बातों को टाल देते हैं। जब पिछले दिनों सोमवार को हुई वर्षा के बाद ग्रामीणों ने कई बार मुखिया को फोन लगाया लेकिन मुखिया आने को तैयार नहीं हुए। जिससे कोकर गांव के लोग मुखिया के प्रति नराजगी व्यक्त किया है। इस दौरान अभय कुमार साहू संजय साहू राहुल साहू जयप्रकाश साहू शिवटहल साहू शिवनाथ साहू दिगंबर साहू सोनू मुंडा रवि साहू रंथु मुंडा संतोष साहू बजरंगी मुंडा गब्बर साहू आदि लोग उपस्थित थे। उक्त आशय की जानकारी अभय साहु ने दी।

# मादक पदार्थों के दुरुपयोग के विरुद्ध चलाया गया जागरूकता अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** आज खेलकूद एवम युवा कार्य निदेशालय, झारखंड, रांची के निर्देश के आलोक में लोहरदगा जिला में मादक पदार्थों के दुरुपयोग के विरुद्ध जागरूकता को लेकर जिला खेल कार्यालय, लोहरदगा द्वारा आवासीय बालक फुटबॉल प्रशिक्षण केंद्र,+2 नदिया हिन्दू उच्च विद्यालय के छात्रो द्वारा, डिस्ट्रिक्ट सी.एम.स्कूल ऑफ एक्सीलेंस लोहरदगा से प्रभात फेरी का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के अनेकों छात्रों चने मादक पदार्थों के सेवन करने वालों थालोगों के अंदर कुप्रभाग, कैंसर जैसे रोग इत्यादि पर प्रभात फेरी के माध्यम से विस्तृत जानकारी प्रदान किया तथा मादक पदार्थों के दुरुपयोग से बचने इसके नुकसान होने लगा उसने तथा इसके रोक थाम के लिए समाज से अपील की। कार्यक्रम में जिला खेल् पदाधिकारी उपवन बड़ा, धफुटबॉल कोच सुभाष तिर्की, पर्यटन विशेषज्ञ नवीन गुप्ता का सहयोग सराहनीय रहा। ज्ञातव्य हो जिले के विघ्ज्ञभिन्न प्रखंडों समेत जिला मुख्यालय में 19 जून से 26 जून तक हो रहे कार्यक्रम में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, योग कार्यक्रम, युवा संगोष्ठी, निबंध लेखन, क्विज कंपटीशन, प्रभात फेरी, भाषण प्रतियोगिता, ड्राइंग कंपटीशन, साइकिल रैली समेत अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

# नशा मुक्त सामाज निर्माण को लेकर प्रभात फेरी निकल किया गया जागरूक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र के अलौदी पंचायत अन्तर्गत हेसवे ग्राम में शनिवार को मध्य विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएँ व छात्र छात्राओं द्वारा नशा मुक्त समाज निर्माण को लेकर प्रभात फेरी निकाल जागरूक किया गया। जागरूकता प्रभात फेरी प्रधाननध्यापक सुखुआ उराँव व संकुल संसाधन सेवी बिरेन्द्र कुमार के नेतृत्व में प्रभातफेरी विधालय प्रांगण से प्रारम्भ होकर पूरे गाँव का भ्रमण कर पुनः विधालय प्रांगण पहुँचा। वही संकुल संसाधन सेवी विरेन्द्र कुमार ने प्रभात फेरी के माध्यम से छात्र-छात्राओं को बताते हुए कहा की नशा मुक्त सामाज का निर्माण के लिए खुद को नशा से दूर रखें। नशा नाश का मुख्य स्त्रोत है लक्ष्य लेकर खेल कूद व पढ़ाई में आगे बढ़ने का नशा रखें और माँ पिताजी भाई बहन को शराब, गंजा, भांग, सिगरेट, गुटखा जैसे अन्य नशीला पदार्थ से दूर रहने के लिये प्रेरित करें। साथ ही साथ अगल बगल पड़ोस के व्यक्तियों को भी नशा से दूर रहने के लिए प्रेरित करे तथा समय समय पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से क्षेत्र में नशा से होने वाली समस्याओं को दिखाये समझाये। मौके पर प्रधानध्यायपक सुखुआ उराँव, संकुल संसाधन सेवी विरेन्द्र कुमार, अमर भगत, शिक्षिका कांति किंडो, मुनिता कुमारी के अलावे विद्यालय के सभी छात्र छात्राएँ उपस्थित थे।

# एक्स यू वी वाहन सहित भारी मात्रा में पुलिस ने किया गांजा बरामद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** नशीला पदार्थ पर रोक लगाने के दिशा में कदम उठाते जिला प्रशासन द्वारा 19 से 26 जून तक नशामुक्त जिला बनाने को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। उसी दौरान सेन्हा थाना क्षेत्र के कल्हेपाट ग्राम निवासी हाजी मोजाहिम अंसारी का 35 वर्षीय पुत्र तौफिक अंसारी के घर पर गुप्त सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक हारीश बिन जमा के निर्देश पर मुख्यालय डीएसपी समीर तिर्की, बीडीओ संग्राम मुर्मू, थाना प्रभारी अजीत कुमार, एस आई मनोज कुमार, अविनाश राम, पंकज कुमार यादव दल बल के साथ 1 बजे रात्रि में पहुंच कर घर के बगल में निर्मित वाहन पार्किंग में खड़ी वाहनों की जांच दंडाधिकारी संग्राम मुर्मू के समक्ष तलाशी लिया गया तो गांजा से भरा हुआ तीन बड़ा बोरा बरामद किया है। जिसमे लगभग 139 किलो गांजा बरामद हुआ तब से पुलिस घर के बाहर रात्रि से तैनात है। अनुमंडल पदाधिकारी के आदेशानुसार अंचलाधिकारी राकेश कुमार तिवारी को दंडाधिकारी प्रतिनियुक्त किया गया है। प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी राकेश कुमार तिवारी की उपस्थिति में पुलिस पदाधिकारी दलबल के साथ तौफीक अंसारी के घर का जांच किया गया। घर से 42 हजार 800 सो रूपया बरामद किया है साथ ही वाहन संख्या डीएल 8 सी ए सी 2826, एक्स यू वी फॉरचूनर वाहन संख्या जे एच 10 ए एन 3103 में पुलिस नेम पेलेट लिखा हुआ मिला है।

## राजकीय मध्य विद्यालय ककरगढ़ मे एक युद्ध नशे के विरुद्ध जागरूकता को लेकर निकल गया प्रभात फेरी



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शनिवार को राजकीय मध्य विद्यालय ककरगढ़ मे एक युद्ध नशे के विरुद्ध कार्यक्रम के तहत भाषण प्रतियोगिता एवं प्रभातफेरी निकाली गई। जिसमें बच्चे पोस्टर, बैनर तथा नारे लगा रहे थे। इस प्रभात फेरी का मुख्य आकर्षण पंचायत ककरगढ़ की मुखिया श्रीमती चेमनी टोप्पो एवं प्रहरी क्लब के नोडल शिक्षक श्री जसीम जी के नेतृत्व में कर रहे थे। साथ ही पंचायत के समाज सेवी श्री रोजामत अंसारी तथा अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। प्रभात फेरी के अंत में श्री मति चेमनी टोप्पो ने सभी उपस्थित बच्चों एवं ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज का यह जागरूकता प्रभात फेरी के द्वारा हमें सभी लोगों को नशा से दूर रहने के लिए प्रेरित करना है तथा खूद भी नशे से दूर रहना है तथा जिस तरह इतने कम समय में बच्चों ने प्रभात फेरी की तैयारी की वो बहुत ही प्रशंसनीय है इसी तरह अगर बच्चों के साथ अभिभावक भी जागरूक रहें तो हमारा पंचायत पूरी तरह नशा मुक्त हो सकता है।

# विहिप के धर्म प्रसार क्षेत्र की बैठक में आगामी कार्यक्रमों के रूपरेखा पर हुई चर्चा : अनिल गुप्ता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** शहर के गुदरी बाजार स्थित खेमराज स्मृति भवन परिसर में शुक्रवार को विश्व हिंदू परिषद के बैनर तले पटना जोन में धर्म प्रसार क्षेत्र की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रांत प्रवर्तन प्रमुख (झारखंड) के अनिल कुमार गुप्ता ने की। बैठक में बीते एक वर्ष में हुए कार्यक्रमों और आगामी वर्षों में होने वाले कार्यक्रम को लेकर गहन चर्चा की गई। बैठक में झारखंड, दक्षिण बिहार और उत्तर बिहार के कई पदाधिकारी भी शामिल हुए। संबंधित क्षेत्र में आगामी कार्यक्रमों के रूपरेखा को लेकर चर्चा की गई और बीते वर्षों में हुए बैठक की भी समीक्षा की गई। वहीं बैठक में संगठन के विस्तार को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय भी लिए गए। बताया गया बैठक में बीते एक वर्ष में हुए प्रवर्तन और धर्म परिवर्तन के मामले पर भी विचार किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया के आगामी कार्यक्रमों को बेहतर रूप से आयोजित करना है, जिससे प्रांत से जुड़े लोगों को सबंधित कार्यक्रम का लाभ मिल सके। बैठक में अलग-अलग प्रांतों से पहुंचे पदाधिकारियों ने भी अपने विचार रखें। मौके पर मुख्य रूप से प्रांत प्रवर्तन प्रमुख अनिल कुमार गुप्ता, धर्म प्रसार क्षेत्र के प्रांत मंत्री राजकिशोर सिंह,सह मंत्री भानु प्रताप सिंह,उत्तर बिहार के संगठन मंत्री नागेंद्र कुमार समर्थ, क्षेत्र धर्म प्रसार प्रमुख उपेंद्र कुमार कुशवाहा, प्रांत संगठन मंत्री चितरंजन कुमार,प्रांत प्रशासनिक संपर्क प्रमुख दक्षिण बिहार के राम बहादुर सिंह,अखिल विद्यार्थी प्रमुख सुधांशु क्षेत्र मंत्री बिहार और झारखंड के वीरेंद्र विमल, प्रांत सह परियोजना प्रमुख रेनू अग्रवाल, संत संपर्क प्रमुख स्वामी सीतारमण जी महाराज, परियोजना सह प्रमुख कामेश्वर चौधरी, प्रमुख धर्म प्रसार झारखंड संजय चौरसिया, प्रवर्तन सह प्रमुख झारखंड के शंकर राव, धनंजय अग्रवाल, सुधीर अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, अशोक कसकर, अशोक खत्री, रमेश साहू, संतोष लकड़ा, विजय खत्री, आशा सोनी देवी, ममता देवी, छवि सिंह, सुनीता अग्रवाल, किरण गुप्ता, रेखा अग्रवाल, सहित अन्य उपस्थित थे।

**अपनी पत्नी को बाइक में बैठाया और जंगल में बसे गांव की ओर निकल पड़े विधायक भूषण बाड़ा**

# पांच किलोमीटर तक बाइक चलाने के बाद विधायक के गांव पहुंचते ही उनके स्वागत में उमड़ पड़ा ग्रामीणों का हुजूम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** साहब साहब उधर रास्ता बहुत खराब है। बारिश हुई है तो रास्ता में कीचड़ भी हो गया है। चार पहिया वाहन नहीं जाएगी। गांव भी पांच किलोमीटर दूर जंगल के बीच में है....इतना सुनते ही सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा की गाड़ी रुक गई। गाड़ी रुकते ही विधायक चार पहिया वाहन से नीचे उतरे और एक मिनट के लिए शांत हो कर खड़े हो गए। कुछ देर शांत रहने के बाद विधायक ने कहा....बाबा मोटरसाइकिल तो पहुंच जाएगी न गांव। इस पर ग्रामीण ने हां भरी। उनके हां सुनते ही उन्होंने अपने कार्यकर्ताओं से बाइक मंगवाई। कुछ देर के बाद उनके पास बाइक पहुंच गई। फिर क्या था। विधायक भूषण बाड़ा ने बाइक की चाभी लेते हुए बाइक स्टार्ट की। इसके बाद अपनी धर्म पत्नी सह पाकरटांड़ जिप सदस्य जोसिमा खाखा की बाइक के पीछे बिठाया और निकल पड़े पालकोट प्रखंड से काफी दूर जंगल मे बसे डहुपानी पंचायत के सिजांग गांव की ओर। कच्ची और उबड़ खाबड़ सड़कें। बारिश के कारण सड़क में भी बहुत ज्यादा फिसलन। विधायक की थोड़ी सी चूक और उनकी पत्नी के साथ दोनों को बड़ी दुर्घटना का शिकार होने से बचा पाना काफी मुश्किल। पर विधायक को इसकी तनिक भी परवाह नहीं। उनके अंदर तो बस जनता के पास पहुंचने और उनकी सेवा करने की धुन सवार थी। लगभग आधे घंटे तक बाईक चलाने के बाद आखिर पांच किलोमीटर दूर स्थित सिजांग गांव पहुंचे। ग्रामीणों के लिए भी यह पहला मौका था जब आजादी के 76 साल बाद कोई विधायक उनके गांव पहुंचा हो। विधायक द्वारा बाइक चलाकर गांव आने की खबर पूरे गांव और आस पास के क्षेत्र में आग की तरह फैल गयी। पूरा गांव अपने विधायक को देखने के लिए उमड़ पड़ा। विधायक के गांव पहुंचते ही ग्रामीणों ने लोटा पानी के साथ पारंपरिक तरीके से जोरदार स्वागत किया। हर ग्रामीणों के चेहरे में खुशी के आंसू थे और गांव तक विकास की किरणें पंहुचने की उम्मीद साफ झलक रही थी। विधायक ने एक एक ग्रामीणों की समस्या सुनने के बाद सभी ग्रामीणों की समस्याओं को दूर करने के लिए तत्काल बीडीओ को एक्शन प्लान तैयार करने का निर्देश दिया। विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि वे गांव की समस्याओं को पोटली बना कर ले जा रहे हैं। सबसे पहले गांव की पहुंच पथ दुरुस्त होगी। इसके बाद ग्रामीणों की हर एक समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाएगा। विधायक ने बीडीओ को भी इस संबंध में निर्देश दिए। साथ ही कहा कि गांव के विकास में किसी तरह की लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं होगी। **जोसिमा खाखा ने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की दी जानकारी :** विधायक के साथ गांव पहुंची जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने राज्य सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही सभी ग्रामीणों को योजना का लाभ लेने के लिए आगे आने का आह्वान किया। जोसिमा ने कहा कि विधायक भूषण बाड़ा जंगल पहाड़ में बसे गांव तक जाकर समस्या सुनने वाले पहले विधायक हैं। जनता की सेवा करने के लिए वे कभी भी दिन और रात नहीं देखते।

## चलते चलते एक नजर

### तमिलनाडु : कल्लाकुरिची में जहरीली शराब पीने से मरने वालों की संख्या 53 हुई



**चेन्नई :** तमिलनाडु में कल्लाकुरिची हूच त्रासदी में मरने वालों की संख्या 53 हो चुकी है। कल्लाकुरिची के जिला कलेक्टर ने एमएम प्रशांत ने बताया कि 193 मरीजों में से 140 मरीज सुरक्षित हैं। इस मामले में संलिप्त 7 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। तमिलनाडु के कल्लाकुरिची में 19 जून को जहरीली शराब पीने से 193 लोगों की हालत बिगड़ गई, उन्हें आनन-फानन में पास के अस्पताल में भर्ती करवाया गया। शुक्रवार को 50 लोगों की मौत हो गई थी, वहीं शनिवार को मरने वालों की संख्या बढ़कर 53 हो गई है। उन्होंने यह भी बताया कि इस मामले में अब तक 7 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। यही नहीं इस मामले की जांच तमिलनाडु पुलिस की सीबीआई सीआईडी शाखा को सौंपी गई है।बता दें कि घटना के बाद तमिलनाडु विधानसभा में जमकर हंगामा हुआ। विपक्षी अन्नाद्रमुक सदस्यों ने कल्लाकुरिची शराब त्रासदी पर चर्चा की मांग की और नारेबाजी की।कल्लाकुरिची के जिन लोगों के माता-पिता की जान गई है, उन्हें सरकार की ओर लाभ दिया जाएगा। मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के अनुसार राज्य सरकार उन बच्चों की पूरी शिक्षा और छात्रावास का खर्च उठाएगी। जिन्होंने इस त्रासदी में अपने मां-बाप में से किसी एक को खो दिया है।

### भारतीय कंपाउंड महिला टीम ने फाइनल जीता, 2024 में स्वर्ण पदक की लगाई हैट्रिक



**नई दिल्ली :** शीर्ष रैंकिंग वाली भारतीय कंपाउंड महिला टीम ने शनिवार को तुर्की के अंताल्या में तीरंदाजी विश्व कप स्टेज-3 के फाइनल में स्वर्ण पदक जीता। ज्योति सुरेखा वेन्नम, अदिति स्वामी और परनीत कौर की भारतीय तिकड़ी ने खिताबी मुकाबले में छठी रैंकिंग वाली एस्टोनिया (232-229) को हराया। इसी के साथ भारतीय तिकड़ी की 2024 में तीरंदाजी विश्व कप में स्वर्ण पदकों की हैट्रिक पूरी हुई। टीम ने इस साल की शुरुआत में शंघाई और येचियन में आयोजित पिछले चरणों में स्वर्ण पदक जीते थे। स्टेज 3 में, भारत को पहले दौर में बाई मिली, जिसमें केवल 10 देश शामिल थे, तथा फिर उसने अल साल्वाडोर को 235-227 से तथा मेजबान तुर्की को 234-227 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। प्रियांश, अभिषेक वर्मा और प्रथमेश फुगे की मौजूदगी वाली शीर्ष भारतीय पुरुष टीम सेमीफाइनल में तुर्की से 236-236 (शूट-ऑफ 30*-30, तुर्की ने सेंटर के करीब शॉट मारा) से हार गई।भारत कांस्य पदक के मैच में भी फ्रांस से 236-235 से हार गया।

# ज्ञान का समंदर होता है पुस्तकालय : अविनाश देव

**देवम इंस्टीट्यूट के कैंपस में अविनाश देव ने किया पुस्तकालय का उद्घाटन**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पुस्तकालय ज्ञान का एक अथाह समंदर है। जहां से असीमित ज्ञान रूपी मोती निकाला जा सकता है। बस अपने दिनचर्या में पुस्तके पढ़ना को शामिल किया जाए। मेदिनीनगर भी शिक्षा के क्षेत्र में उत्तरोतर वृद्धि कर रहा है। नित्य नए नए लाइब्रेरी का खुलना इस बात का प्रमाण है की स्थानीय शहर में पाठक वर्ग की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। विदित हो की कल देवम इंस्टीट्यूट के कैंपस में स्पेयरेंट लाइब्रेरी का उद्घाटन संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव के कल कमलों द्वारा सम्पन्न हुआ। पुस्तकालय के निर्देशक प्रमोद जी द्वारा पुष्पगुच्छ देकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया। उपस्थित पाठक को संबोधित अविनाश देव ने कहा की पुस्कालय खुलना शहर के शिक्षा विकास का द्योतक हैं । देवम इंस्टीट्यूट के बच्चें भी ट्यूशन के बाद शांति माहौल में अपनें लक्ष्य प्राप्ति के लिए अध्ययन जारी रख सकते है । छात्र हित में शानदार कार्य के लिए उन्होंने देवम इंस्टीट्यूट के सभी शिक्षकों का आभार वयक्त किया। मौके पर देवम इंस्टिट्यूट के निदेशक आर एन सिंह, यू एस चौबे,प्रवीण दुबे, प्रमोद सिंह , एडवोकेट ओंकार नाथ तिवारी सहित अन्य लोग भी उपस्थित रहे।

## बिजली-पानी को लेकर भाजपा ने किया प्रदर्शन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पलामू में विकराल बिजली पानी बालू खाद बीज और चरमराई हुई स्वास्थ्य व्यवस्था जैसे जन मुद्दे को लेकर भारतीय जनता पार्टी पलामू के तत्वाधान में आक्रोश रैली निकाली गई और सम्हारणालय का घेराव कर आक्रोस प्रदर्शन किया गया गया।।समाहरणालय का घेराव कर प्रदर्शन करते हुए भाजपा प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह ने कहा कि पलामू में झुलसाने वाली गर्मी के बीच बिजली की कटौती और बूंद बूंद पानी के लिए तरसते लोग त्राहि-त्राहि कर रहे हैं।पलामू प्रमंडल के जलापूर्ति मंत्री होते हुए भी पलामू के लोग एक-एक बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। भाजपा पलामू जिला अध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि यह सरकार महिला, किसान और मजदूरों की विरोधी है। एक तरफ लोग भीषण गर्मी से परेशान है। नहाने के लिए तो दूर पीने के लिए भी पानी नहीं मिल रहा है। ठीक से बिजली नहीं मिल रही है। इस अवसर पर पलामू के सभी विधायक सहित शिव कुमार मिश्रा ,विनोद सिंह, अविनाश वर्मा, अजय तिवारी, विभाकर नारायण पांडे, कर्नल संजय सिंह आदि उपस्थित थे।

## पाहन को जान से मारने की धमकी मामले में सदर थाना में शिकायत दर्ज



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** रांची के बूटी मौजा के बसंत पाहन के साथ फोन पर गाली-गलौज करने और जान से मारने का धमकी देने का मामला शनिवार को प्रकाश में आया है। इस संबंध में आदिवासी समाज के लोगों ने धमकी देने वाले आरोपित के खिलाफ सदर थाना में लिखित शिकायत दर्ज करायी है। दिये गये लिखित आवेदन में बसंत ने लिखा है कि 21 जून को अज्ञात नंबर 7209692ज से शाम सात बजे मिस्ड कॉल आया था। वह किसी ललन नामक व्यक्ति का था। जब रिप्लाई दिया गया और उससे परिचय जानना चाहा तो वह बिना सोचे समझे गाली - गलौज करने लगा। उसकी पत्नी के ऊपर गलत आरोप लगाने लगा। इसके साथ ही परिवार को जान से मारने का धमकी दी। आरोपित ने कहा कि घर में घुसकर परिवार को जान से मार देंगे। बहुत बडा पाहन बनते हो। घटना को लेकर जय आदिवासी केंद्रीय परिषद के मुन्ना टोप्पो ने मांग की है कि आरोपित को तुरंत गिरफ्तार किया जाये। उन्होंने कहा कि पाहन आदिवासी समाज का धार्मिक गुरु होता है। इसे संरक्षित रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। परिषद की उपाध्यक्ष मुन्नी पाहन ने कहा कि धार्मिक अगुवा के साथ गाली-गलौज किया गया है। इसे बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। अपराधी को जल्द गिरफ्तार किया जाये,नहीं तो उग्र आंदोलन किया जायेगा। पाहन संघ के अध्यक्ष जगदीश पाहन ने कहा कि धार्मिक अगुवा के साथ गाली-गलौज करना समाज के ऊपर हमला है। इसे कभी बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। पाहन की सुरक्षा करना आदिवासी समाज के ऊपर है। मौके पर विजय कच्छप, रोहित पाहन,मुन्नी टोप्पो सहित अन्य उपस्थित थे।

## श्रद्धालुओं के बीच जायंट्स ग्रुप ने किया खिचड़ी भोग का वितरण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** जायन्ट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा सहेली के द्वारा स्थानीय चौधराना बाजार स्थित शनि मंदिर में सैकड़ो श्रद्धालुओं के बीच खिचड़ी भोग प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सहेली अध्यक्ष रंजना जायसवाल ने की। मौके पर जायन्ट्स वेलफेयर फाउंडेशन फेडरेशन आठ के पूर्व अध्यक्ष विनोद कमलापुरी, फेडरेशन उपाध्यक्ष मनोज केशरी, पूर्व यूनिट डायरेक्टर सह जायन्ट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा सहेली की फाउंडर अध्यक्ष रश्मि कमलापुरी , फेडरेशन के पूर्व पदाधिकारी सीमा केशरी, सहेली के पूर्व अध्यक्ष माला केशरी, सुनीता केशरी एवं निवर्तमान अध्यक्ष रितु जायसवाल मुख्य रूप से उपस्थित थी। इस अवसर पर पदाधिकारियों ने कहा कि जरुरत मंदो के लिए खिचड़ी भोग प्रसाद का वितरण काफी पुण्य का कार्य है। जायन्ट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा सहेली ऐसे हरेक अवसर पर जरूरत मंदो की सेवा के लिए सदैव तप्पर रहती है। आज का प्रसाद वितरण रश्मि कमलापुरी के द्वारा प्रायोजित किया गया जिसके लिये उपस्थित सदस्यों ने उनका आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में जायन्ट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा सहेली की उपाध्यक्ष संध्या केशरी, सहेली सदस्य बिमला केशरी, रीना केशरी, करुणा केशरी के अलावे प्रभु जी केशरी, बिनय गौढ़, विजय ठाकुर आदि गणमान्य लोग भी उपस्थित थे।

## स्थापना दिवस पर आजसू पार्टी ने मनाया बलिदान दिवस



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा** : पार्टी की स्थापना दिवस पर शनिवार को आजसू पार्टी ने बलिदान दिवस के रूप में मनाया। मौके पर पर्यावरण संरक्षण के लिए गढवा जिला के गढवा रंका विधान सभा व नगर भवनाथपुर विधान सभा में वृक्षारोपण का कार्य किया गया। साथ ही शहर के नगवां मुहल्ला में जिलाध्यक्ष दीपक शर्मा के नेतृत्व में पौधारोपण किया गया।इस अवसर पर तिवारी रेस्ट हाउस के सभागार में जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा की अध्यक्षता में कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन जिला प्रधान सचिव त्रिपुरारी सिंह ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत झारखण्ड अलग राज्य के आन्दोलन मे शहीद हुए क्रांतिकारियों को श्रध्दांजलि अर्पित की गई। जिलाध्यक्ष दीपक शर्मा ने कहा कि झारखण्ड राज्य स्वभाविक राज्य नहीं है। बड़ी कुर्बानी के बदौलत हमने राज्य बनाया। मगर अपने राज्य में ही हम सभी अधिकार से वंचित है। जल जगंल जमीन पर झारखण्डी जनता का कोई संबंध नहीं है। आजसू पार्टी के एक-एक कार्यकर्ता की जिम्मेवारी इस राज्य के प्रति बढ़ी है और हम सबको एकजुट होकर के झूठ फरेब एवं भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ना होगा। तभी हम झारखंडीयो की अस्मिता बचेगी ।केंद्रीय सचिव चम्पा देवी ने कहा कि इस राज्य में सबसे कुंठित महिलाओं को रहना पड़ रहा है। महिलाओं का सशक्तिकरण केवल नारा बन कर रह गया है। इस सरकार में राज्य के कोई भी जनता खुश नहीं है। केंद्रीय सचिव गुप्तेश्वर ठाकुर ने कहा कि बलिदान दिवस पर हमारी नैतिक जिम्मेदारी है कि झारखण्ड आन्दोलनकारी को मान सम्मान और पहचान स्वाभिमान की रक्षा कि जाय। पार्टी के जिला प्रधान सचिव त्रिपुरारी सिंह ने कहा कि बलिदान दिवस के अवसर पर हम सब को संकल्प लेने की आवश्यकता है की गढ़वा जिले के एक-एक ग्राम तक पार्टी का संगठन खड़ा कर और विधानसभा मजबूती के साथ लड़ा जाए। इस अवसर पर शंकर प्रताप विश्वकर्मा,चंपा देवी,केन्द्रीय सदस्य अफजल अंसारी, संतोष केसरी, दशरथ चौधरी नन्दू ठाकुर, इस्तेयाक रजा, रम्भा देवी, प्रधान सचिव त्रिपुरारी सिंह, जिला कार्यकारी अध्यक्ष विजय ठाकुर, जिला सचिव लाल मोहम्मद अंसारी, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रीता देवी आदि कार्यकर्ताओं ने सम्बोधित किया।

## रांची डीसी ने भू-माफिया को किया जिलाबदर



**रांची** : राजधानी पुलिस की अनुशंसा पर डीसी ने भू-माफिया सजाउद्दीन अंसारी को जिलाबदर किया है। सजाउद्दीन पिठोरिया इलाके में जमीन की खरीब-बिक्री का काम करता था। डीसी के न्यायालय से उसे जिला बदर करने का आदेश शनिवार को जारी किया है। जारी आदेश में सजाउद्दीन को तीन महीने के लिए जिले से बाहर रहने का आदेश दिया गया है। साथ ही थाना में उपस्थित होकर बंध पत्र भरने को भी कहा गया है।

## दिल्ली के 28 लाख लोगों को नहीं मिल रहा पानी

**दिल्ली की जल मंत्री आतिशी का पानी सत्याग्रह जारी**



एजेंसी

**नई दिल्ली** : हरियाणा पर दिल्ली को उसके हिस्से का पानी नहीं देने का आरोप लगाते हुए आम आदमी पार्टी की नेता और दिल्ली की जलमंत्री ने शुक्रवार से पानी सत्याग्रह शुरू किया। इस दौरान शनिवार को आतिशी ने एक वीडियो जारी कर हरियाणा सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि आज मेरे अनशन का दूसरा दिन है। भीषण गर्मी में दिल्ली में बहुत पानी की कमी है। इतनी भयंकर गर्मी में जब दिल्लीवालों को ज्यादा पानी चाहिए था तो यहां पानी की कमी हो गई। दिल्ली के पास अपना पानी नहीं है। दिल्ली के पास जो सारा पानी आता है नद पड़ोसी राज्यों से आता है। दिल्ली में कुल 1105 एमजीडी पानी आता है। जो लोगों के घरों में जाता है। इसमें से 613 एमजीडी पानी हरियाणा से आता है। पिछले कई हफ्तों से हरियाणा लगातार 513 एमजीडी पानी भेज रहा है। 1 एमजीडी यानि 1 मिलियन गैलन पानी। 28 हजार 500 सौ लोगों को पानी देता है। अब हरियाणा 100 एमजीडी कम पानी दे रहा है। यानि 28 लाख दिल्ली वालों को पानी नहीं मिल रहा है।ये सभी लोग पानी की बूंद-बूंद को तरह रहे हैं। मैंने हर संभव रास्ता अपना कर देखा, लेकिन किसी भी रास्ते से हरियाणा सरकार पानी देने को तैयार नहीं हुई तो मेरे पास अनशन पर बैठने के अलावा कोई रास्ता नहीं था। दिल्ली वाले बहुत परेशान हैं। एक-एक बूंद पानी के लिए तरह रहे हैं। इसलिए मैं कल से अनशन पर बैठी हूं। मैंने आज सुबह भी दिल्ली जल बोर्ड से सारे आंकड़ें मंगवाए, लेकिन आज भी पानी की कमी बनी हुई है। शुक्रवार को कुल 110 एमजीडी पानी हरियाणा से कम आया है। इसका मतलब आज 28 लाख लोगों को पानी नहीं मिल पाएगा। मैं अनशन पर तब तक बैठी रहूंगी। जब तक हरियाणा सरकार दिल्ली के लोगों को पानी नहीं देती। मैं तब तक खाना नहीं खाऊंगी। जब तक दिल्ली के 28 लाख लोगों को पानी नहीं मिल जाता।

## बिहार में एक और पुल हुआ धराशायी



**सीवान में नहर पर बना ब्रिज भरभरा कर गिरा, आवागमन ठप**

एजेंसी

**पटना :** बिहार में फिर से पुल हादसा हुआ है। चार दिन के अंदर दूसरा पुल भरभरा कर गिर गया। सीवान के महाराजगंज अनुमंडल के पटेढ़ा और गरौली गांव के बीच गंडक नहर पर पुल अचानक गिर गया। दरअसल, शनिवार सुबह अचानक पुल का एक पाया धंसने लगा। देखते ही पुल नहर में समा गया। हादसे के बाद दो गांव के बीच आवागमन बाधित हो गया है। इलाके में हड़कंप मच गया। लोग पुल के निर्माण कार्य पर सवाल उठा रहे हैं।ग्रामीणों का कहना है कि 30 साल पहले बिहार सरकार ने इस पुल का निर्माण करवायाा। कुछ दिन पहले ही विभाग नहर की सफाई करवाई गई थी। साथ ही नहर की मिट्टी काटकर नहर के बांध पर फेंक दी गई थी। ग्रामीणों का दावा है कि इसी कारण पुल का पाया कमजोर हो गया। आज पाया टूट गया, जिससे पुल नहर में गिर गया। घटना के बाद प्रशासन ने जांच टीम का गठन किया है।वहीं पुल हादसे के बाद वहां पर दोनों ओर से दोनों गांव के लोग इकट्ठे हो गए। ग्रामीणों ने बताया कि कुछ दिन पहले नहर की सफाई की गई थी, जिसमें यहां से मिट्टी काटकर नहर के बांध में फेंकी गई थी। इस से पुल का पिलर काफी कमजोर हो गया और ज्यादा लोड होने के वजह से यह घटना हुई है। बताया जा रहा है कि 30 फीट चौड़ा और 30 साल पुराना यह पुल था। वही ग्रामीणों का कहना था कि पुल टूटने के बाद भी अभी तक कोई विभाग के लोग जायजा लेने नहीं पहुंचे हैं। इसके टूट जाने की वजह से काफी मशक्कत का सामना करना पड़ेगा। बच्चे स्कूल नहीं जा पाएंगे और एक गांव से दूसरे गांव में आने जाने के लिए यही एक पुलिया ही सहारा था।

**18 जून को बकरा नदी पर बना पुल गिरा था:** बता दें कि 18 जून को अररिया जिले सिकटी प्रखंड में बकरा नदी पर बना पुल उद्घाटन से पहले ही पुल ध्वस्त हो गया था। 182 मीटर का पुल कुल तीन हिस्सों में बना था। दो पाए के साथ दो हिस्सा नदी में समा गया। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क निर्माण योजना के तहत बने इस पुल की लागत 7.79 करोड़ रुपये थी। 182 मीटर लंबे इस पुल का निर्माण 2021 में शुरू हुआ था। शुरुआती दौर में यह 7 करोड़ 80 लाख की लागत का था, लेकिन बाद में नदी की धारा बदलने और एप्रोच सड़क को लेकर कुल 12 करोड़ की लागत का हो गया था।

## आरपीएफ ने हटिया रेलवे स्टेशन पर शराब के साथ एक को पकड़ा

**रांची :** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने हटिया रेलवे स्टेशन से एक व्यक्ति को शराब के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित उज्जवल कुमार बरियातू का रहने वाला है। इसके पास से शराब की ब्लेंडर्स प्राइड की 21 बोतलें बरामद की गयी हैं। रांची मंडल के सुरक्षा आयुक्त पवन कुमार के निर्देश पर आरपीएफ पोस्ट हटिया और फ्लाइंग टीम ने हटिया रेलवे स्टेशन पर जांच के दौरान एक संदिग्ध को हटिया रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या तीन पर एक भूरे रंग के ट्रॉली बैग के साथ देखा। संदेह के आधार पर बैग की जांच करने पर शराब बरामद की गई। पूछताछ में आरोपित ने बताया कि शराब को हटिया से खरीदा था और अधिक कीमत लेकर बेचने के लिए मुजफ्फरपुर (बिहार) जा रहा था। बरामद शराब की कीमत 22 हजार आंकी गयी है। सभी शराब को रांची के सहायक उपनिरीक्षक रवि शेखर ने जब्त कर लिया और कानूनी कार्रवाई के लिए उत्पाद विभाग को सौंप दिया।

## केन्द्रीय गृह मंत्री शाह ने आईजीआई एयरपोर्ट पर शुरू किया फास्ट ट्रैक इमीग्रेशन-ट्रस्टेड ट्रैवलर प्रोग्राम



एजेंसी

**नई दिल्ली :** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के टर्मिनल-3 पर 'फास्ट ट्रैक इमीग्रेशन-ट्रस्टेड ट्रैवलर प्रोग्राम' (एफटीआई-टीटीपी) का उद्घाटन किया। इस अवसर पर केन्द्रीय गृह सचिव सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। केन्द्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि 'फास्ट ट्रैक इमीग्रेशन-ट्रस्टेड ट्रैवलर प्रोग्राम' प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार की एक दूरदर्शी पहल है, जिसे भारतीय नागरिकों और ओसीआई कार्डधारकों के लिए बहुत सोचकर तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि यह पहल दूसरे देशों से आने वाले भारतीय नागरिकों व ओसीआई यात्रियों की सुविधा को बढ़ाएगी। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम की शुरूआत विकसित भारतञ्च2047 के लिए तय किए गए प्रमुख कार्यबिंदुओं में से एक है और यह पहल सभी के लिए यात्रा सुविधा और दक्षता बढ़ाने की मोदी सरकार की कटिबद्धता को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि ये सुविधा सभी यात्रियों के लिए निःशुल्क उपलब्ध होगी। इसे अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के लिए तेज, सुगम और सुरक्षित आप्रवासन अनुमोदन के लिए तैयार किया गया है। यह ई-गेट्स पर चलेगा। इससे अप्रवासन मंजूरी की प्रक्रिया में मानवीय हस्तक्षेप कम होगा। शाह ने बताया कि इस कार्यक्रम को दो चरणों में लागू किया जाएगा। पहले चरण में, भारतीय नागरिकों और ओसीआई कार्डधारकों को कवर किया जाएगा और दूसरे चरण में विदेशी यात्रियों को कवर किया जाएगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ई-गेट्स के माध्यम से जांच कर अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के लिए तेज व्रजन लेन के माध्यम से विश्वस्तरीय अप्रवासन सुविधाओं को विकसित कर अंतरराष्ट्रीय यात्रा को सुगम तथा सुरक्षित बनाना है। एफटीआई-टीटीपी को एक ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से लागू किया जाएगा और अप्रवासन ब्यूरो, इस कार्यक्रम के तहत यात्रियों की विभिन्न श्रेणियों की फास्ट ट्रैक अप्रवासन के लिए नोडल एजेंसी होगा। इस योजना में नामांकन के लिए आवेदक को अपने विवरण और आवश्यक दस्तावेजों के साथ पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण कराना होगा। आवश्यक जांच के बाद, विश्वसनीय यात्रियों की एक व्हाइट सूची बनाई जाएगी और उसे ई-गेट्स के माध्यम से लागू करने के लिए फीड किया जाएगा। ई-गेट्स से गुज़रने वाले 'ट्रस्टेड ट्रैवलर' का बायोमेट्रिक्स एफआरआरओ कार्यालय या पंजीकृत यात्री के हवाई अड्डे से गुजरने के वक्त लिया जाएगा। टीटीपी पंजीकरण पासपोर्ट की वैधता या 05 वर्ष तक जो भी पहले हो, तक वैध होगा और उसके बाद इसका नवीनीकरण किया जाएगा। प्रक्रिया के तहत, जैसे ही पंजीकृत यात्री ई-गेट्स पर पहुंचेंगे, उनकी उड़ान की डिटेल्स प्राप्त करने के लिए ई-गेट्स पर एयरलाइंस द्वारा जारी किए गए अपने बोर्डिंग पास को स्कैन करेगा। ई-गेट्स पर पासपोर्ट को स्कैन और यात्री के बायोमेट्रिक का प्रमाणीकरण भी किया जाएगा। एक बार जब यात्री की वास्तविक पहचान स्थापित हो जाएगी और बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण हो जाएगा, तो ई-गेट अपने आप खुल जाएगा और आव्रजन मंजूरी दिया गया माना जाएगा।